


"समय दिखाई नहीं देता पर बहुत कुछ दिया जाता है।"

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



मूर्ख व्यक्ति को अपने में दोष दिखाई नहं देते हैं, पर उसे दूसरों में दोष ही दोष दिखाई देते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष: सप्तमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 78 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


हरियाणा विधानसभा में भिड़े अनिल विज और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा

# हुड्डा बोले- विज को बोलने नहीं देंगे, अनिल विज का जवाब-पांच साल तक जान खाऊंगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के 9वें दिन की कार्यवाही में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और अनिल विज भिड़ गए। हुड्डा ने विज को कहा कि ऐसा चला तो वह अनिल विज को बोलने नहीं देंगे। इस पर विज ने कहा कि मैं बोलूंगा और जान भी खाऊंगा। दरअसल, भूपेंद्र हुड्डा बजट पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। हुड्डा ने कहा कि सरकार कर्ज ले रही है लेकिन काम कुछ नहीं कर रही। हुड्डा ने कहा कि कर्ज लिए जाओ, और घी पियो, मरने के बाद कोई नहीं पूछता, कर्जे में डुबाए जाओ।

इस पर विज नाराज होते हुए खड़े होकर बोले कि बात तो कोई भी कर सकता है। हुड्डा साहब बार-बार खर्चे और कर्जे की बात कर रहे हैं। आप ही बता दो किस सर्विस में खर्चा कम किया जाए। हम किसमें कम करें, आप बताओ। ऐसा है कि खाली विषय उठाने से बात नहीं होती है। इस पर हुड्डा ने कहा कि अब आप बैठ जाओ। अनिल विज मेरे मित्र हैं। अगर ऐसे ही रहा तो हम इनको हाउस में कभी बोलने नहीं देंगे। इस पर अनिल विज ने कहा कि जब ये मुख्यमंत्री थे तो ये हमें बोलने नहीं देते थे, हमे एक एक शब्द बोलने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। अब मैं पांच साल बोलूंगा और तुम्हारी जान खाऊंगा। इस दौरान हुड्डा ने अपने भाषण के दौरान कर्ज को लेकर सरकार पर अभद्र टिप्पणी की। इस पर सदन में मंत्री कृष्ण बेदी ने आपत्ति जताई। इस पर पूर्व सीएम ने कहा कि ये तो मुहावरा है।

(संबंधित खबर पेज 5 व 12 पर)





**लाडो लक्ष्मी योजना पर हुड्डा ने उठाए सवाल**

हुड्डा ने लाडो लक्ष्मी योजना पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि सिर्फ 5 हजार करोड़ का बजट आवंटित किया है। प्रदेश में 82 लाख के करीब महिलाएं हैं, जिनकी उम्र 18 से 60 साल के बीच हैं। मगर, सरकार के बजट के हिसाब से सिर्फ 25 फीसदी महिलाओं को ही इस योजना का लाभ मिलेगा। बाकी 75 फीसदी महिलाओं को सरकार ने योजना से बाहर कर दिया है।

## जनता ने चुनाव में कांग्रेस के आगे लगाया फुल स्टॉप: सीएम सैनी




चंडीगढ़ 20 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वे आगामी 27 तारीख को सदन के पटल पर बजट पर अपनी रिप्लाई देंगे और विपक्ष द्वारा बजट को लेकर पूछे गए एक-एक प्रश्न का जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य उस दिन सदन में बैठकर उनका वक्तव्य अवश्य सुने। मुख्यमंत्री आज बजट सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा वित्त वर्ष 2025 -26 के लिए पेश किये गए बजट को लेकर सदन को गुमराह करने का प्रयास अशोभनीय है। प्रदेश सरकार द्वारा बकाया ऋण आज भी निर्धारित सीमा के 6.67 प्रतिशत है और यह प्रतिशतता वर्ष 2014-15 में भी 6.67 थी। कांग्रेस द्वारा सदन में नॉन स्टॉप सरकार को फुल स्टॉप कहने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने निकाय चुनाव में कांग्रेस के आगे फुल स्टॉप लगा दिया है । उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन गुना गति से विकास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश गति से आगे बढ़ा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लड़कियों के लिए 20 किलोमीटर की दूरी पर कॉलेज स्थापित किया गया है, वर्तमान अस्पतालों की क्षमता डबल की गई है। इसके अतिरिक्त, हर घर में नल और स्वच्छ जल का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में दो-दो किलोमीटर तक महिलाएं सिर पर पानी लेकर आती थी। डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प लिया और इससे महिलाओं को निजात दिलाई। आज प्रदेश में हर घर में नल से स्वच्छ जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने के संकल्प के तहत वर्तमान में लगभग 5600 गांव में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है हरियाणा इसमें पीछे नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री के संकल्प को कंधे से कंधा मिलाकर पूरा करेगा। पंजाब में शंभू और खन्नौरी बॉर्डर खुलने के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के किसान वहां बैठे थे। केंद्र भी किसानों के साथ उनकी मांगों पर निरंतर वार्ता कर रहा है और इसके लिए आगे भी समय दिया है। लोग भी परेशान नहीं होने चाहिए।

पंजाब कैबिनेट का फैसला

# 26 को विधानसभा में पेश होगा बजट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में वीरवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने ने विधानसभा के आगामी बजट सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के बजट अनुमानों को पेश करने की मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि 26 मार्च को वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा सदन में बजट पेश करेंगे। मंत्रिमंडल ने वर्ष 2023-24 के लिए कंपट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट को भी सदन में पेश करने की मंजूरी दे दी है।

## आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निजी स्कूलों में मिलेगा 25 प्रतिशत आरक्षण



**बजट सत्र में हंगामा होने की उम्मीद**

पंजाब सरकार की कैबिनेट बैठक को आज शाम 7.30 बजे सीएम भगवंत सिंह मान के निवास पर ही बुलाया गया था। गौरतलब है कि कल, शुक्रवार से बजट सत्र की शुरुआत हो रही है। किसान आंदोलन पर पंजाब सरकार के एक्शन के बाद हस बजट सत्र में हंगामा होने की उम्मीद है।

कैबिनेट ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, मंत्रिमंडल ने पंजाब राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन रूल्स-2011 की धारा 7 (01) को हटाने के लिए पंजाब राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन रूल्स-2011 में संशोधन को भी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र निजी स्कूलों में दाखिला ले सकेंगे। यह ऐतिहासिक पहल राज्य में शिक्षा क्रांति के नए युग की शुरुआत करेगी और अब निजी स्कूलों में भी गरीबों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वार खुलेंगे, जबकि सरकारी स्कूलों में पहले से ही यह शिक्षा दी जा रही है।

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम यह निर्धारित करता है कि सभी निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें ई.डब्ल्यू.एस. के छात्रों के लिए आरक्षित होंगी। हालांकि, पिछली सरकारों द्वारा बनाए गए नियमों में इस व्यवस्था ने छात्रों को सीधे तौर पर यह सुविधा प्राप्त करने से रोक दिया था, लेकिन पंजाब सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय अब कमजोर और पिछड़े वर्गों के छात्रों पर लगी सभी पाबंदियों को हटा देगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी पहुंच में होगी।






# शंभू बॉर्डर 13 महीने बाद खुला, हाईवे पर आवाजाही शुरू

खनौरी बॉर्डर से भी बैरिकेडिंग हटी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला/अंबाला।** हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर वीरवार को 13 महीने बाद पूरा खुल गया है। यहां अंबाला से पटियाला आने-जाने की दोनों लेन पर ट्रैफिक चालू हो गया है। इससे पंजाब से हरियाणा और दिल्ली आने-जाने वालों को लंबे समय बाद राहत मिल गई है। वहीं दिल्ली-पटियाला हाईवे पर बने खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अपने क्षेत्र की दोनों लेन खोल दी हैं। वहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा ली गई है। हालांकि पंजाब की तरफ अभी किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हैं, जिस वजह से अभी सिर्फ टू-व्हीलर की ही आवाजाही शुरू हो पाई है।



**डल्लेवाल जालंधर कैंट के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट**

पुलिस ने गुरुवार सुबह किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। बुधवार दोपहर हिरासत में लेने के बाद पहले उन्हें जालंधर सिटी के पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया था।

गौरतलब है कि की रात को पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इसको लेकर पंजाब के सभी जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों के हाईवे जाम करने की कोशिश में 5 जिलों, बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। उधर, हरियाणा के किसानों ने ष्टरू नायब सैनी को मांगें मानने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़, 30 नक्सली ढेर

**जगदलपुर (अप्रस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। गौरतलब है कि पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है।

### तीसरी आंख




मुलाकात — हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की निर्मला सीतारमण से भेंट

# दो प्रतिशत लोन लिमिट, रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बढ़ाने का किया आग्रह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीरवार को दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस दौरान हिमाचल की वित्तीय स्थिति से जुड़े कई मसले केंद्रीय मंत्री के सामने उठाए। सीएम ने दो प्रतिशत अतिरिक्त कर्ज लेने की इजाजत, केंद्रीय परियोजनाओं की फंडिंग को लगाई कैपिंग हटाने और रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को बढ़ाने का आग्रह किया।



दरअसल, केंद्र ने मई 2023 में हिमाचल की लोन लेने की सीमा को सकल घरेलू उत्पाद का 5 फीसदी से घटाकर 3 प्रतिशत किया है। इससे आर्थिक संकट झेल रही प्रदेश सरकार की मुश्किलें और बढ़ी है। पूर्व की भाजपा सरकार के समय 5 प्रतिशत की छूट के कारण एक साल में लगभग 1400 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। केंद्र द्वारा इसे 3 फीसदी करने से हिमाचल अब लगभग 6000 करोड़ रुपए कम कर्ज ले पा रहा है। लिहाजा मुख्यमंत्री ने इसमें 2 प्रतिशत का इजाफा करने का आग्रह केंद्रीय वित्त मंत्री से किया है।

**आरडीजी भी एक तिहाई कम:** सीएम सुक्खू ने निर्मला सीतारमण से आरडीजी को भी बढ़ाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि साल 2022-23 में हिमाचल को 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की आरडीजी मिल रही थी। 2025-26 में यह एक तिहाई घटकर 3257 करोड़ रुपए रह जाएगी। सीएम ने वित्त मंत्री से इसे बढ़ाने का आग्रह किया।

**केंद्रीय योजनाओं पर लगी कैपिंग हटाने की मांग**

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय परियोजनाओं के बजट पर लगाई गई कैपिंग को भी हटाने का मुद्दा वित्त मंत्री के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि कैपिंग की वजह से हिमाचल की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कई परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने हिमाचल द्वारा प्रस्तुत पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास प्रस्ताव को विश्व बैंक से बहुपक्षीय वित्त पोषण के लिए नई विंडो के तहत वित्त पोषण पर विचार करने का अनुरोध किया, जो मंत्रालय द्वारा तय सीमा से अधिक है। सीएम ने कहा कि, जून 2022 से जीएसटी कॉम्पेनसेशन भी बंद पड़ा है। एनपीएस के बदले मिलने वाला लोन भी नहीं मिल रहा। इसे देखते हुए रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बढ़ाने और कर्ज लेने की सीमा 2 फीसदी बढ़ाने की मांग को जल्द पूरा किया जाए।





आज ही एपीवाई से जुड़ें और आजीवन गारंटीड पेंशन सहित दो अन्य लाभ भी उठाएं

1. 1000/- या 2000/- या 3000/- या 4000/- अथवा 5000/- रुपये प्रति माह तक आजीवन पेंशन की गारंटी
2. अभिदाता की मृत्यु के बाद पति या पत्नी को आजीवन समान पेंशन
3. पति/पत्नी की मृत्यु के पश्चात नामिति को 60 वर्ष की आयु तक संचित पेंशन राशि की वापसी

अगर आपकी उम्र 18 से 40 साल के बीच है तो आप अटल पेंशन योजना से जुड़ सकते हैं।

| आज ही जुड़ें, भुगतान कम करें | आयु | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 1000 | 42 प्रति माह | 5000 | 210 प्रति माह |
| | 40 | 1000 | 291 प्रति माह | 5000 | 1454 प्रति माह |

CBC 15113/15/0004/2425

आज ही अपने नजदीकी डाकघर/बैंक में संपर्क करें या 1800 110 069 पर कॉल करें या www.pfrda.org.in पर जाएं।

# पंजाब में नशा को खत्म करने की कुंजी है रोजगार : चीमा

## कहा – नशे के खतरे कम करने और रोजगार पैदा करने के लिए मजबूत औद्योगिक विकास जरूरी

शंभू और खनौरी बॉर्डर पर लंबे समय तक सड़क बंद रहने से पंजाब का उद्योग हुआ ठप

चीमा ने प्रदर्शनकारियों से पंजाब के व्यापार मार्गों को बाधित करने से बचने और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्र सरकार का विरोध करने की अपील की

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य से नशीली दवाओं के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए अभियान 'युद्ध नशयां विरुद्ध' पर प्रकाश डाला। इस मुद्दे पर बोलते हुए चीमा ने प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने और ड्रग डीलरों से जुड़ी संपत्तियों को ध्वस्त करने सहित अन्य कार्रवाई करने में पंजाब पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

चीमा ने कहा, 'ड्रग्स के खिलाफ युद्ध केवल ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए नहीं है। हमें अपने युवाओं को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो नशे की लत में फंस गए हैं। उन्हें ड्रग्स से दूर रखने के लिए रोजगार सबसे प्रभावी तरीका है। जब हमारे युवाओं के पास स्थिर नौकरियां होंगी, तो वे ड्रग्स की ओर रुख नहीं करेंगे। यही इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान है।

मंत्री ने बताया कि रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए पंजाब में मजबूत औद्योगिक विकास की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण शंभू और खनौरी जैसी प्रमुख सीमाओं पर लंबे समय तक सड़क बंद रहने के प्रतिकूल प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'ये राजमार्ग व्यापार और उद्योग के लिए पंजाब की जीवन रेखाएं हैं, जो राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता हैं। एक साल से अधिक समय तक बंद रहने से पंजाब की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है और औद्योगिक विकास बाधित हुआ है।'

चीमा ने किसानों और प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे पंजाब के बुनियादी ढांचे को बाधित करने के बजाय केंद्र सरकार के खिलाफ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी किसानों का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और लगातार उनके साथ खड़ी रही है। हाल के विधानसभा सत्र के दौरान हमने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। इसलिए हम अपने किसान भाइयों से अनुरोध करते हैं कि वे राजमार्गों को अवरुद्ध न करें, क्योंकि यह पंजाब के व्यापार और उद्योग को नुकसान पहुंचाता है।' मंत्री ने पंजाब की गिरती आर्थिक स्थिति की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, ÷यह औद्योगिक परियोजनाओं के राज्य से दूर जाने का प्रत्यक्ष परिणाम है। हमारी सरकार उद्योगों को लाकर, नौकरियां पैदा करने और पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

### धरनों के कारण पंजाब पिछड़ गया, युवाओं को नशे से बचाने के लिए रोजगार ही एकमात्र प्रभावी उपायः बलतेज पन्नू



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि इस समय पंजाब नशे के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ रहा है। यह लड़ाई आपके सहयोग के बिना संभव नहीं है। नशे के खिलाफ यह युद्ध केवल कुछ लोगों को पकड़ने या नशा तस्करों पर कार्रवाई करने से खत्म नहीं होगा। इसके लिए और भी कदम उठाने की जरूरत है। आप नेता ने कहा कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाइयां लोगों में विश्वास जरूर पैदा कर रही हैं, पिछले एक महीने में आपने देखा कि पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अलग-अलग क्षेत्रों में बहादुरी और समझदारी से कार्रवाई की है। लेकिन केवल नशा बेचने वालों को पकड़ने से यह समस्या खत्म नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को नशे की लत लग गई है, उन्हें इस दलदल से बाहर निकालना होगा। यह डिमांड और सप्लाई का मामला है और नशे से हटाने के लिए सबसे जरूरी है रोजगार देना। जब युवाओं के हाथों से नशे की सुई छीनकर उनके हाथों में काम और टिफिन देंगे, तो वे जल्दी खुद लत को छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में पूरी कोशिश कर रही है। 50 हजार से ज्यादा नौकरियां बिना सिफारिश और रिश्वत के दी गई हैं। लेकिन इस युग में निजी क्षेत्र की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। पंजाब में पिछले कुछ सालों में औद्योगीकरण और व्यापार में काफी गिरावट आई है। 2003 में पंजाब भारत की जीडीपी में सबसे ज्यादा योगदान करने वाला राज्य था, लेकिन आज 19वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या और बेरोजगारी आपस में जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी नशे की सबसे बड़ी वजह है। हाईवे और सड़कें बंद होने से उद्योग – व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसलिए मेरी किसानों से अपील है कि वे दिल्ली में केंद्र सरकार से के खिलाफ लड़ाई लड़ें क्योंकि पंजाब की सड़कें बंद करने से केंद्र सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन इससे यहां के आर्थिक हालात और खराब हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और पंजाब की जनता किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी, लेकिन इस तरह सड़कों को रोककर लड़ाई नहीं जीती जा सकती।

# किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है पंजाब सरकार : संधवां

लंबे समय तक राजमार्ग बंद रहने से पंजाब के कृषि-आधारित व्यापार और उद्योग दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने किसानों के हितों के प्रति पंजाब सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि आप सरकार हमेशा किसानों मांगों के साथ खड़ी रही रही है और आगे भी रहेगी। हालिया चिंताओं को संबोधित करते हुए, संधवां ने स्पष्ट किया कि किसानों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। संधवां ने कहा कि पंजाब सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसी नीतियों के लिए किसानों की उचित मांगों का लगातार समर्थन किया है। उन्होंने किसानों से अपना विरोध केंद्र सरकार की ओर केन्द्रित करने का आग्रह किया और कहा कि केंद्र की नीतियां पंजाब के कृषि क्षेत्र के लिए बहुत हानिकारक है। संधवां ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर लंबे समय तक सड़क बंद रहने के प्रतिकूल प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिससे पंजाब में व्यापार मार्गों और औद्योगिक विकास में काफी बाधा आई है। राज्य की आर्थिक जीवनरेखा को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों का आंदोलन महत्वपूर्ण है, लेकिन पंजाब के व्यापार मार्गों को बाधित करने से राज्य की अर्थव्यवस्था और आजीविका को अप्रत्याशित नुकसान हुआ है।

# जब किसानों पर गोलियां व आंसू गैस चल रहे थे तब कांग्रेस नेता कहां थे, अब मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं: डॉ बलबीर सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** आप के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज प्रदर्शनकारी किसानों से अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने और अपने विरोध प्रदर्शन को उन जगहों पर स्थानांतरित करने की अपील की, जहां से केंद्र सरकार पर इसका असर पड़े। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जारी हाईवे बंद होने से पंजाब की अर्थव्यवस्था और उद्योगों को भारी नुकसान हो रहा है, जबकि किसानों की चिंताओं को दूर करने के लिए जिम्मेदार भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

अपने एक्स अकाउंट पर आप नेता ने कहा, ÷हम भी किसान के बेटे हैं। हमारी पार्टी और नेता हमेशा किसानों के साथ खड़े रहे हैं। हमने केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी, किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। पंजाब और पंजाबियों के हितों को नुकसान पहुंचाना कभी भी किसानों के विरोध का मकसद नहीं था। यही कारण है कि सड़क अवरोध हटाए गए हैं। हम केंद्र सरकार से न्याय पाने के लिए किसानों का समर्थन करेंगे। हमें पंजाब की अर्थव्यवस्था को बचाना और पुनर्जीवित करना है। उन्होंने कहा कि यदि सब कुछ अवरुद्ध होगा है तो निवेश कौन करेगा! उन्होंने कहा कि विपक्षी दल खासकर कांग्रेस इस मामले पर घड़ियाली आंसू बहा रही है। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. बलबीर ने कहा कि मौजूदा समय में हाईवे बंद होने के कारण उद्योग पंजाब छोड़ रहे हैं जिससे राज्य को राजस्व की बहुत हानि हो रही है।

### पंजाब की सरकार किसानों के साथ, लेकिन वह पंजाब के उद्योगपतियों और युवाओं के भी साथः धालीवाल



**चंडीगढ़।** पंजाब के एनआरआई मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज एक कड़ा बयान जारी कर किसानों का समर्थन करने में कांग्रेस नेताओं के कथित पाखंड की निंदा की। धालीवाल ने पंजाब में आप सरकार के खिलाफ लोकसभा में विरोध प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस सांसदों की आलोचना की, जबकि सत्ता में रहने के दौरान वे किसानों के लिए खड़े होने में विफल रहे।मंत्री धालीवाल ने टेलीविजन पर कांग्रेस नेताओं को तख्तियां पकड़े और किसानों का समर्थन करने का दावा करते हुए देखने के बाद अपनी निराशा व्यक्त की। धालीवाल ने कहा, 'पंजाब के पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद, अब कांग्रेस नेताओं को किसानों के समर्थक के रूप में पेश आते देखना दुखद है। पंजाब का आर्थिक संघर्ष और अनुचित विभाजन कांग्रेस की दोषपूर्ण नीतियों का परिणाम है।' मंत्री ने कांग्रेस सांसदों के ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाए और महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी निष्क्रियता को उजागर किया। धालीवाल ने पूछा, 'इन कांग्रेस सांसदों ने पंजाब के किसानों के लिए संसद में कभी आवाज़ नहीं उठाई।

### किसानों की लड़ाई केंद्र से है, लेकिन सड़कें पंजाब की बंद है, इससे पंजाब का विकास रुक रहाः भुल्लर



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के नेता और कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने किसानों के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया और कहा कि ये सभी मांगें केंद्र से जुड़ी हुई हैं, इसलिए हमें मिलकर केंद्र सरकार तक अपनी आवाज पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की लड़ाई केंद्र से है, लेकिन सड़कें पंजाब की बंद है। इससे पंजाब का विकास रुक रहा है और आर्थिक दिक्कतें उत्पन्न हो रही है। लालजीत भुल्लर ने कहा कि पंजाब के हाईवे और सड़कों को रोकना इसका समाधान नहीं है। हमारे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी बातचीत करने और समाधान निकालने के लिए प्रयास किया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए इससे हमारे विरोधी मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब के लोगों, व्यापारियों और किसानों का हमेशा साथ दिया है। मैं खुद एक किसान हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम आपके हर फैसले के साथ है। मेरी सभी किसान जत्थेबंदियों से हाथ जोड़कर विनती है कि हम सब एक मंच पर इकट्ठे हों। यह लड़ाई सिर्फ आपकी नहीं है। यह पंजाब और पंजाबी अस्मिता की लड़ाई है। मैं फिर से विनती करता हूं कि पहले की तरह सभी किसान जत्थेबंदियां एक मंच पर आएं और एकजुट होकर केंद्र सरकार तक अपनी आवाज़ पहुंचाएं। जैसा कि 2020 में हमने किया था। उस समय हमने मिलकर केंद्र सरकार से काले कानून रद्द करवाए थे।

### बॉर्डर बंद होने से केंद्र सरकार को कोई फ़र्क नहीं पड़ने वाला, इसका सीधा नुकसान पंजाब कोः मीत हेयर



**चंडीगढ़।** 'आप' सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि हमने हमेशा किसानों का समर्थन किया है और आगे भी करेंगे। लेकिन आज बॉर्डर बंद होने के कारण ऐसा माहौल बना हुआ है कि जो इंडस्ट्री यहां थी, वह भी पंजाब से जा रही है। इसलिए किसानों से निवेदन किया था कि आप एक तरफ का बॉर्डर खोल दें क्योंकि इससे दिल्ली में बैठी भाजपा सरकार को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। जबकि इससे सीधा नुकसान पंजाब को हो रहा है और पंजाब सरकार का भी सैकड़ों करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है और इंडस्ट्री भी पंजाब से जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले बेरोजगारी के कारण नौजवान नशों में फंस गए थे। पिछले 20-22 सालों में पंजाब में बेरोज़गारी बहुत बढ़ गई थी। सरकारी नौकरियां भी कम निकाली गई। इसके चलते उनकी ऊर्जा सही दिशा में नहीं लग पाई और वे नशों की ओर चले गए। मीत हेयर ने कहा कि आज पंजाब सरकार लगातार नशे के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। जो ड्रग तस्कर थे, वे आज या तो जेल में हैं या पंजाब छोड़कर भाग रहे हैं और जो नौजवान नशे के जाल में फंस चुके थे, उन्हें इससे बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने इंडस्ट्री ने की ओर ध्यान नहीं दिया। उनके नेता व्यापार में हिस्से की मांग करते थे। इसलिए उद्योग व्यापार राज्य से बाहर चले गए।

### मंत्री सोंध ने किसानों से रचनात्मक विरोध की अपील की, सड़क जाम न करने का किया आग्रह



**चंडीगढ़।** हाल के घटनाक्रमों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंध ने किसानों के कल्याण के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब के राजमार्गों से अवरोधों को बिना किसी टकराव के और अत्यंत विनम्रता व सम्मान के साथ हटाया गया है। मंत्री सोंध ने कहा, हमारी सरकार अपने किसानों के बलिदान का सम्मान करती है और हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। राजमार्गों को केवल आम लोगों द्वारा सामना की जाने वाली भारी कठिनाइयों को कम करने के लिए साफ किया गया था, जिसमें एम्बुलेंस में देरी, फंसे हुए छात्र और एनआरआई एवं पंजाब की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग बाधित होना शामिल है।' तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ ऐतिहासिक किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए, सोंध ने आंदोलन के दौरान आप के अटूट समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'जबकि अकाली दल और कांग्रेस जैसी अन्य पार्टियां अनुपस्थित रहीं या केंद्र सरकार का पक्ष लिया, तब आम आदमी पार्टी किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी थी और बुनियादी सुविधाओं से लेकर राजनीतिक समर्थन तक हर संभव सहायता प्रदान की।' उन्होंने आपत्तिजनक भाषा और विषाक्त प्रवचन के उदाहरणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर जनता के व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। ५अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों के लिए जाने जाने वाले राज्य में इस तरह की नकारात्मकता देखना निराशाजनक है। हमें एकजुट होना चाहिए और अपने प्रवचन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।'

# युद्ध नशों विरुद्ध : फाजिल्का में दो व्यक्तियों की संपत्ति पर चला बुलडोजर

फाजिल्का जिले में पिछले 19 दिनों में 111 नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी अरनीवाला (फाजिल्का), 20 मार्च।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ छेड़ी गई निर्णायक लड़ाई के तहत जिले में आज दो नशा तस्करों की संपत्ति पर बुलडोजर चला दिया गया। जब लोगों को मौत बांटने वालों के घर मिट्टी में मिल रहे थे, तो इलाके के लोग सरकार की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए नजर आए।

इस मौके पर इस कार्रवाई की अगुवाई कर रहे एसएसपी स वरिंदर सिंह बराड़ ने बताया कि मंडी अरनीवाला में सिविल प्रशासन की टीम के साथ यह कार्रवाई की गई। यहां रानी और बग्गा नामक दो व्यक्ति नशे का कारोबार कर रहे थे और इनके खिलाफ मामले भी दर्ज थे। इनके द्वारा बनाई गई अवैध इमारतों को आज यहां ध्वस्त कर दिया गया है। रानी के खिलाफ नशा तस्करी के तीन मामले दर्ज थे।

एसएसपी स वरिंदर सिंह बराड़ ने बताया कि ' युद्ध नशों विरुद्ध' अब एक जन आंदोलन बनता जा रहा है और लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोग नशा तस्करों की जानकारी निडर होकर पुलिस को दे रहे हैं और हर सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखते हुए बारीकी से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी करने वालों का अब यही अंजाम होगा।

उन्होंने बताया कि 1 मार्च 2025 से शुरू हुए ' युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत अब तक 19 दिनों में





नशा तस्करी से संबंधित 76 मामले जिले के विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं और 111 दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों से 2.383 किलोग्राम हेरोइन, 5,75,585 प्रेगा कैप्सूल, 23,279 नशीली गोलियां, 7.500 किलोग्राम पोस्त और 52,000 रुपये ड्रग मनी बरामद की गई है। इसके अलावा, आज आरोपियों के मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई से पहले भी जिले में एक अन्य तस्कर के मकान को गिराया गया था।

# फिक्की की कांफ्रेंस में वित्तमंत्री ने बजट में इंडस्टरीज़ के बकाए पैसे रिलीज़ करने का किया ऐलान

इंडस्ट्री एंड कामर्स मंत्री ने मोहाली को आईटी हब के रूप में विकसित करने का किया ऐलान, नई नीति जल्द होगी जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 20 मार्च।** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से चंडीगढ़ में 'कैटालाइजिंग ग्रोथ ऑफ एमएसएमईज़ इन पंजाब थ्रू एमर्जिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस लैंडस्केप' विषय पर आयोजित कांफ्रेंस बुधवार देर शाम तक चली। इस कांफ्रेंस में पंजाब के वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा और पंजाब के इंडस्ट्री एंड कामर्स मंत्री स. तरुणप्रीत सिंह सौंद ने मुख्य मेहमान के रूप में शिरकत की, जबकि स. हरचंद सिंह बरसट चेयरमैन पंजाब मंडी बोर्ड और नील गर्ग, चेयरमैन पंजाब मीडियम इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड ने विशेष रूप से शिरकत की। इसके साथ ही विभिन्न बैंकों, इंश्योरेंस कंपनियों, प्राइवेट कंपनियों, शिक्षण संस्थाओं के अधिकारियों, व्यापारियों सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

इस दौरान वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा ने फिक्की द्वारा इस कांफ्रेंस के आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की कांफ्रेंसों के माध्यम से बहुत अच्छे सुझाव सामने आते हैं, जो बेहद लाभकारी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार द्वारा खर्चों को कम किया गया है और आमदन में वृद्धि की गई है। पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में एमएसएमईज़ का बड़ा योगदान है और पंजाब में एमएसएमईज़ तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि पंजाब में अच्छा माहौल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में विदेश जाने वालों में भारी गिरावट आई है, जिस कारण पहली बार शैक्षिक संस्थाओं में अतिरिक्त सीटें अलाट की हैं। उद्योगपतियों की मांग के संबंध में उन्होंने कहा कि इस बजट सत्र के दौरान अधिक से अधिक सब्सिडी और इंडस्ट्री यूनिट के पेंडिंग बकायों को विभिन्न तरीकों से रिलीज़ किया जाएगा, ताकि राज्य में इंडस्ट्री ओर अधिक विकसित हो सके।

कैबिनेट मंत्री स. तरुणप्रीत सिंह सौंद ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वह निजी स्तर पर फिक्की के साथ बहुत पुराने समय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि मोहाली को आईटी हब के रूप में विकसित करने जा रहे हैं और बड़ी कंपनियों से बातचीत पूरी हो चुकी है। इस अवसर पर दीपक नन्दा मैनेजिंग डायरेक्टर ट्राइडेंट ग्रुप, आर.के. मीना डीजीएम एसएलबीसी पंजाब, गौरव अग्रवाल रिजनल हैड कोटक महिंद्रा बैंक, जसविंदर सिंह डीजीएम पंजाब ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, रामपवन कुमार चेयरमैन सीएमएसएमई फिक्की पंजाब, मनदीप सिंह को-चेयरमैन फिक्की सीएमएसएमई पंजाब, वीरेंद्रपाल सिंह मोंगिया रिजनल हैड एक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक आफ इंडिया, बलबीर सिंह सीजीएम-रिजनल हैड एसआईडीबीआई, डॉ. अंकिता भारद्वाज प्रोग्राम चेयर स्कूल आफ कामर्स एनएमआईएमएस चंडीगढ़, मालविका अंडरराइटर ओरिएंटल इंश्योरेंस लिमिटेड, सुधीर कुमार जैन लेखक/बीमा ब्रोकर सहित स्टेट बैंक आफ इंडिया, आईडीबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी समेत अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला, बठिंडा के विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगपति उपस्थित रहे।

# सब-रजिस्ट्रार की ओर से 5 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में वसीका नवीस गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ रंजना शही



**फतेहगढ़ साहिब, 20 मार्च।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत आज फतेहगढ़ साहिब के वसीका नवीस अनुपम शर्मा को सब-रजिस्ट्रार, बस्सी पठाना की ओर से 5,50,000 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी फतेहगढ़ साहिब जिले के बस्सी पठाना निवासी द्वारा मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर दर्ज करवाई गई ऑनलाइन शिकायत के आधार पर की गई है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जायदाद की रजिस्ट्री करवाने के बदले आरोपी ने तहसील बस्सी पठाना के सब-रजिस्ट्रार की ओर से यह रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने वसीका नवीस और सब-रजिस्ट्रार के साथ हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया था। जांच के दौरान विजीलेंस ब्यूरो ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को सही पाया, जिसके चलते आरोपी वसीका नवीस को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजीलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला रेंज में भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उसे कल अदालत में पेश किया जाएगा।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि आगे की जांच के दौरान संबंधित राजस्व अधिकारी (सब-रजिस्ट्रार) की भूमिका की भी जांच की जाएगी।


bw Adwlq sb rijstrwr, pTwnkt[
ivSw : Ax rijstrf vslAq U/S 40 of Registration Act 1908 qihq rijstrf krn bwr[
sl lKivdr isG pqr s: isgwrw isG vwsl Blwdpr qihsll q ijlw pTwnkt n iek Ax rijstrf vslAq imql 20.09.2024 ƒ ies d&qr ivc rijstrf krn lel pS klql[ vslAqkrqw sl sirdr isG pqr s: isgwrw isG pqr Awqmw isG vwsl ipf Blwdpr qihsll pTwnkt n Ax rijstrf vslAq Awpx pqr rvnr isG pqr sirdr isG vwsl ipf Blwdpr d hk ivc imql 20.09.2024 ƒ klql sl[ Ax rijstrf vslAq sl lKivdr isG pqr s: isgwrw isG v-ll brwe qsdlk jrDwrw 40 of Registration Act 1908 pS klql gel h[ ies lel AKbwr rwhl bjrlAw ieSiqhwr hr Awm Aq Kws ƒ sicq klqw jwdw h ik Agr iks ivAkql ƒ akq Ax rijstrf vslAq rijstrf hx ivc kel ajr hv qw ah ies nits d AKbwr ivc pkwSn hx d iek mwh d Adr Aswlqn jw vkwlqn inmn hsqwKrl d dPqr ivc hwjr h k Awpx ajr pS kr skdw h[ bwAd imAwd gjrn hsb jwbqw kwrvwel bwbq rijstrf krk vslAq Aml ivc ilAwdl jwvgl[ ieh ieSiqhwr A-j imql 18/03/2025 ƒ mr hsqwKrw Aq mhr nwl jwrl hieAw h[
imql: 18/03/2025
No. 267/RC/ Dated 20/3/2025
sb/rijstrwr, pTwnkt[
AP-10584

grtr mhwll erlAw ivkws AQwirtl pfw Bvn, sktr 62, As.e.As. ngr jnqk scnw
isgl ivf n: 436300 rwhl plwt n: 167, Sector-5, Eco City-1, swelj-314.58 v gj, As.e.As. ngr d 50% ihs d Alwtl Kamaljit Singh Madra S/o Dhanna Singh, R/o 4023, Sector 68, SAS Nagar, Pb. n Dhanna Singh S/o Piara Singh, R/o 4023, Sector 68, SAS Nagar, Pb. n Awpxw jlple inXkq klqw h, j ik vslkw n: 2014-15/4/355 imql 25.11.2014 n dPqr sb rijstrwr, mhwll ivK rijstrf hel h[ pS klql h[
ies jl.pl.e. d ADwr q Dhanna Singh S/o Piara Singh, R/o 4023, Sector 68, SAS Nagar, Pb. vll akq plwt ƒ Mandip Kaur D/o Dhanna Singh, W/o Amanpreet Singh Grewal R/o House No. 683, Block I, BRS Nagar Ludhiana d nwm vcx/trwsPr dl AwigAw dx lel dsqwvj pql bnql isgl ivf n: 436300 n idql h[ hx ieh ks sprft, gmwfw, mhwll d dPqr ivc ivcwr ADln h[ ies lel plwt n: 167, Sector-5, Eco City-1, swelj-314.58 v gj, As.e.As. ngr ƒ vcx/trwsPr dl AwigAw dx qw pihlw sicq klqw jwdw h ik ies bwr iks n kel ieqrwj hv qw ies ivigAwpn dl imql qw 15 idnw d Adr-Adr Awpxw ieqrwj sprft gmwfw mhwll pws ilKql rp ivc d skdw h[ inSicq imql Aq smw qw bwAd pwpq he ieqrwjw q kel ivcwr nhlw klqw jwvgw akq rijstr hel jl pl e d AwDwr q plwt n : 167, Sector-5, Eco City-1, swelj-314.58 v gj, As.e.As. ngr vcx/trwsPr dl AwigAw akq ibnkwr d nw q jwrl kr idql jwvgl[
sprft
imlK dPqr
gmwfw, As.e.As. ngr
AP-10594

grtr lIDAwxw erlAw ivkws AQwirtl, glwfw kplks, rwjgr ngr, iPrzpr rf, lIDAwxw jnqk scnw
mkwn n: 3145, sktr-38, cflgV rf lIDAwxw dl mlklql qbdll Sh. Radha Krishan Gandhi S/o Sh. Jhangi Ram & Smt. Sushil Gandhi W/o Sh. Radha Krishan Gandhi R/o House No. 108, Kidwai Nagar Ludhiana d nwm q ies dPqr d pqr n: 24030 imql 06.11.1996 rwhl klql gel h)[ Sh. Radha Krishan Gandhi S/o Sh. Jhangi Ram & Smt. Sushil Gandhi W/o Sh. Radha Krishan Gandhi dl mq imql 16.01.2016 Aq imql 17.04.2014 n h ckl h[ akq plwt dl mlklql Awpx nwm q qbdll krvwax lel Sh. Gurcharan Gandhi S/o Sh. Sh. Radha Krishan Gandhi Aq Smt. Sunita Nagpal W/o Sh. Anil Nagpal vwsl House No. 655, Sector 33, Chandigarh Road Ludhiana vll Sl dljlq isG grvwl Blw, Am.Al.e. (prbl) lIDAwxw vll jwrl krslnwmw Aq hr sbDq dsqwvj pS klq ge hn j ik ies dPqr ivK ivcwr ADln h[ Sl dljlq isG grvwr Blw, Am.Al.e. (prbl) lIDAwxw vll Sh. Radha Krishan Gandhi S/o Sh. Jhangi Ram & Smt. Sushil Gandhi W/o Sh. Radha Krishan Gandhi d hT ilK vwrs qsdlk klq ge hn:-
1. Sh. Gurcharan Gandhi Son
2. Smt. Sunita Nagpal Daughter
akq mlklql qbdll jwrl krn qw pihlw pbilk qw ieqrwj mgx lel jnqk scnw rwhl Awm pbill n sicq klqw jwdw h ik jkr iks ivAkql n ies mlklql qbdll sbDl kel ieqrwj hv qw ah Awpxw ieqrwj 15 idnw d Adr-Adr ilKql qr q ies dPqr ivK pS kr skdw h[ ies inSicq imql qw bwAd pwpq ieqrwj q kel kwrvwel nhlw klql jwvgl Aq plwt dl mlklql vwrsw d nwm q jwrl kr idql jwvgl[
imlK APsr
glwfw lIDAwxw
AP-10593

grtr mhwll erlAw ifvlpmlt AQwirtl, pfw Bvn, As e As ngr jnqk scnw
mkwn n: Ac Awel jl 774-e, sktr-63, As.e.As. ngr d Alwtl Jagjeet Kaur S/o Kuljeet Singh dl mq imql 23.09.2020 ƒ h gel h[ Kamalpreet Singh, Municipal Councilor of ward No. 14, SAS Nagar vll idql sv-GSnw Answr imqk Alwtl d vwrs hT ilK Answr qsdlk klq ge hn:-
1. Balwinder Singh Son
2. Karanveer Singh Son
akq vwrsw vll mkwn n: Ac Awel jl 774-e, sktr-63, As.e.As. ngr dl mlklAq Awpx nwm qbdll krn lel dsqwvj ies dPqr ƒ pS klq ge hn Aq ieh ks imlK APsr (h), gmwfw, As e As ngr d dPqr ivc ivcwr ADln h[ ies lel mlklAq qbdll krn qw pihlw sB Awm Aq Kws ƒ sicq klqw jwdw h ik imqk Alwtl d kwnnl vwrsw sbDl iks ƒ kel ieqrwj hv qw ah ies ivigAwpn dl imql qw 15 idnw d Adr-Adr Awpxw ieqrwj Astt APsr, gmwfw mhwll pws ilKql rp ivc d skdw h[ insicq imql Aq smw qw bwAd pwpq ieqrwj q kel ivcwr nhlw klqw jwv mkwn n: Ac Awel jl 774-e, sktr-63, As.e.As. ngr dl mlklAq Kamalpreet Singh, Municipal Councilor of ward No. 14, SAS Nagar vll idql sv-GSnw Answr akq vwrsw d nwm qbdll kr idql jwvgl[
imlK APsr (h)
gmwfw, mhwll
AP-10585




▲ अधिकतम 31 डिग्री से.
डिग्री से. 13 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.26 बजे
सूर्यास्त 6.35 बजे

सोना 24 कैरेट : 90,810.00
सेंसेक्स : 76,348.06
अमेरिका : 86.30
कैनेडियन : 60.11
आस्ट्रेलिया : 54.26

# सीएचबी की सेक्टर 53 आवास परियोजना हो सकती है लेट

## ईडब्लयूएस श्रेणी के तहत फ्लैटों की संख्या कम करने के लिये इंजीनियरिंग विभाग को लिखा पत्र

पूरे ले-आउट प्लान को फ्लैटों की संख्या बदलने से चेंज करना पड़ेगा

दोबारा योजना के लिये किये गये सर्वे नमें 7468 आवेदकों ने रुचि दिखाई, अधिक रेटों के चलते पहले रद्द कर दी गई थी योजना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) को अपने सेक्टर 53 आवास योजना के लिए आशाजनक प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय चगती ने अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के तहत फ्लैटों की संख्या कम करने के लिए इंजीनियरिंग विभाग को पत्र लिखा है। इस वजह से स्कीम के पूरे ले-आउट प्लान को चेंज करना पड़ेगा। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की आवास योजना के शुभारंभ में अब सात से आठ महीने की देरी हो सकती है। यूटी के मुख्य सचिव राजीव वर्मा जो चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं के निर्देश पर मांग सर्वेक्षण किया गया था। बोर्ड अधिकारियों ने 17 जनवरी को योजना के पुनरुद्धार के लिए एक प्रस्तुति दी थी।

22 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च को समाप्त हुए 10 दिवसीय मांग सर्वेक्षण के दौरान, तीन श्रेणियों में 372 फ्लैटों के लिए कुल 7,468 आवेदन प्राप्त हुए। तीन बेडरूम वाले एचआईजी यूनिट के लिए 192 फ्लैटों के लिए 5,081 आवेदन जमा हुए, जबकि दो बेडरूम वाले एमआईजी यूनिट के 100 फ्लैटों के लिए 1,269 आवेदन प्राप्त हुए। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 80 फ्लैटों के लिए 1,118 आवेदन आए। सीएचबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आवास योजना के लॉन्च में अब सात से आठ महीने की देरी होगी। उन्होंने कहा, अगर हम ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की संख्या कम करते हैं, तो हमें पूरे लेआउट प्लान को संशोधित करना होगा। साथ ही, हमें आरईआरए और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मंजूरी लेनी होगी। सर्वेक्षण यह आंकलन करने के लिए किया गया था कि क्या योजना को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त रुचि है। वर्ष 2018 में पहली बार योजना शुरू होने पर 492 फ्लैटों के लिए केवल 178 आवेदन मिले थे। स्कीम को ठंडा रिस्पांस देखते हुए यह आगे नहीं बढ़ पाई थी। मुख्य रूप से ऊंची कीमतों के कारण और कम रिस्पांस के चलते अंततः योजना को बंद कर दिया गया था। इस बार के सर्वेक्षण में 7,468 आवेदकों ने अपनी रुचि की पुष्टि करते हुए एचआईजी और एमआईजी इकाइयों के लिए 10,000 और ईडब्लयूएस इकाई के लिए 5,000 का शुल्क जमा किया है, जिसे योजना शुरू होने पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) में समायोजित कर लिया जाएगा। यदि आवेदक योजना के लॉन्च होने के बाद आगे भाग नहीं लेने का फैसला करता है, तो उसकी पूरी राशि जब्त कर ली जाएगी।

बोर्ड अधिकारियों द्वारा 17 जनवरी को योजना के पुनरुद्धार के लिए एक प्रस्तुति देने के बाद यूटी के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, जो सीएचबी के अध्यक्ष भी हैं, के निर्देश पर मांग सर्वेक्षण किया गया था। बोर्ड ने आखिरी बार 2018 में ही इसी तरह का सर्वेक्षण किया था, इसलिए उन्हें नए सिरे से सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया था। खराब प्रतिक्रिया के कारण योजना को पहले ही रद्द कर दिया गया था। योजना को पहली बार 2018 में पेश किया गया था, जिसमें तीन बेडरूम वाले फ्लैट की कीमत 1.8 करोड़, दो बेडरूम वाले फ्लैट की कीमत 1.5 करोड़ और एक बेडरूम वाले फ्लैट की कीमत 95 लाख रखी गई थी।

### बोर्ड को योजना को रद्द करना पड़ा था

बोर्ड ने फरवरी 2023 में कम कीमतों के साथ योजना को पुनर्जीवित किया और तीन बेडरूम, दो बेडरूम और एक बेडरूम वाले फ्लैटों के लिए क्रमशः 1.65 करोड़, 1.40 करोड़ और 95 लाख कीमत तय की क्योंकि अत्यधिक दरों के कारण पहले स्कीम को रद्द करना पड़ा था। पूर्व यूटी प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने 3 अगस्त, 2023 को इस योजना को रोक दिया, यह कहते हुए कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। नतीजतन, सीएचबी ने नौ एकड़ में 340 फ्लैटों के निर्माण के लिए 2 अगस्त को जारी किए गए 200 करोड़ रुपये के टेंडर रद्द कर दिए थे। पुरोहित के उत्तराधिकारी गुलाब चंद कटारिया द्वारा नवंबर 2024 में सीएचबी को एक अद्यतन प्रस्तुति प्रस्तुत करने का निर्देश दिए जाने के बाद योजना के पुनरुद्धार की उम्मीदें फिर से जगी, जिससे नए सिरे से मांग सर्वेक्षण हुआ।

# बलटाना पुलिस ने दो कार चोरों को प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर दो दिन का लिया पुलिस रिमांड

## पुलिस रिमांड के बाद आज दोनों चोरों को भेजा गया पटियाला जेल

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 20 मार्च।** बलटाना पुलिस ने दो कार चोरों को पुलिस प्रोडेक्शन वारंट पा लाकर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। चोरों द्वारा दिसंबर 2024 में इस कार को बलटना की सिंगला मार्किट से चोरी किया था। जीरकपुर पुलिस ने कार मालिक की शिकायत पर उस समय चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जिसे कुछ दिन पहले मानसा पुलिस ने रिकवर कर लिया है। आरोपियों की पहचान रमेश कुमार और लखविंदर कुमार दोनों निवासी गांव वीरण, जिला भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। मानसा पुलिस की इतलाह पर बलटाना पुलिस दोनों चोरों को 17 मार्च को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। जिसे डेरा बस्सी अदलात में पेश करने के बाद तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। बलटाना पुलिस ने रिमांड के दौरान पूताछ करने के बाद दोनों आरोपियों को वीरवार को पटियाला जेल भेज दिया है। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए जांच अधिकारी रमनदीप सिंह ने बताया कि पुलिस पड़ताल में सामने आया है कि दोनों आरोपी चोरी करने के आदी है और दोनों के खिलाफ लुधियाना, समाना, मानसा सहित हरियाणा में भी कई पर्चे दर्ज है। उन्होंने बताया कि जो क्रेटा कार बलटाना की सिंगला मार्किट से चोरी हुई थी वह कुछ दिन पहले मानसा पुलिस ने रिकवर कर ली है, जिसे अदालत के आदेशों के अनुसार कार मालिक को दे दी जाएगी। पुलिस पूछताछ में लोकल कोई ओर वारदात जिसे उन्होंने अंजाम दिया हो वह सामने नही आई है। जांच अधिकारी ने बताया कि चोर कारों को चोरी करने के बाद हरियाणा के दूर के इलाकों व राजस्थान आदि में बेच देते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बिजली बंद रहेगी

**जीरकपुर (अप्रस/राजेश गर्ग)।** 66 केवी लाइन के तत्काल रखरखाव के कारण 66 केवी ढकोली और बलटाना ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर 21/03/2025 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावित रहेंगे। जिसके ढकोली, पीरमुछल्ला, बलटाना, बिशनपुरा, हरमिलाप फेज-1, एमएस एन्क्लेव, अजीत एन्क्लेव, गाजीपुर, ममता एन्क्लेव, ग्रीन सिटी, ममता एन्क्लेव, किसानपुरा गुरजीवन, हिल व्यू, ढकोला, गाजीपुर, सानोली, नगला बिग बाजार, सनी एन्क्लेव और आसपास के क्षेत्र, ट्रिब्यून कॉलोनी रोड बलटाना, श्याम के पास के सभी क्षेत्र नगर, सैनी विहार पीएच 2, सैनी विहार पीएच 4,5, पार्वती एन्क्लेव, विकास नगर, हेम विहार 1 और 2, गोविंद विहार, एकता विहार और उसके पास, फर्नीचर मार्केट और कलगीधर मार्केट, मॉडर्न एन्क्लेव, सेक्टर 19 रोड बलटाना के पास का सभी क्षेत्र, एस्कॉन एरेना, माया गार्डन सिटी, मोना ग्रीन 2, सावित्री ग्रीन 2 और निकटवर्ती क्षेत्र, ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट और पंचशील एन्क्लेव अधिक क्षेत्रों की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

# प्रशासक ने मोबाइल नेत्र क्लीनिक वैन को हरी झंडी दिखाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटो: अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** वंचित समुदायों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक, गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को पंजाब राजभवन से मोबाइल नेत्र क्लिनिक वैन को हरी झंडी दिखाई। नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) चंडीगढ़ और पंजाब द्वारा रोटरी कॉस्मोपॉलिटन सोसाइटी और रोटरी क्लब ऑफ चंडीगढ़ के सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को मुफ्त नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करना है। रोटरी इंटरनेशनल द्वारा विभिन्न रोटरी क्लबों से मिलान अनुदान के माध्यम से समर्थित, मोबाइल क्लिनिक अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा तकनीक से लैस है, जो व्यापक नेत्र जांच, दृष्टि दोष का शीघ्र पता लगाने और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चश्मा प्रदान करता है। गुलाब चंद कटारिया ने जन कल्याण के प्रति समर्पण के लिए एनएबी चंडीगढ़ और पंजाब, रोटरी कॉस्मोपॉलिटन सोसाइटी और रोटरी क्लब ऑफ चंडीगढ़ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से दृष्टि देखभाल में, और वंचितों के कल्याण को बढ़ाने वाली पहलों का समर्थन करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मोबाइल आई क्लिनिक वैन से चंडीगढ़ भर में वंचित क्षेत्रों तक पहुँचने की उम्मीद है, जो महत्वपूर्ण नेत्र देखभाल सेवाएँ प्रदान करेगी और दृष्टि से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निदान और रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी। यह पहल यह सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयास को दर्शाती है कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो।

### समाज, शिक्षक, अभिभावक व नीति निर्माता बनायें समावेशी वातावरण, जहां हर बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित व समर्थ बनाया जा सके

# बच्चों को न दें केवल पुस्तकीय ज्ञान, नेतृत्व क्षमता व सृजनात्मकता विकसित करें : प्रशासक

बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के सशक्तिकरण हेतु विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटो: अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, और उनके समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चंडीगढ़ में एक विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का समुचित विकास केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज, शिक्षकों, अभिभावकों और नीति-निर्माताओं को मिलकर एक समावेशी वातावरण तैयार करना होगा, जहां हर बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित और समर्थ बनाया जा सके। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा केवल कानूनी ढांचे तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बल्कि नैतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता से भी समृद्ध किया जाए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान न दें, बल्कि उनमें नवाचार, सृजनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करें।

उन्होंने इस अवसर पर प्रशासन द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की सराहना की और कहा कि सरकार शिक्षा प्रणाली को और अधिक समावेशी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बाल श्रम, बाल शोषण और बाल अपराध जैसी समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को एक समन्वित प्रयास करना होगा।

इस कार्यक्रम के दौरान, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी (सीसीपीसीआर) के नए लोगो का अनावरण किया। यह नया लोगो बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और समग्र विकास को प्रतिबिंबित करता है और उनके अधिकारों के संरक्षण की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में निरंतर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। राज्यपाल ने प्रशासन को निर्देश दिए कि बच्चों के कल्याण से जुड़े सभी कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और जमीनी स्तर पर इसका लाभ हर जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचे। इस अवसर पर सचिव, सामाजिक कल्याण विभाग, श्रीमती अनुराधा चगति, निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग, श्री हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़, चंडीगढ़ चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी (सीसीपीसीआर) की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा बंसल सहित शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मेयर ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

## नगर निगम के लिए तत्काल वित्तीय सहायता करने का किया आग्रह

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** शहर की मेयर श्रीमती. हरप्रीत कौर बबला ने आज माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की और चंडीगढ़ नगर निगम के संबंध में गंभीर वित्तीय चिंताएं उठाईं।

उन्होंने चौथे दिल्ली वित्त आयोग (डीएफसी) की सिफारिशों के अनुसार धनराशि जारी करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा अंतिम समाधान तक पहुंचने तक तीसरे डीएफसी की सिफारिशों के आधार पर अंतरिम समाधान का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि 2014 में चौथी डीएफसी रिपोर्ट को अपनाए जाने के बाद से एमसीसी बार-बार चंडीगढ़ प्रशासन और गृह मंत्रालय से इसे लागू करने का आग्रह कर रही है। हालाँकि, मामला अभी भी अनसुलझा है, जिससे निगम को वित्तीय रूप से संघर्ष करना पड़ रहा है। महापौर ने बताया कि चौथे डीएफसी के अनुसार, एमसीसी विभिन्न करों में हिस्सा पाने का हकदार है, जिनमें शामिल हैं: मूल्य वर्धित कर (वैट) और स्थानीय उत्पाद शुल्क का 30 प्रतिशत, मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क का 100 प्रतिशत, माल की बिक्री, खरीद या खेप पर 25 प्रतिशत कर, सेवा कर और स्टाम्प शुल्क का 100 प्रतिशत संग्रह शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों के बावजूद एमसीसी को केवल 100 करोड़ रुपये ही मिले हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान सहायता (जीआईए) में 560 करोड़ रुपये की कमी के कारण, निगम की आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने की क्षमता प्रभावित हुई है, जिनमें शामिल हैं: सड़क रखरखाव: एमसीसी चंडीगढ़ में 2000 किलोमीटर सड़कों का प्रबंधन करती है, तथा प्रतिवर्ष 270 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत और निर्माण करती है। सौंदर्यीकरण और पार्क: एमसीसी 1800 पड़ोस पार्कों, 100 से अधिक बड़े पार्कों और 1.75 लाख पेड़ों का रखरखाव करता है, साथ ही निवासियों के लिए ओपन-एयर जिम भी स्थापित करता है। स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन: एमसीसी शहरव्यापी स्वच्छता, कचरा संग्रहण, प्रसंस्करण और आवारा पशु नियंत्रण आदि कार्य करता है। स्ट्रीट लाइटिं: निगम चंडीगढ़ प्रशासन से वित्तीय सहायता के बिना सभी प्रमुख सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और रखरखाव का वित्तपोषण करता है। राजस्व चुनौतियां: एमसीसी मुख्य रूप से संपत्ति कर और पानी के बिलों के माध्यम से कमाई करती है, लेकिन प्रमुख चूककर्ताओं में सरकारी विभाग भी शामिल हैं, जिनके कई मामले कानूनी विवादों में फंसे हुए हैं।

वेतन, पेंशन, बिजली बिल और विकास परियोजनाओं पर बढ़ते खर्च को देखते हुए महापौर ने तत्काल 1.5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि जारी करने का अनुरोध किया। फरवरी और मार्च 2025 के लिए आवश्यक लागतों को पूरा करने के लिए 200 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि वित्त वर्ष 2025-26 से, बेहतर वित्तीय नियोजन और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अनुदान सहायता मासिक के बजाय त्रैमासिक रूप से जारी की जाए।

महापौर ने आगे बताया कि इन चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री ने नगर निगम चंडीगढ़ के समक्ष उत्पन्न वित्तीय संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा उन्होंने इस मुद्दे पर पंजाब के राज्यपाल तथा संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के साथ व्यक्तिगत रूप से चर्चा करने का आश्वासन दिया ताकि इसका शीघ्र समाधान निकाला जा सके।

### गुंडागर्दी, अपराधिक वारदात और नशीले पदार्थों का खात्मा होगा

# गुंडागर्दी से घर पर ईंट-पत्थरों से हमला, रास्ता रोक कर गाली गलौज की, तीन काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** यूटी साउथ डिविजन थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम एरिया में पूरी तरह से एक्टिव मोड़ में हैं। पुलिस आए दिन गुंडागर्दी, आपराधिक वारदातो और नशीले पदार्थों का पूरी तरह से खात्मा करने में जुटी हुई है। इससे पहले भी थाना पुलिस की टीम ने आपराधिक वारदातो और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों पर पूरी तरह से अपना शिकंजा कसते हुए आरोपियों की धरपकड़ कर रिकवरी भी की है। आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है। यहां पुलिस की टीम ने एरिया में एक पीड़िता महिला के घर पर ईंटों पत्थरों से हमला कर रास्ता रोक कर गाली गलौज और धमकी देने के मामले में तीन शातिर आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार के रहने वाले 19 वर्षीय विनय कुमार,19 वर्षीय अंकित और 18 वर्षीय विनय कुमार के रूप में हुई है। पकड़े गए तीनों आरोपीयों के खिलाफ 18 मार्च को थाना 31 में धारा 190, 191(2), 191(3), 126(2), 351(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता,2023, मामला दर्ज है।

जानकारी के मुताबिक पता चला कि थाना 31 पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए सूचना मिली थी कि एरिया में ईंटों पत्थरों से हमला करने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर और एसपी सिटी गीतांजलि खंडेलवाल के दिशा निर्देशों के चलते एसडीपीओ साउथ जसविंदर सिंह की सुपरविजन में थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने उक्त मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पिछला आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए एक आरोपी के खिलाफ 17 सितंबर 2021 को धारा 147, 148, 149, 341, 307 आईपीसी एडेड 302, 201 आईपीसी थाना 31 में मामला दर्ज पाया गया।

### क्या था मामला

जानकारी के मुताबिक राम दरबार निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह 17 मार्च को रात करीब साढ़े 11 बजे अपने घर जा रही थी।इसी बीच उक्त आरोपियो डंडा, ईंट व पत्थर लेकर आए।उन्होंने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। वह वहां से भागकर अपने घर चली गई। कुछ देर बाद वे सभी उसके घर के सामने पहुंच गए। उन्होंने उसके घर पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने मामले को सुलझा लिया।

# पार्किंग शुल्क नियमों का पालन न करने पर आयुक्त ने जूनियर इंजीनियर को निलंबित किया

संबंधित कार्यकारी अभियंता और एसडीई को कारण बताओ नोटिस

अर्थ प्रकराश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** पार्किंग शुल्क नियमों का पालन न करने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एमसी आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने गुरुवार को बीएंडआर विंग के जूनियर इंजीनियर को निलंबित करने का आदेश दिया और बीएंडआर विंग के संबंधित कार्यकारी अभियंता और उप मंडल अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। बीएंडआर विंग के संबंधित कार्यकारी अभियंता और उप मंडल अभियंता को बीएंडआर विंग के दौरान कल शाम स्मार्ट सिटी ऑफिस, सेक्टर 17, चंडीगढ़ के पास पार्किंग स्थल पर औचक निरीक्षण के दौरान कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

एमसी, चंडीगढ़ के बीएंडआर विंग के जूनियर इंजीनियर श्री मनोज कुमार को पार्किंग शुल्क नियमों का पालन न करने पर निलंबित किया गया। संबंधित कार्यकारी अभियंता सड़क अनुराग बिश्नोई और उप मंडल अभियंता अखिल धीमान को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और उनसे तीन दिन के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया कि पार्किंग कर्मचारियों के परिचारकों की देखरेख और निगरानी ठीक से क्यों नहीं की जा रही है। आदेश में कहा गया है कि इससे उनकी ओर से पर्यवेक्षण में कमी का पता चलता है और इसका जवाब मुख्य अभियंता, एमसी, चंडीगढ़ के कार्यालय को तीन कार्य दिवसों के भीतर पहुंचना चाहिए, ऐसा न करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। आयुक्त द्वारा एमसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की गई औचक जांच के दौरान पाया गया कि स्मार्ट सिटी कार्यालय, सेक्टर 17, चंडीगढ़ के पास पार्किंग में उचित जांच के बिना वाहन प्रवेश कर रहे थे और बाहर निकल रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप पार्किंग शुल्क नियमों का पालन नहीं हो रहा था।

# नगर निगम की वित्तीय स्थिति गंभीर, पांच सौ करोड़ की फौरी ग्रांट की दरकार: सुभाष चावला

फंड क्रंच के चलते विकास कार्य ठप्प, पूरी स्थिति जनता के समक्ष लाने का आह्वान

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** नगर निगम चंडीगढ़ की वित्तीय हालत काफी खराब होती जा रही है। एमसी पर ठेकेदारों, कर्मचारियों, और अधूरे विकास कार्यों के करोड़ों की धनराशि बकाया है, इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन व पार्षद बैठकें, एजेंडे पारित करने पर तुले हुए हैं। इस गंभीर समस्या और स्थिति पर शहर के पूर्व मेयर और पूर्व कांग्रेसाध्यक्ष अब भाजपा खेमे में शामिल हो चुके सुभाष चावला ने अधिकारियों और पार्षदों से अपील की है कि वे पूरे वित्तीय हालात को जनता के समक्ष रखें और नगर निगम को आर्थिक संकट से निजात दिलाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करें।

बता दें कि कई मोर्चों पर बकाया भुगतान से ठेकेदार और कर्मचारी परेशान हैं। इन बातों की असली तस्वीर जनता के सामने नहीं पेश की जा रही है। चावला ने बताया कि ठेकेदारों की देनदारी करोड़ों में पहुंच चुकी है। इसके चलते एमसी के तमाम विकास कार्य रूके पड़े हैं। उनके लिए भी भुगतान किए जाने अभी बाकी हैं। चावला ने बताया कि मौजूदा स्थिति में नगर निगम को केवल उधारी पर चलाया जा रहा है। इससे आने वाले समय में समस्या और भी गंभीर हो सकती है।

### 500 करोड़ का एकमुश्त ग्रांट आवश्यक

पूर्व मेयर चावला ने कहा कि नगर निगम को फिर से विकास की राह पर लाने के लिए कम से कम 500 करोड़ रुपये की एकमुश्त ग्रांट की जरूरत है। उन्होंने ये भी कहा कि टैक्स लगाने या किसी नये सेस से थोड़ी बहुत धनराशि एकत्र की जा सकती है। किंतु वह भी इतनी जल्दी नहीं आ पायेगी कि फौरी तौर पर उसका सदुपयोग किया जा सके। इस प्रकार बड़ी वित्तीय मदद के बगैर नगर निगम का सुचारू रूप से काम करना मुश्किल हो जायेगा।

### मिलकर करें समाधान

उनका कहना है कि अधिकारियों और पार्षदों को मिलकर इस आर्थिक संकट का समाधान निकालना होगा, न कि एक दूसरे पर दोषारोपण करना। उनका कहना है कि नगर निगम की वास्तविक स्थिति जनता को बताने की जरूरत है इससे लोगों को समस्या की गंभीरता का पता चलेगा। पूर्व मेयर चावला ने आरोप लगाया कि नगर निगम में लगातार प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं और असल वित्तीय स्थिति को छिपाया जा रहा है। उनका कहना है कि शहर की जनता को इस भ्रम में नहीं रखा जाना चाहिए कि नगर निगम ठीक और समुचित ढंग से काम कर रहा है। हकीकत यह है कि विकास कार्यों की रफ्तार रुक सी गई है और ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है।

### पारदर्शिता की जरूरत

चावला ने यह भी कहा कि हो सकता है कि उनका आकलन गलत हो, किंतु हालात अति गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन मामलों पर पारदर्शिता बरती गई और एमसी की वास्तविकता जनता के सामने रखी जाये तो बेहतर समाधान निकाला जा सकता है। शहर की जनता को निगम से अब ठेके पर उठाने की उम्मीद की जा रही है। क्या यह उम्मीद हकीकत में परिवर्तित हो सकती है या कि दिवास्वप्न जैसी साबित होगी, इसका फैसला आने वाला समय निर्धारित करेगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड़ रुपए की पहली किस्त की जारी

# डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर कर रही कार्य : नायब सैनी

शहरों/गांव में पात्र परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत हर घर पर छत देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध – मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 20 मार्च।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश के 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड रुपए की पहली किस्त जारी की । योजना के तहत पहली किस्त के रूप में प्रत्येक पात्र परिवार को मकान बनाने के लिए 45000-45000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई।

मुख्यमंत्री द्वारा यह राशि आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में जारी की गई । कार्यक्रम में सभी जिला उपायुक्त और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऑनलाइन जुड़े।

श्री नायब सिंह सैनी ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गरीब व्यक्ति का सपना होता है कि उनका अपना घर हो। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 36000 घर बनने की शुरुआत हो रही है। आज का यह दिवस इन सभी परिवारों के बेहतर भविष्य का अध्याय बनेगा। जब लोग आगे बढ़ेंगे तो देश और प्रदेश भी तरक्की करेगा।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वायदा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांव में गरीब परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएंगे। आज डबल इंजन की सरकार ने इस दिशा में सफल कदम बढ़ा रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। इसे और गति देते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। जहाँ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा घर का सपना साकार करने के लिए प्लाट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत ग्रामीण आँचल में 28815 लाभार्थियों को मकान बनाकर दिए जा चुके हैं तथा 4238 मकान निर्माणाधीन हैं। इसके लिए लाभार्थियों को 414 करोड़ 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत 62 गांव में 4532 लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लाट उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांव में जो पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पाए उनके लिए पोर्टल खोल दिया गया है। ऐसे परिवार पोर्टल पर पंजीकरण करके अपने पक्के मकान के सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत यह पंजीकरण भी शुरू हो गया है।

इसी प्रकार, प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के तहत 76141 लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री आवास योजना - शहरी के तहत 14 शहरों में 15256 परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए 30-30 गज के प्लाट उपलब्ध करवाए गए हैं। इनमें सीवरेज, पानी, सड़क, बिजली आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि 16 शहरों में 15696 प्लॉट पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध करवाने के लिए 17 मार्च 2025 से बुकिंग पोर्टल खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के तहत एक लाख लोगों ने आवेदन किया है जिसकी वेरिफिकेशन का काम चल रहा है और जल्द ही पात्र को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन, विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के महानिदेशक श्री जे गणेशन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### प्रवासी श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्र में आवास देने की नीति के तहत कार्य जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्र में आवास देने की नीति भी बनाई है। इसके तहत औद्योगिक सम्पदाओं में डॉरमेट्री और एकल कक्ष जैसे आवासीय परिसरों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सोनीपत में भी किराए पर मकान देने के लिए 1600 फ्लैट का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह एक अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करते हुए योजना के तहत उनका पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करवाए ताकि पात्र परिवार को जल्द से जल्द अपना मकान मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत हर घर पर छत देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी और बेहतर कार्य करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हर जन को घर के सपने को साकार करने की दिशा में सकारात्मक कार्य किए जाएंगे।

## सांप्रदायिक सद्भाव और सांझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है रमजान : मौलाना

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पूंडरी।** जमीअत उलेमा ऐ हिन्द जिला प्रधान मौलाना मोहम्मद सैयदूर रहमान ने कहा कि इस्लाम का सबसे पवित्र महीना रमज़ान केवल उपवास और इबादत का समय नहीं है, बल्कि यह सांप्रदायिक सद्भाव, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सांझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। दुनियाभर में लाखों मुसलमान इस महीने को आत्म-अनुशासन, भक्ति और आध्यात्मिक उन्नति के रूप में मनाते हैं। उपवास के जरिए वंचितों के प्रति सहानुभूति बढ़ती है, वहीं ज़कात (दान) का अभ्यास समाज में आपसी सहयोग और उदारता को प्रोत्साहित करता है। रमज़ान के दौरान परिवार, पड़ोसियों और दोस्तों के साथ इफ़्तार सांझा करने की परंपरा सामाजिक संबंधों को मजबूत करती है। भारत सहित कई देशों में मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों द्वारा भी इफ़्तार का आयोजन किया जाता है, जिससे विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच सौहार्द और एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। कई गैर-मुस्लिम भी अपने मुस्लिम मित्रों और सहकर्मियों के साथ रोज़ा रखते हैं या इफ़्तार में शामिल होते हैं, जिससे आपसी समझ और मेलजोल को बल मिलता है। मौलाना ने कहा कि यह महीना सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। विभिन्न देशों में रमज़ान से जुड़ी परंपराएं–जैसे विशेष व्यंजन बनाना, लोक गीत गाना और बाज़ारों की रौनक–एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखती हैं। पुरानी दिल्ली, हैदराबाद, काहिरा और इस्तांबुल जैसे शहरों में रमज़ान के दौरान खास बाज़ार सजते हैं, जो इस महीने की आध्यात्मिकता के साथ-साथ उसकी सांस्कृतिक सुंदरता को भी दर्शाते हैं। रमज़ान का मूल संदेश प्रेम, करुणा और भाईचारे को अपनाने का है। उन्होंने कहा कि यह महीना सिखाता है कि मतभेदों से ऊपर उठकर मानवता को प्राथमिकता दी जाए।

## अरुणाय के निकट असुरक्षित कट का विधानसभा में गूंजा मुद्दा

# विधायक ने दर्जनों लोगों की मौत का हवाला देकर उठाई लोगों की मांग

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य




**पिहोवा, 20 मार्च।** अंबाला हिसार हाइवे बाइपास पर गांव अरूणाय धनीरामपुरा के निकट अंडर पास या ओवर ब्रिज बनाने का मुद्दा गुरुवार को विधानसभा में भी गूंजा। सत्र के दौरान पिहोवा के विधायक मनदीप चट्ठा ने सदन के सामने लंबे समय से चली आ रही इस मांग को उठाया। जिस पर पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा ने अपना स्पष्टीकरण दिया। हालांकि विधायक मनदीप चट्ठा पीडब्ल्यूडी मंत्री के जवाब से सहमत नहीं हुए। मनदीप चट्ठा ने कहा कि स्पीड ब्रेकर बनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। दर्जनों लोगों की इस कट पर जान जाने के बावजूद भी सरकार पंचायतों की मांगों को अनदेखा कर रही है। विधायक मनदीप ने कहा कि इसका सबसे ज्यादा नुकसान गांव धनीरामपुरा और अरूणाय के ग्रामीणों को झेलना पड़ा। मरने वालों में ज्यादातर लोग इन्हीं गांवों के हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि यहां अंडरपास या ओवर ब्रिज का निर्माण सरकार करवाए। विधायक मनदीप चट्ठा के सवाल पर जवाब देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बातचीत करके समस्या का स्थाई समाधान निकालने का प्रयास करेगी। तब तक अगले तीन दिनों में यहां स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे ताकि वाहनों की रफ्तार कम हो सके।

पंचायतें भी प्रस्ताव डालकर कर चुकी हैं मांग अंडरपास या ओवरब्रिज की मांग को लेकर गांव धनीरामपुरा, अरुणाय, बिलोचपुरा, सैंसा, तलहेड़ी, भट्टमाजरा सहित कई पंचायतों ने लिखित में प्रस्ताव नेशनल हाइवे आथोरिटी ऑफ़ इंडिया के दफ्तर में दिया था। लेकिन उन पर कोई विचार नहीं किया गया। विधायक मनदीप चट्ठा ने विधानसभा में बताया कि प्रतिदिन व हर माह त्रयोदशी पर हजारों श्रद्धालु और महाशिवरात्रि मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।माता बगलामुखी के मंदिर में भी हजारों श्रद्धालु आते हैं। ये कट बेहद खतरनाक है। यहां अंडर पास या ओवरब्रिज का निर्माण जरूरी है। सेफ्टी के प्वांइट ऑफ व्यू से जो कट का डिजाइन था। वहां रास्ता यहां छोड़ा गया है। जो पूरी तरह से असुरक्षित है।

## आर्य कॉलेज के गौतम ने ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 20 मार्च।** आर्य कॉलेज के खिलाडी गौतम ने ऑडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। मंगलवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने खिलाड़ी गौतम का कॉलेज प्रांगण में पंहुचने पर स्वागत करते हुए बधाई दी व कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोचों को भी बधाई दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 से 13 मार्च को ऑडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें आर्य कॉलेज के खिलाडी गौतम ने 30 किलोमीटर साइक्लिंग पॉइंट रेस में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया व पदक जीत कर कॉलेज के साथ-साथ अपने जिले पानीपत का भी नाम रोशन किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपने कॉलेज का नाम केवल अपने देश भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोशन कर रहे हैं।

## 'आईपीएल में खराब प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाता', फ्रेजर–मैक्गर्क को एडम गिलक्रिस्ट की चेतावनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 20 मार्च।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने चेतावनी दी है कि अगर फ्रेजर-मैक्गर्क आईपीएल में जल्दी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, तो उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में बेंच पर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी खराब फॉर्म को ज्यादा दिन तक नहीं सहती हैं।

पिछले साल फ्रेजर-मैक्गर्क को दिल्ली कैपिटल्स ने एक चोटिल खिलाड़ी की जगह टीम में शामिल किया था। उन्होंने अपने पहले आईपीएल में नौ पारियों में 330 रन बनाए, जिनमें चार अर्धशतक शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 234.04 था, जो टूर्नामेंट में दूसरा सबसे ज़्यादा था।

हालांकि, कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया, लेकिन 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल कर नीलामी में 9 करोड़ रुपये में दोबारा खरीद लिया। मगर पिछले एक साल में फ्रेजर-मैक्गर्क के टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछली 24 पारियों में उन्होंने सिर्फ 382 रन बनाए हैं, औसत 15.91 और स्ट्राइक रेट 136.91 रहा है।

गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा, ÷दिल्ली ने उन पर भरोसा जताया है, लेकिन उन्हें अच्छे प्रदर्शन से इसकी कीमत चुकानी होगी। आईपीएल में फ्रेंचाइजी, मालिक और कोच बहुत ज्यादा दिन तक नाकामी बर्दाश्त नहीं करते। अगर आप टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत करते हैं, तो आपको आगे टिके रहने का समय मिल जाता है। फ्रेजर-मैक्गर्क को शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा ताकि वह टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकें।÷

गिलक्रिस्ट को उम्मीद है कि अरुण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच और छोटी बाउंड्री पर फ्रेजर-मैक्गर्क अच्छा खेल दिखा सकते हैं, बशर्ते वे शुरुआत में बहुत आक्रामक खेलने की कोशिश न करें। गिलक्रिस्ट ने कहा, 'पिछले साल यह विकेट बड़े स्कोर वाले मैचों के लिए मशहूर था। सभी अवसर उनके लिए उपलब्ध रहेंगे, अब यह उन पर निर्भर करता है कि वे इन मौकों का सही फायदा उठाएं।

## रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला के महाप्रबंधक एसएस मिश्र रेल मंत्री राजभाषा पदक से सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 20 मार्च।** रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला के महाप्रबंधक श्री एस एस मिश्र को राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए रेल मंत्री राजभाषा पदक से नवाज़ा गया है । उन्हें यह सम्मान श्री सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं सीईओ रेलवे बोर्ड ने रेल भवन, नई दिल्ली में प्रदान किया । समारोह में इस अवसर पर रेल मंत्रालय के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे ।

श्री मिश्र को यह सम्मान सवारी डिब्बा कारखाना , चेन्नई (आई सी एफ) में उनके कार्यकाल में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए किये कार्यो के लिए दिया गया है जहां उनके कार्यकाल के दौरान राजभाषा के कार्यो में उल्लेखनीय प्रगति हुई । हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार के इलावा श्री मिश्र ने कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित किया ।

## राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में नृत्यकला कार्यशाला का आयोजन

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचार्या डॉ खुशीला के मार्गदर्शन में एवं प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्र ढींगरा की अध्यक्षता मे नृत्यकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न धाराओं की 80 छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यकारी प्राचार्य ने कार्यशाला का शुभारम्भ किया व नृत्य प्रशिक्षक मनीष का स्वागत किया ओर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नृत्य अच्छे स्वास्थ्य के लिए कई तरह से असरदार व प्रभावी है। यह न सिर्फ आपको शारीरिक रूप से फिट रखता है, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी यह फायदेमंद है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने प्रशिक्षक मनीष का उनकी उपलब्धियों सहित परिचय दिया।

## राज्य स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 23 मार्च को करनाल में : राजकुमार गोयल



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 20 मार्च।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेता डा. राजकुमार गोयल ने बताया है कि आगामी 23 मार्च को अग्रसेन भवन, सेक्टर 8, करनाल में अग्रवाल युवा संगठन द्वारा 25वां विशाल राज्य स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह परिचय सम्मेलन विवाह योग्य प्रत्याशियों के लिए एक सुनहरा मौका है। परिचय सम्मेलन न केवल रिश्तों के लिए एक उपयुक्त मंच है बल्कि समाज में कई सकारात्मक प्रभाव भी लाता है। गोयल यहां समाज के पदाधिकारियो की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान रमेश जिंदल, सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल, सोनू जैन इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस बार यह 25वां परिचय सम्मेलन है जिसे रजत जयंती समारोह के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर राजकुमार गोयल ने कहा कि आज हमारे समाज में न जाने ऐसी कितनी बहनें है जिनकी शादी की उम्र पार हो रही है लेकिन उनके हाथों में अभी तक मेहंदी नहीं लगी है।

### ट्राली व किराया हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना पुलिस ने विश्वासघात कर ट्राली व किराया हड़पने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रकाश राम उर्फ काला पुत्र भोला राम निवासी रसूलपुर के रूप में हुई है।थाना सदर टोहाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मार्च को सोनू कुमार पुत्र रमेश निवासी कुलां की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे कैथल में पराली उठाने का ठेका लिया था, इसके लिए उसने 4 ट्रालियां बनवाई थी। काम खत्म होने के बाद वह वापस घर आ गया। इसके बाद रसूलपुर निवासी प्रकाश उर्फ काला उसके पास आया और ट्रालियों को किराये पर लेने की बात कही। इसके बाद उनका 15 हजार रुपये प्रतिमाह किराये की बातचीत हुई। इसके बाद वह दो महीने का एडवांस किराया देकर ट्राली ले गया। इसके बाद तीन महीने बाद उसने किराया मांगा तो वह आनाकानी करने लगा। अब वह न तो ट्राली वापस दे रहा है और न ही किराया दे रहा है। पैसे मांगने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एएसआई देवेंद्र सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।


**पंजाब सरकार**

**ग्रेटर मोहाली एरिया डवेल्पमेंट अथॉरिटी**

पुडा भवन, सेक्टर 62, एसएएस नगर

निविदा संदर्भ सं. गमाडा/डीई (एच-1)/2025/738-749 दिनांक 20.03.2025

मंडलीय अभियंता (एच-1) गमाडा, एसएएस नगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:-

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|
| 01.04.2025 से 31.03.2026 के लिए प्लांट नर्सरी सेक्टर-63, एस.ए.एस. नगर का रखरखाव करना। | रु. 11.05 लाख |

अंतिम तिथि एवं समय: 28.03.2025 को दोप. 12.00 बजे

विवरण हेतु https://eproc.punjab.gov.in पर लॉग ऑन करें।

टिप्पणी:-निविदा सूचना का कोई शुद्धिपत्र केवल उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।


## टोहाना में सरेआम बेचे जा रहे प्रतिबंधित पॉलिथीन

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 20 मार्च।** शहर में हर छोटे से लेकर बड़े शोरूम तक सिंगल यूज प्लास्टिक के पॉलिथीन सरेआम इस्तेमाल किया जा रहे हैं ।टोहाना शहर में हरियाणा सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन भंडारण ,वितरण ,विक्री ,व उपयोग पर रोक लगाई गई है। पर टोहाना शहर में यहां पॉलीथिन होलसेल में बिक रहा है एक तरफ इसका इस्तेमाल कर पॉलिथीन वातावरण को और दूसरा स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। टोहाना शहर में हर जगह पॉलिथीन के बड़े-बड़े कूड़े के ढेर शहर के चारों ओर सरेआम देखने को मिलते हैं वही टोहाना शहर के नगर परिषद के सफाई निरीक्षक सफाई दरोगा सब कुछ देखकर भी टोहाना में बढ़ रही पॉलिथीन बिक्री पर रोक लगाने वह इस्तेमाल को रोकने में नाकामयाब है एक पॉलिथीन व्यापारी को बिक्री पर पूछने पर व्यापारी ने कहा कि सबसे पहले टोहाना में होलसेल वालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाओ मार्केट में इस्तेमाल अपने आप ही बंद हो जाएगा। पॉलिथीन इस्तेमाल में करने के लिए केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार समय-समय पर प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाती हुई देखी जा सकती है। पर यह पॉलीथिन प्रतिबंधित अभियान अधिकारियों की चलती बेरुखी के कारण फेल दिखाई देता है नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा होलसेल के प्लास्टिक पॉलीथिन विक्रेताओं की चेकिंग की जाए तो सैकड़ो क्वांटल प्रतिबंधित पॉलीथिन एक-एक व्यापारी के गोदाम में पडा मिल जाएगा जिससे लाखों रुपए जुर्माना भी वसूला जा सकता है लगता है यह अधिकारी सरकार के राजस्व से ज्यादा अपना मुनाफा देखते हुए इनको पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

## जाट महासभा करनाल की ओर से 22 मार्च किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन

# भाईचारे की मिसाल कायम करेगा महापुरुष सम्मान दिवस : भूपिंद्र लाठर

गांव-गांव जाकर 36 बिरादरी के लोगों को दिया जा रहा है समारोह का न्यौता

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 20 मार्च।** जाट महासभा करनाल की ओर से बुधवार को भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रधान प्रवीण लाठर और करनाल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सुरजीत मढाण का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्ण तौर पर गैर राजनीतिक रूप में जाट धर्मशाला में जाट महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर (भूप्पी) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जाट महासभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्य मौके पर मौजूद रहे। प्रवीण लाठर और सुरजीत मढाण को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। जाट महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि प्रवीण लाठर और सुरजीत मढाण ने जाट समाज का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि 22 मार्च को जाट धर्मशाला में महापुरुष सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 36 बिरादरी के लोग शामिल होंगे। इस दिन सुबह आठ बजे से शहर में स्थापित तमाम महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण अभियान शुरू किया जाएगा। दोपहर को जाट धर्मशाला में समारोह होगा, जिसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह में 36 बिरादारी के होनहार बच्चों तथा अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले सर्व समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जाट महासभा के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। भारत एक, भारतीय एक का दिया नारा जाट महासभा की ओर से देश की एकता का संदेश देते हुए नारा दिया गया भारत एक, भारतीय एक। प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि जाट महासभा धर्म, राजनीति व जातिवाद से उपर उठकर भाईचारा बढ़ाने के लिए काम कर रही है। देश को आजाद करवाने और राष्ट्र निर्माण में सभी बिरादरियों का योगदान रहा है। हमारे देश की पहचान एकता से ही पूरी दुनिया में है। उन्होंने बताया कि महापुरुष सम्मान दिवस समारोह में कलाकार देशभक्ति के गीत प्रस्तुत करेंगे। सम्मान दिए जाने पर जताया आभार भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रधान प्रवीण लाठर और करनाल बार एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत मढाण ने सम्मान दिए जाने पर जाट समाज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह जाट समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लिए मजबूती के साथ कार्य करने का प्रयास करेंगे। बुजुर्गो के आदेशानुसार अपने समाज का प्रचार प्रसार करेंगे और किसी भी समाज का अपमान नहीं करेंगे। दोनों ने कहा कि जाट महासभा की ओर से महापुरुष सम्मान दिवस मनाया जाना एक सराहनीय प्रयास है।

# हरियाणा सरकार लाई विधानसभा में बिल

# नकली व मिलावटी बीज विक्रेताओं के खिलाफ सरकार के कड़े तेवर

- कानून बनने पर होगी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई
- दोष सिद्धि पर बीज-उत्पादक एवं विक्रेता को हो सकती है छः माह से 3 वर्ष तक की जेल
- 50 हजार से पांच लाख रुपए तक के जुर्माने का किया प्रावधान

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** हरियाणा में नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीज बेचने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है, ऐसे लोगों एवं कंपनियों के खिलाफ कड़ा कानून बना रही है। आज विधानसभा में हरियाणा सरकार ने पुराने बीज-अधिनियम में संशोधन करके पहले से ज्यादा सजा और जुर्माने का प्रावधान करते हुए बिल पास किया है। इसके बाद राज्यपाल की स्वीकृति और अधिसूचना के बाद यह कानून का रूप ले लेगा।

हालांकि गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए कानून तो पहले भी बना हुआ है लेकिन उसमें सजा और जुर्माने की राशि कम होने के कारण नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीज बेचने वालों में डर कम था। सरकार ने नए संशोधित कानून के तहत नकली बीज बनाने वाली कंपनी और ऐसे बीज विक्रेता दोनों के खिलाफ कड़े प्रावधान किये हैं।



## क्या था पहले कानून ?

बीज अधिनियम वर्ष 1966 में लागू किया गया एवं वर्ष 1972 में संशोधित किया गया। भारत सरकार द्वारा बीज अधिनियम, 1966 का उद्देश्य खाद्य फसलों, तिलहनों, फल-सब्जियों, कपास, पशुओं के चारे एवं जूट आदि के बीजों की गुणवत्ता को नियंत्रित करना था ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सकें।

## संशोधन की आवश्यकता क्यों पड़ी?

पहले से चले आ रहे मौजूदा अधिनियम के तहत वर्तमान दंड प्रावधान पर्याप्त कठोर नहीं होने के कारण नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीजों की बिक्री एवं वितरण पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति के कारण किसान मजबूरीवश घटिया बीज खरीद रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है और फसलों की लागत बढ़ने के साथ-साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी क्षति पहुँच रही है।

## विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत 25 विधायकों को 1- 1 करोड़ रुपए की राशि की जारी

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ- सबका विकास - सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत हरियाणा में 25 विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए विधायकों को 1-1 करोड़ रुपये की निधि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री आज यहाँ हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत शेष बचे हुए विधायक भी अपने- अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची भिजवाएं ताकि उन्हें भी यह राशि जल्द से जल्द जारी की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बजट 2025 -26 में भी सभी विधायकों को उनके विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने के लिए 5 -5 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की गई है। ये राशि 3 किस्तों में दी जाएगी।

## हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज 6 विधेयक पारित किए गए

हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज छः विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग( संख्या 1) विधेयक,2025, हरियाणा खेलकूद विष्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2025, हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) विधेयक,2025, हरियाणा भू-राजस्व (संशोधन) विधेयक,2025, बीज (हरियाणा संशोधन) विधेयक,2025 तथा कीटनाषी (हरियाणा संशोधन) विधेयक,2025 षामिल हैं।

### हरियाणा विनियोग (संख्या 1) विधेयक, 2025

मार्च, 2025 के 31वें दिन को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवाओं के लिए हरियाणा राज्य की संचित निधि में से कुल 127,10,51,819 रुपये के भुगतान और विनियोग का प्राधिकार देने लिए हरियाणा विनियोग (संख्या 1) विधेयक, 2025 पारित किया गया है।

### खेलकूद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025

हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2022 को आगे संशोधित करने के लिए हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया। हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा खेल विश्वविद्यालय 2022 का अधिनियम संख्या 21 के तहत राई (सोनीपत) में हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालय ने मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई परिसर में काम करना शुरू कर दिया है और शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से कई पाठ्यक्रम शुरू हो गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता और संबद्धता प्राप्त करने के लिए, और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के तहत विश्वविद्यालयों की सूची में विश्वविद्यालय का नाम शामिल करने के लिए आवेदक विश्वविद्यालयों को यूजीसी के नियमों का पालन करना होगा। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय 2022 का अधिनियम संख्या 21 के विभिन्न प्रावधान अन्य राज्यों में परिसर और अध्ययन केंद्र स्थापित करने का प्रावधान करते हैं, जो यूजीसी की क्षेत्रीय अधिकारिता नीति का उल्लंघन करता है जो राज्यों द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय पर लागू होती है। एक राज्य विश्वविद्यालय उस राज्य से बाहर संचालित नहीं हो सकता है जिसमें वह स्थापित है क्योंकि राज्य विधानमंडल के पास अन्य राज्यों में ऐसे केंद्र खोलने का कोई अधिकार नहीं है। यूजीसी की यह नीति प्रोफेसर यशपाल बनाम छत्तीसगढ़ राज्य (1995) के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों द्वारा निर्देशित है। इसलिए यूजीसी की क्षेत्रीय अधिकारिता नीति के विपरीत प्रावधानों को संशोधित करने के लिए हरियाणा खेल विश्वविद्यालय 2022 का अधिनियम संख्या 21 में संशोधन की आवश्यकता है।

### हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2025

हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 को आगे संशोधित करने के लिए हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया। जिस व्यक्ति के खिलाफ किसी शिकायत की जांच की जाती है, न्याय के हित में, उसे सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाना आवश्यक है। जांच पूरी करने और ग्राम निधि के नुकसान, बर्बादी या दुरुपयोग का आकलन करने के लिए उचित समय की आवश्यकता होती है। इसलिए, ग्राम निधि के नुकसान बर्बादी या दुरुपयोग के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए किसी व्यक्ति को जारी किए जाने वाले नोटिस की समय अवधि को बढ़ाना आवश्यक है ताकि उसे अधिक जिम्मेदार और जवाबदेह बनाया सके।

### हरियाणा भू-राजस्व (संशोधन) विधेयक, 2025

पंजाब भू-राजस्व अधिनियम, 1887 को संशोधित करने के लिए हरियाणा भू-राजस्व (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया। पंजाब भू-राजस्व अधिनियम, 1887 (अधिनियम संख्या 1887) में एक संशोधन पंजाब भू-राजस्व (हरियाणा संशोधन) अधिनियम, 2020 (हरियाणा अधिनियम 2021 का संख्या 19) द्वारा किया गया था, जिसमें संयुक्त मालिकों के बीच हिस्सेदारी से संबंधित धारा 111-क का समावेश किया गया था, जिसका उद्देश्य सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में मुकदमों की संख्या को कम करना था। जब अधिनियम 2021 का संख्या 19 बनाया गया, तो धारा 111-क को यह शर्त लागू नहीं की गई थी कि यह उन मामलों में लागू नहीं होगी जहाँ सभी सह-स्वामित्वकर्ता रक्त संबंधी हों या अन्य सह-स्वामित्वकर्ता पति-पत्नी हों। अब यह महसूस किया गया है कि रक्त संबंधी सह-स्वामित्वकर्ताओं के बीच भी संयुक्त हिस्सेदारी के मामले में महत्वपूर्ण मुकदमेबाजी हो रही है। इस प्रकार, उन मामलों में जहाँ कोई रक्त संबंधी सह-स्वामित्वकर्ता संयुक्त भूमि पर हिस्सेदारी की मांग करता है, उसमें इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए धारा 111-क के शीर्षक में संशोधन का प्रस्ताव है, जिससे यह धारा सभी भूमि मालिकों पर लागू हो, सिवाय पति-पत्नी के संबंध के हरियाणा भू-राजस्व अधिनियम, 1887 (पंजाब अधिनियम 1887) में अन्य संशोधन आवश्यक है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गवर्नमेंट कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन



**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** गवर्नमेंट कॉलेज कैथल के एनएसएस बॉयज़ यूनिट के तत्वावधान में 'जल संरक्षण' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में श्री सुनील कुमार, वैज्ञानिक, केंद्रीय भूजल बोर्ड, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, चंडीगढ़ और श्री साकिब अज़मी, वैज्ञानिक केंद्रीय भूजल बोर्ड उत्तर पश्चिमी क्षेत्र चंडीगढ़ ने अपने विचार साझा किए। इस व्याख्यान में श्री सुनील कुमार और श्री साकिब अज़मी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे हम अपने दैनिक जीवन में जल का संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने जल संकट के कारणों और इसके समाधानों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, एनएसएस संयोजक डॉक्टर सुशील कुमार और छात्रों ने भाग लिया। एन एस एस संयोजक डॉक्टर सुशील कुमार ने व्याख्यान में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह व्याख्यान छात्रों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने में मददगार साबित होगा। इस प्रकार, गवर्नमेंट कॉलेज कैथल में आयोजित यह विशेष व्याख्यान जल संरक्षण के महत्व को उजागर करने में सफल रहा।

### शहीद उधम सिंह कॉलेज में 67 यूनिट हुआ रक्तदान

**इंद्री (अप्रस/सीमा देवी)।** संवेदना 2 अभियान में निफ़ा इंद्री द्वारा शहीद उधम सिंह कॉलेज में एनसीसी ,एनएसएस,रैड क्रॉस यूनिट व कॉलेज की एलूमनी एसोसिएशन के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे कॉलेज के स्टाफ व छात्रों ने बढ़ चढ़कर 67 यूनिट रक्तदान किया ।शिविर की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र सिंह बागी ने रिबन काटकर की ।प्राचार्य एम.एस.बागी ने निफ़ा द्वारा आयोजित इस अभियान को लेकर शुभकामनाए दी व इसे जन कल्याण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया ।निफ़ा प्रदेशाध्यक्ष व एल्यूमनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि संवेदना 2 अभियान के तहत सभी 28 राज्यो,8 केंद्र शासित प्रदेशों व सभी 800 जिलों में 16 से 30 मार्च तक 2400 रक्तदान शिविर लगाए जाएँगे व 150000 ( डेढ़ लाख) यूनिट रक्त दान कराकर रेड क्रॉस व सरकारी ब्लड सेंटर को दिया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में युवाओं में भारी उत्साह देखा गया ।डॉ संजय वर्मा सिविल हॉस्पिटल ब्लड सेंटर की टीम ने रक्तदान कराया व निफ़ा की और से सभी रक्तदाताओं को शहीदों के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र व आयोजकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ अनिला ढिल्लों, डॉ रीटा अरोड़ा,कॉलेज के स्टाफ एन सी सी कैडेट्स व नीरू देवी का विशेष सहयोग रहा।

### गलत दिशा में लगाए गए साइन बोर्ड से बढ़ी परेशानी

**घरौंडा (अप्रस/रविन्द्र गिरी)।** घरौंडा दिल्ली चुंगी फ्लाईओवर के नीचे गलत दिशा में चलने वाले वाहनों की समस्या बढ़ती जा रही है। घरौंडा प्रशासन ने यातायात को सही दिशा में बनाए रखने के लिए साइन बोर्ड लगवाए हैं, ताकि वाहन चालक नियमों का पालन करें और रॉन्ग साइड में न जाएं। हालांकि, कुछ साइन बोर्ड गलत जगह पर लगे होने के कारण वाहन चालकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे प्रशासन की इस पहल पर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली चुंगी फ्लाईओवर के नीचे और अराईपुरा रोड की ओर जाने वाले मार्गों पर प्रशासन ने कई चेतावनी बोर्ड लगाए हैं, जो गलत दिशा में जाने से मना करते हैं। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर रॉन्ग साइड में जाते नजर आ रहे हैं। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मौके पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जा सके और चालान काटे जा सकें। हालांकि, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ साइन बोर्ड गलत दिशा में लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को सही मार्ग समझने में परेशानी हो रही है। खासकर डींगर माजरा मोड़ के पास लगे एक साइन बोर्ड की दिशा उल्टी होने के कारण लोग भ्रमित हो रहे हैं।

### नियमित रूप से करवानी चाहिए स्वास्थ्य की जांच

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कौल में अनिमिया मुक्त अभियान के तहत मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने किया। डा. रामपाल ने बताया कि शिविर के दौरान 0 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के खून और दांतों की जांच की गई। जांच के दौरान जिन बच्चों में खून की कमी पाई गई उन्हें इसकी पूर्ति करने के बारे में बताया गया। डा. रामपाल ने बच्चों तथा उनके अभिभावकों को कहा कि रात को खाना खाने के बाद तथा सुबह सवेरे हमें अपने दांतों को ब्रश के साथ अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। इससे हमारे दांत साफ रहेंगे और उन्हें किसी प्रकार की बीमारी नहीं लगेगी। बच्चों में खून की कमी को पूरा करने के लिए हमें उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियां तथा ताजे फल अवश्य देते रहना चाहिए। कर्मबीर कौल ने कहा कि हमें अपना तथा अपने बच्चों का स्वास्थ्य सही रखने के लिए नियमित उचित मात्रा में आहार लेना चाहिए। अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर नियमित स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवानी चाहिए।



सम्पादकीय

# बॉर्डर खाली करवा मान सरकार ने दिया साहस का परिचय

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर बीते करीब 400 दिनों से धरना और अनशन कर रहे किसान नेताओं पर बुधवार की रात की गई कार्रवाई अप्रत्याशित है। इस प्रकरण ने पूरे देश को चौंका दिया। एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने दिन में केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और शाम होते-होते उनकी गिरफ्तारियां भी हो गई। इस बीच शंभू और खनोरी बॉर्डर पर बने उनके पक्के मोर्चा पंजाब पुलिस ने तोड़ दिए। सुप्रीम कोर्ट इस संबंध में पंजाब सरकार को आदेश दे चुका है कि किसान आंदोलन की वजह से बंद पड़े रास्ते खुलवाए जाएं। इसके बाद पंजाब सरकार ने अपनी पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए और जो काम बीते 13 महीनों में नहीं हो सका था, उसे 13 घंटों से भी बहुत पहले पूरा कर लिया गया। इस प्रकरण में दो बातें बहुत साफ होकर सामने आ रही हैं। एक तो यह कि रास्ता रोकने का किसी को हक नहीं है और किसानों ने अपनी एकता के नाम पर जिस प्रकार शंभू और खनोरी बॉर्डर पर आवागमन को रोका हुआ था, उसे सरकार ने हटवा कर सही किया है। यह मामला कितना गंभीर था, इसका परिचय इससे मिलता है कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट रास्ते को खोलने के आदेश दे चुका था, उस समय पंजाब सरकार की ओर से किसानों से बातचीत करके इसे खुलवाने के प्रयास किए गए, जोकि सफल नहीं हुए। एकतरफा रास्ता खुलवाया गया, उससे भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। हरियाणा ने पंजाब के किसानों को अपनी सीमा में आने से रोकने के लिए शंभू बार्डर पर पक्का बैरिकेड लगा दिया, जिससे न केवल किसानों और पुलिस के बीच झड़प हुई,अपितु पूरे इलाके में स्थिति संवेदनशील हो गई।

> **गौरतलब है कि केंद्र एवं किसान संगठनों के बीच सात दौर की बैठकें हो चुकी हैं। अगर इतने दौर की बैठकों के बाद भी कोई हल नहीं निकल सका है तो और क्या उम्मीद की जा सकती है। इस बैठक में खुद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शिरकत की। यानी केंद्र सरकार ने किसी भी तरह से किसानों और उनकी मांगों को कमतर नहीं आंका है। हालांकि इस पर तो गंभीर मंथन होना ही चाहिए कि आखिर एमएसपी पर कानूनन गारंटी कैसे हो सकती है। इस बैठक वाणिज्य मंत्री ने किसानों के तर्कों का जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर यह कानून बना दिया गया तो इससे पंजाब एवं हरियाणा के किसानों को नुकसान होगा, क्योंकि फिर इन राज्यों के लिए कोटा निर्धारित करना पड़ेगा।**

दूसरी बात यह है कि तीन कृषि कानूनों को समाप्त करवा लेने के बाद किसानों को अगर लगा था कि वे एमएसपी पर भी कानूनी गारंटी हासिल कर लेंगे तो यह अब मुश्किल हो गया है। यह कानून भावनात्मक रूप से किसानों के हित में दिखता है, लेकिन व्यापक रूप से यह देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाला है। इस कानून के बजाय अगर किसानों की लागत को कम करने की कोशिश की जाए और जैसा कि केंद्र सरकार के मंत्रियों ने किसानों को आश्वस्त भी किया है तो यह उचित होगा। पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उद्योग-धंधों में भी इसका बहुत नाम है। यहां होने वाले आंदोलन इसकी औद्योगिक प्रगति को रोक रहे हैं। राज्य सरकार ने अब इस बात को समझ लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान कई बार किसान संगठनों से इसका आग्रह कर चुके हैं कि उनके धरनों-प्रदर्शनों की वजह से राज्य में उद्योग-धंधों एवं जनसामान्य को परेशानी हो रही है, इसलिए इन्हें बंद किया जाए। हालांकि किसान संगठनों ने हमेशा अपनी हठ को अहमियत दी है। आखिर एक राज्य सरकार जिसके पास सभी की जिम्मेदारी है, कैसे ऐसे हालात को जारी रहने दे सकती है।

बीते दिनों चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ किसानों की बैठक के दौरान पैदा हुई तल्खी से ही अंदाजा लगाया जा रहा था कि अब कुछ अप्रत्याशित घट सकता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने तेवर बदले हैं और अब पार्टी ने राज्य की समस्याओं और दिक्कतों के निवारण पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। निश्चित रूप से किसानों की मांगों पर विचार होना चाहिए लेकिन इस बात का समर्थक कौन होगा कि किसानों के आंदोलन से पंजाब के उद्योग-धंधे और सरकारी कामकाज सब बाधित हो रहा है। पंजाब में बाहर से निवेश नहीं आ रहा, क्योंकि आम धारणा बन चुकी है कि यहां हमेशा आंदोलन चलते रहते हैं, रेल और सड़क मार्ग जाम कर दिए जाते हैं, न कच्चे सामान को लाया जा सकता है और न ही तैयार माल बाहर भेजा जा सकता है। ऐसे में सरकार की ओर से बंद रास्ते खुलवाने के लिए उठाए गए कदम उचित ही कहे जाएंगे।

गौरतलब है कि केंद्र एवं किसान संगठनों के बीच सात दौर की बैठकें हो चुकी हैं। अगर इतने दौर की बैठकों के बाद भी कोई हल नहीं निकल सका है तो और क्या उम्मीद की जा सकती है। इस बैठक में खुद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शिरकत की। यानी केंद्र सरकार ने किसी भी तरह से किसानों और उनकी मांगों को कमतर नहीं आंका है। हालांकि इस पर तो गंभीर मंथन होना ही चाहिए कि आखिर एमएसपी पर कानूनन गारंटी कैसे हो सकती है। इस बैठक वाणिज्य मंत्री ने किसानों के तर्कों का जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर यह कानून बना दिया गया तो इससे पंजाब एवं हरियाणा के किसानों को नुकसान होगा, क्योंकि फिर इन राज्यों के लिए कोटा निर्धारित करना पड़ेगा। इसके अलावा केंद्र सरकार को सभी वर्गों का ख्याल रखना है, ऐसे में सिर्फ किसानों के हितों के संबंध में फैसला लेना कितना उचित कहा जाएगा। इसके अलावा यह भी सही है कि अगर व्यापारी फसल खरीद से पीछे हट गए तो फिर फसल कौन खरीदेगा। बहरहाल, पंजाब सरकार ने यह जता दिया है कि वह राज्य के सभी वर्गों के हित में संजीदा है और अब किसी की भी हठधर्मिता नहीं चलेगी।

# हिमाचल पंजाब, पंजाब हिमाचल यह मुद्दा दो भाइयों को किस ओर ले जा रहा

गर्मी का मौसम शुरू होते ही पंजाब हरियाणा चंडीगढ़ से हजारों की तादाद में बाइक सवार व अन्य पर्यटक हिमाचल के ऐतिहासिक गुरुद्वारे मंदिर व हिमाचल की खूबसूरत हसीन वादियों में हिमाचल के अलौकिक नजारे लेने के लिए आते हैं।नैना माता मणिकर्ण साहिब कुल्लू मनाली लाहौल स्पीति सिस्सू शिमला कसौली धर्मशाला बैजनाथ पालमपुर किन्नौर लेह लद्दाख रिवालसर साहिब तक जाते हैं। बाइक के साथ-साथ हजारों की तादाद में पंजाब हरियाणा व अन्य राज्यों से पर्यटक कारों व लग्जरी बसों पर भी हिमाचल दर्शन के लिए आते हैं। पिछले कुछ समय से कुछ शरारती किस्म के लोग हिमाचल में आकर हुड़दंग कर पंजाबी कल्चर को बदनाम करने की घटिया साजिश कर रहे हैं जो यहां की जनता को यहां के वाशिंदों को नागवार है और होना भी चाहिए। हिमाचल एक शांति प्रिया प्रदेश है जो हमेशा से बाहर से आए लोगों को इज्जत मान सम्मान व प्यार देता आ रहा है। वहीं पर पंजाब में भी पंजाब पंजाबी और पंजाबियत का एक उच्च स्तरीय माहौल है जहां हर धर्म हर जाति के लोगों को मान सम्मान दिया जाता है।



पंजाबियों की दिलेरी के किस्से किसी से छुपे नहीं है। हर मुश्किल की घड़ी में पंजाबी हमेशा आगे रहे हैं चाहे करोना का मुश्किल वक्त रहा हो या देश विदेश में बाढ़ भूकंप अन्य प्राकृतिक आपदाएं पंजाबियों ने हमेशा आगे बढ़कर जनसेवा की है। यह उनके संस्कार वह गुरुओं की शिक्षा है।मगर आजकल कुछ नौजवान युवा बेवजह ही हिमाचल और पंजाब के बीच में माहौल को तनावपूर्ण करने का प्रयत्न कर रहे हैं। गौरतलब है जहां हिमाचल के टूरिज्म इंडस्ट्री में हिमाचल के राजस्व में पंजाबियों का बहुत बड़ा योगदान है। हिमाचल के टूरिज्म इंडस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में पंजाबियों का योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं पर पंजाब चंडीगढ़ हरियाणा दिल्ली में भी हजारों की तादाद में हिमाचली परिवार हिमाचली युवा रह रहे हैं कोई पढ़ाई के सिलसिले में कोई जॉब की सिलसिले में कोई व्यापार के सिलसिले में पंजाब चंडीगढ़ हरियाणा में रहते हैं। हिमाचल और पंजाब का आपसी भाईचारा एक सिक्के के दो पहलू हैं इन्हें अलग करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है । मगर आजकल कुछ नौजवान कुछ भटके हुए युवा हिमाचल व पंजाब में आपसी भाईचारे को आपकी सौहार्द को खराब करने में तुले हुए हैं। यह आम जनता के लिए आपसी भाईचारे के लिए बहुत बड़ा खतरा बन रहे हैं।

इस संवेदनशील मुद्दे को दोनों ही प्रदेशों की सरकारों को उच्च स्तरीय बातचीत के साथ सुलझाया जाना चाहिए। यह सच है कि पंजाब चंडीगढ़ के बिना हिमाचल का गुजारा नहीं है और हिमाचल के बिना पंजाब का गुजारा नहीं है । पंजाब हरियाणा से जितने भी पर्यटक बाइक पर या निजी गाड़ियों में आते हैं वह भी शांतिपूर्वक ढंग से आए गुरु साहिब के गुरुद्वारों में देवभूमि के ऐतिहासिक मंदिरों के दर्शन करें हिमाचल की सुंदरता को निहारें और एक अच्छा संदेश देकर जाएं। वहीं पर हिमाचल से पंजाब जाने वाले हजारों की तादाद में लोग वह भी शांतिपूर्वक ढंग से जाएं पंजाब में उनका भी मान सम्मान हो इज्जत मिले जितना कि पंजाब से आए हुए पर्यटकों को हिमाचल में हिमाचल के गुरुद्वारों में हिमाचल की जनता द्वारा दिया जाता है। मगर कुछ लोगों की ओछी हरकतों से पंजाब हिमाचल के बीच में जो तनाव बढ़ रहा है उसे रोकने के लिए दोनों ही राज्यों की सरकारों को पहल करनी चाहिए, प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि आपसी भाईचारे आपसे सौहार्द में किसी प्रकार की कोई कमी ना आए। हिमाचल और पंजाब एक हाथ है एक मुट्ठी है और एक किसी के दो पहलू हैं इन्हें अलग करना या ऐसा सोचना बहुत गलत है बहुत मुश्किल है और नामुमकिन है।

**-सुभाग सचदेवा**

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरूकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योग क्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिन भर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी। परंतु, आज परिस्थितियां बदली हुई सी दिखाई देती हैं। पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे रुझान के चलते युवाओं के खानपान में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देता है, दिनचर्या में परिवर्तन दिखाई देता है, रात्रि में बहुत देर से सोना और सूर्य नारायण के उदित होने के पश्चात दिन में बहुत देर से उठना आदि कारणों के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां नागरिकों को घेरने लगी हैं। अतः केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपने बजट में विशेष प्रावधान करने पड़ रहे हैं। आज, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा यह प्रयास किए जा रहे हैं



कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें और आज सरकार की यह प्राथमिकता बन गई है। देश में नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 175,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते आज भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी व्यापक कमी दृष्टिगोचर हुई है और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते एवं अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है।

भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है। अतः केंद्र सरकार ने कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा, अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए, सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3 वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से दिमागी बुखार से लड़ने में देश को बहुत सफलता मिली है। इससे होने वाली मृत्यु दर अब घटकर छह प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या भी घटी है। भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की सही ट्रैकिंग रखने के लिए -WIN नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है।

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## पूर्व परम्परा को पुनर्जीवित करें

अखिल भारतीय कांग्रेस का महा अधिवेशन हरियाणा के फरीदाबाद नगर में 27-28 मार्च को जो हो रहा है वह देश के लिए कई नजरियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस का अपना इतिहास इस बात का गवाह है कि देश जब भी संकट की घड़ी से गुजरा है तब ही राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत से उसका सामना किया। उसे सही रास्ते पर ले जाने के लिए उचित मार्ग दर्शन किया। इसलिए इस अधिवेशन का महत्व और भी बढ़ जाता है। देश इस समय एक अत्यंत गंभीर संकट में पड़ा हुआ है, एक तरफ केंद्र और राज्यों में सरकारों की स्थिरता का सवाल है और दूसरी तरफ विष की तरह फैल रही अराजकता है। पहले पंजाब व जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापना की समस्या थी और अब एक छोर से दूसरे छोर तक बढ़ रही अशांति सर्प सी मुंह बाय खड़ी है। क्या कभी अनुमान था कि सांप्रदायिक दंगों में फंसा बम्बई देश के दुगर्म बम्ब विस्फोट का शिकार बनेगा? क्या संभावना थी कि कभी गैर कांग्रेस शासित प्रदेश पश्चिमी बंगाल के कलकत्ता शहर में तीन मंजिला विशाल भवन ध्वस्त होकर मानवीय जान लेवा सिद्ध होगा। इससे पूर्व मंदिर और मस्जिद के विवाद से क्या कभी सोचा था कि भाई-भाई के खून का प्यासा बनेगा? क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित सरकार हर वक्त अस्थिरता के भय से डगमगाती रहेगी? इन सभी अन कही समस्याओं से पाला लेने के लिए कांग्रेस को एक शराफत राजनैतिक दल के रूप में पुर्नजीवित होना पड़ेगा। ऐसा करने के लिए जरूरी है कि सबसे पहले अन्दरूनी विवादों को खत्म किया जावे, नरसिंह राव कई मोर्चों पर गलत भी हो सकते है अपने अनुभवी राजनैतिक जीवन में प्रधानमंत्री के रूप में शायद उनका अनुभव जन साधारण के लिए कोई खुश गवार साबित न भी हुआ हो।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1413- हेनरी पंचम इंग्लैंड के राजा बना।
1791- अंग्रेजी सेना ने सुल्तान टीपू को हराकर बेंगलुरु पर अपना कब्जा किया।
1887- बम्बई में प्राथना समाज की स्थापना।
1916- महान शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ाँ का जन्म।
1935- फारसी भाषा वाले देश फारस का नाम बदलकर ईरान किया गया।
1957- अपने देश का भारतीय कैलेंडर सामने आया था।
1971- भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने अपना पहला टेस्ट शतक लगाया।
1975- इथोपिया में तीन हजार साल बाद राजतंत्र समाप्त।
1978- बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का जन्म।
1979- मिस्र की संसद ने इजरायल के साथ शाति संधि पर सहमति जताई।
1990- नाम्बिया को दक्षिण अफ्रीका से आजादी मिली।
2000- गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
2003: इराक पर अमेरिका ने हमला शुरू किया था।
2006- चीन और रूस ने रक्षा व ऊर्जा के क्षेत्र में तीन बड़े समझौते किए।
2008- वैज्ञानिकों ने शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन पर महासागर होने के नये साक्ष्य प्राप्त हुए।
2010: गौरैया नाम के चिड़िया को बचाने के लिए पहली बार 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया गया था।
2019- भारत ने अबूधाबी में सम्पन्न रहे विशेष ओलिम्पिक खेलों में 85 स्वर्ण समेत 368 पदक जीते।
2020- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में दो लाख 75 हजार लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई।
2020- अमेरिका में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कोरोना वायरस के पहले रैपिड टेस्ट को मंजूरी दी।

## बोल ब्यूटीफुल



**आरके विज:** किसी भी एक्टर को फिल्म में अदा की गई भूमिका से उत्पन्न कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। यदि ऐसी आशंका थी तो सेंसर बोर्ड का कर्त्तव्य था कि वह ऐसी फिल्म को दर्शकों तक पहुंचने ही न दें।

**हितानंद:** सुनीता विलियम्स ने आंतरिक्ष में नौ महीने गुजारकर धैर्य, साहस और आत्मविश्वास की अद्‌भुत मिसाल पेश की है जो तमाम लोगों के लिए प्रेरणा बनेगी। सीख यही है कि जो धैर्य के साथ डटा रहता है, वही इतिहास रचता है।

**संकेत उपाध्याय:** एक्स (ट्विटर) पर सक्रिय भारतीय उपभोक्ताओं को एआइ चैटबाट ग्रोक के रुप में एक खिलौना मिल गया है। इस समय डीपीसीक और चैटजीपीटी जैसे चैटबाट बहुत अकेला फील कर रहे होंगे।

## सतरंगी पर्दा

# सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म 'जाट' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार

### 'जाट' के विलेन हैं रणदीप हुड्डा



हरियाणवी छोरे अभिनेता रणदीप हुड्डा ने फिल्म 'जाट' के लिए एक बार फिर से अपने हुनर को साबित किया है। एक क्रूर गैंगस्टर 'रणतुंगा' की भूमिका निभाते हुए रणदीप ने खुद को पूरी तरह से किरदार में ढाल लिया है। उन्होंने मांसपेशियों का वजन बढ़ाया है और अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर काम किया है, ताकि अपनी सबसे खतरनाक और भयंकर भूमिका को पर्दे पर उतार सकें।

हुड्डा ने अपना आठ किलो वजन बढ़ाया, क्योंकि यह प्रोजेक्ट 'वीर सावरकर' के ठीक बाद था, जहां उन्होंने भारी मात्रा में वजन कम किया था। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, रणदीप हर भूमिका को निभाने के लिए अपने अनोखी सोच के लिए जाने जाते हैं और 'जाट' भी इससे अलग नहीं हैं। पहले दिन से ही वे 'रणतुंगा' को एक वास्तविक रूप से भयावह खलनायक बनाने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने किरदार को एक रॉ लुक देने के लिए अपने बाल बढ़ाए और अधिक भयावह अवतार देने के लिए अपने शरीर पर काम किया।'

रणदीप सुनिश्चित करते हैं कि उनके प्रदर्शन का कोई भी पहलू नकली न लगे। चाहे वह सरबजीत हो, 'स्वतंत्र वीर सावरकर' हो या अब 'जाट' रणदीप कभी भी किरदार पर मेहनत करने से पीछे नहीं हटते। अपने द्वारा निभाए जाने वाले किरदार में वह पूरी तरह से ढल जाते हैं और प्रशंसक उनके इसी अंदाज की प्रशंसा करते हैं। 'रणतुंगा' के साथ वे रणदीप का एक ऐसा रूप देखने जा रहे हैं, अधिक खतरनाक और वास्तव में डरावना होगा।

फिल्म का टीजर 6 दिसंबर को जारी किया गया था, जिसमें दर्शकों को एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म की झलक देखने को मिली। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित 'जाट' में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसांद्रा जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होगी।

### संकट में सनी देओल की 'सफर'



जूनियर हीमैन के तौर पर चर्चित रहे पूर्व सांसद और पंजाबी गबरू अभिनेता सनी देओल की साल भर पहले पूरी हो चुकी फिल्म 'सफर' संकट में हैं। यह फिल्म बेहद लोकप्रिय रही मराठी फीचर फिल्म 'प्रवास' की हिंदी रीमेक है। शशांक उदापुरकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में निर्माता ओम छंगाणी ने काफी मोटी रकम का निवेश किया है। सनी देओल के करीबी मित्र विशाल राणा ने यह पूरा प्रोजेक्ट बनाया है और इस फिल्म के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग सनी देओल ने फिल्म 'गदर 2' के सुपरहिट होने के तुरंत बाद की थी।

साल 2024 के जनवरी महीने में सनी देओल की फिल्म 'सफर' की टीम ने कड़ाके की ठंड में बर्फीली हवाओं और घने कोहरे के बीच चंडीगढ़ के पास पांच दिनों की आउटडोर शूटिंग की थी और उसके बाद पूरी टीम मनाली की घनी बर्फ में शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान में भी शूटिंग करते नजर आई थी। इस शेड्यूल के बाद फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाने का एलान किया गया था। फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन बग्गा मुख्य भूमिका में हैं और फिल्म के निर्माता इस फिल्म को रिलीज करने के लिए मुंबई के तमाम फिल्म प्रोडक्शन घरानों से मुलाकातें करते रहे हैं। चूंकि यह एक्शन फिल्म नहीं है और बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों एक्शन के अलावा और कुछ दर्शक पसंद ही नहीं कर रहे हैं। फिल्म 'सफर' से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इसके सैटेलाइट अधिकार, ओटीटी अधिकार और अन्य डिजिटल अधिकारों की वांछित रकम निर्माता अब तक हासिल नहीं कर पाए हैं। सनी देओल की एक फिल्म 'जाट' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लिहाजा इसकी हाइप का फायदा उठाकर 'सफर' के निर्माता भी गंगा पार करने की जुगत में हैं।

### एशा देओल की 'तुमको मेरी कसम'



पंजाबी गबरू धर्मेंद्र और ड्रीम गर्ल हेमामालिनी की बेटी एशा देओल जल्दी ही फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वे लंबे समय बाद परदे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया है। इसमें अनुपम खेर भी अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म की स्क्रीनिंग में एशा देओल की मां, चर्चित बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमा मालिनी भी पहुंचीं। अनुपम खेर ने यह बात साझा की है।

अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि हेमा मालिनी को यह फिल्म अच्छी लगी है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए खेर ने लिखा है, 'अच्छी फिल्म की खुशबू हर कोई महसूस करता है'।

यह फिल्म 21 मार्च को रिलीज होगी। इसमें अदा शर्मा और इश्वाक सिंह भी हैं। एशा साल 2015 के बाद फिल्मों में वापसी कर रही हैं। यह फिल्म आईवीएफ किंग डॉ. अजय मुर्डिया पर आधारित है। डॉ. अजय मुर्डिया ने देश में सबसे बड़ी आईवीएफ चेन इंदिरा आईवीएफ शुरू की। यह इमोशंस से भरपूर फैमिली फिल्म है।

### बॉबी देओल की 'अल्फा'



पंजाबी पुत्त बॉबी देओल की फिल्म 'अल्फा' इसी साल 25 दिसंबर को आएगी। इस फिल्म में उनके साथआलिया भट्ट भी होंगी। फिल्म में बॉबी देओल विलेन बन रहे हैं। यूं तो इस फिक्कर का सबसे ज्यादा इंतजार है, क्योंकि यह यहराज फिल्म्स की पहली फीमेल स्पाई फिल्म है।

इससे पहले 12 जनवरी को बॉबी देओल की 'डाकू महाराज' रिलीज हुई थी। फिल्म में बॉबी देओल विलेन बने थे, जिसमें उनका गजब का लुक और खूंखार अंदाज देखने को मिला था। इस फिक्कर ने 100 करोड़ से कई ज्यादा कमाई की है। अब मार्च में उनकी फिल्म 'हरी हारा वीरा मल्लू' आ रही है. फिक्कर में वो औरंगजेब का किरदार निभा रहे हैं, उनका लुक एकदम धांसू है।

देओल परिवार के लिए यह स्पेशल ईयर बताया जाता है। दोनों भाइयों की फिल्में जब रिलीज होती हैं तो बॉक्स ऑफिस पर गदर मच जाता है। बीते साल सिर्फ बॉबी देओल की फिल्में आई थी, जबकि इस साल देओल ब्रदर्स मिलकर खूब धमाल मचाने वाले हैं। इतनी तगड़ी प्लानिंग है कि अगर दोनों की फिल्में अच्छा कमा लेती हैं, तो समझिए कि वे बॉक्स ऑफिस पर राज करेंगे।

### काम चाहती हैं हेमा मालिनी



पंजाबी पुत्त धर्मेंद्र की पत्नी दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने इन दिनों फिल्मों से दूरी बना रखी है। उनकी आखिरी फिल्म 'शिमला मिर्च' थी, जो 2020 में रिलीज हुई थी। अब हेमा ने हाल ही में दोबारा फिल्में करने की इच्छा जाहिर की है। अगर मेकर्स उन्हें अच्छी फिल्में ऑफर करते हैं, तो वाह जरूर उन फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगी।

हेमा मालिनी ने कहा आज के दर्शक भी बड़े पर्दे पर फिल्में देखना चाहते हैं, यही वजह है कि 'पठान' और 'गदर-2' जैसी फिल्मों को बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। हेमा ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं फिल्में करना चाहूंगी। अगर मुझे कुछ अच्छे रोल्स मिलते हैं, तो मैं जरूर उन फिल्मों में काम करूंगी। आखिरकार मैं एक एक्ट्रेस भी हूं। मैं चाहूंगी कि सभी मेकर्स मुझे फिल्में ऑफर करें और मुझे साइन करें। मैं काम करना चाहती हूं, बस आप लोगों के आने का इंतजार है।' फिल्म 'बागबान' के जरिए वह लंबे समय बाद फिल्मों में कमबैक करने जा रही थीं। शुरुआत में हेमा इस फिल्म को करने से झिझक रहीं थी, लेकिन अपनी मां के कहने पर उन्होंने इस फिल्म में काम किया। फिल्म में अमिताभ बच्चन और हेमा की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया था।

**प्रस्तुतिः सुमित्रा**

# माता विंध्यवासिनी का पावन धाम सलकनपुर जहां पूरी होती हैं हर मनोकामना



मध्यप्रदेश की हृदयस्थली पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट होशंगाबाद से सीहोर जिला सटा है। सीहोर जिले की बुदनी तहसील से 25 किलोमीटर और होशंगाबाद से 35 किलोमीटर दूरी पर विंध्याचल की हसीन वादियों में प्रकृति ने अपनी अनमोल छटा बिखेर रखी है, जहां देवीधाम सलकनपुर है।

चारों ओर मनोहारी पर्वत श्रृंखलाएं हैं जिनमें एक पर्वत पर मां विंध्यवासिनी विजयासेन देवी का भव्य मंदिर बना हुआ है। शारदीय और चैत्रीय नवरात्रि में मां की चौखट पर माथा टेकने दूरदराज से लाखों लोग आते हैं और हरियाली से भरे इस 800 फीट ऊंचे पर्वत पर अलौकिक सौंदर्य के बीच मां की सुंदर प्रतिमा के दर्शन, परिक्रमा, वंदना, स्तुति कर अपने मन की मुरादें पूरी पाते हैं।

ऐतिहासिक रूप से पौराणिक कथाओं के आधार पर श्री नर्मदा परिक्रमा और नर्मदा तीर्थों का सेवन महाभारत काल से पूर्व से इस विजयासन शक्तिपीठ की प्रसिद्धि रही है। इस संदर्भ में स्कंद पुराण के अवंति खंड के रेवा खंड में वर्णित नेमावर तीर्थ को नाभि क्षेत्र कहा गया है और उसके बाद जिस सिद्धेश्वर वैष्णवी देवी तीर्थ का उल्लेख है, वह विंध्य पर्वत पर विराजमान मां विजयासन देवी का स्थान है।

कूर्म पुराण में तीर्थक्रम की व्याख्या में नर्मदा के उत्तर तट पर विंध्य पर्वत श्रेणी पर यशोदाजी की पुत्री का विराजित होना तथा सिद्धेश्वरी के नाम से प्रसिद्ध होने का प्रमाण है। शिव पुराण में पार्वती के जन्म के पूर्व देवताओं ने जो प्रार्थना की, उसमें विंध्यवासिनी, विजया, सिद्धेश्वरी नाम से देवी का गुणगान किया है।

भगवान श्रीकृष्ण की बहन की स्तुति एवं चर्चा विजया देवी के नाम से अनेक पुराणों में है जिससे स्पष्ट है कि पौराणिक कथाओं के आधार पर नर्मदा क्षेत्रीय तीर्थ सलकनपुर में जो विजया शक्तिपीठ है, वह अतिप्राचीन और पौराणिक मान्यताओं में देवीधाम सलकनपुर के विजयासन शक्तिपीठ की स्वयंभू घोषणा को प्रमाणित करता है। मान्यता है कि यह मंदिर 6,000 साल पुराना है, जहां जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचने पर इस मंदिर का जीर्णोद्धार अनेक बार किया जा चुका है। इसकी व्यवस्था भोपाल नवाब के संरक्षण में होती थी तब वहां पर अखंड धूनी और अखंड ज्योति स्थापित की जा चुकी थी, जो सालों से आज भी प्रज्वलित है। गर्भगृह में देवी की प्रतिमा स्वयंभू है जिसे किसी के द्वारा तराशा नहीं गया, परंतु बाद में चांदी के नेत्र एवं मुकुट आदि से देवी को सजाया गया है।

विजयासन देवी की प्रतिमा के दाएं-बाएं जो 3 संगमरमर की मूर्तियां हैं, उनके विषय में मान्यता है कि गिन्नौर किले के वीरान होने पर एक घुम्मकड़ साधु इन्हें यहां पर ले आया था। स्वतंत्र भारत की मध्यप्रदेश विधानसभा ने 1956 में इस मंदिर व्यवस्था का पृथक से अधिनियम बनाया, जो 1966 में लागू हुआ तथा मंदिर की व्यवस्था प्रजातांत्रिक तरीके से गठित समिति के हाथों में आई। सलकनपुर देवीधाम में जहां मां विजयासन का मंदिर है, वह धरातल से 800 फुट की ऊंचाई पर है जिसमें पत्थर की 1,065 सीढ़ियां चढ़कर विंध्याचल पर्वत के उच्चासन पर विराजमान मां के दर्शन करने का लाभ प्राप्त होता है। 2003 के बाद मंदिर ट्रस्ट के द्वारा मंदिर तक पहुंचने के लिए पहाड़ी को काटकर सड़क मार्ग से व्यवस्था की गई है जिसमें 500 वाहन प्रतिदिन मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था है तथा उक्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी की गई है।

सलकनपुर देवीधाम पहुंचने के लिए रेलमार्ग द्वारा होशंगाबाद रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सीहोर जिले के बुदनी स्टेशन उतरकर वहां से बस द्वारा जाया जा सकता है। इसके अलावा माता के दर्शनों के लिए भोपाल से 70 किलोमीटर सड़क मार्ग से आया जा सकता है, वहीं औबेदुल्लागंज से 35 किलोमीटर सड़क मार्ग से भी मंदिर पहुंच सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

शारदीय एवं चैत्रीय नवरात्रि के मौके पर रोजाना भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद, पिपरिया, सोहागपुर, बैतूल आदि स्थानों से 200 किलोमीटर की दूरी भक्तगण टोलियां बनाकर गाते-बजाते पैदल ही आते हैं और सुबह 4 बजे की आरती में शामिल होकर स्वयं को धन्य पाते हैं।

भक्तों का कहना है कि जब तक मां के दरबार से बुलावा नहीं आता, कोई भी उनके दर्शन नहीं पा सकता है। इसलिए जो दर्शन को बार-बार आते हैं, वे स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं। चैत्रीय और शारदीय नवरात्रि में पूरे 9 दिनों तक भक्तों की भीड़ होती है और प्रतिदिन 1 से लेकर 5 लाख तक भक्तगण मां के दर्शनों की कतार में होकर दर्शन पाते हैं। भक्तों का कहना है कि मां विजयासन उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं तभी हजारों की संख्या में प्रतिदिन पैदल ही मां का ध्वज हाथों में उठाए 'जय बोलो शेरावाली का', 'सांचे दरबार की जय हो' के उद्घोष के साथ भरी दोपहरी हो या ठंड हो, ये भक्त नंगे पांव, पांव में छाले पड़ने के बाद भी परिवार सहित नन्हे-नन्हे बच्चों एवं बुजुर्गों को साथ लिए एक कारवें के रूप में मंदिर की ओर कदम बढ़ाए जाते हैं।

# निर्णय लेने से पहले सोच समझ कर कीजिए फैसला: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चीका मंडी।** प्रत्येक निर्णय लेने से पहले आपको हमेशा इसके पक्ष और विपक्ष पर विचार करना चाहिए, ताकि आप सुनिश्चित हो सकें कि यह वही है जो आप चाहते हैं। बिना सोचे समझे कोई योजना नहीं है। योजनाओं के बिना, कोई कदम नहीं हैं। बिना कदमों के कुछ भी हासिल नहीं होता। अच्छी शक्तियों का साथ पाने के लिए अच्छी संगत करनी होगी। ऐसी ताकते दिखती नही पर आप उनका अनुभव कर सकते है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने चीका मंडी तेरापंथ भवन में कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा आज हम जो भी करेंगे कल उसका परिणाम निकलेगा अब यह इस पर निर्भर करता है की हमने अपनी समझ का कैसा उपयोग किया। सजग रहकर ,तर्कपूर्ण दृष्टि रखकर हम आने वाले कल को सुंदर बना सकते हैं यह अपने हाथ में होता है। विवेक से काम करें तो उदासी, तनाव, क्रोध ,अंहकार और अन्य प्रकार की बुराइयों पर विजय मिलती है, जीवन खुशहाल होता है। क्या ही अच्छा होता अगर लोग अपने अच्छे या बुरे वर्ताव का कारण बता दे, दिल से छल को मिटा दे,अपने बारे में सब सुनने और कहने की हिम्मत रखे यह एक सफलता की सीधी राह बन सकती है। सब साफ़ होने पर एक नै राह मिलती है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया ज्ञान एक प्रकार की शक्ति है इसे कब, कैसे प्रयोग करे इसका सटीक ज्ञान ही हमारे जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल देता है। हमारे मस्तिष्क में उठते अच्छे और बुरे विचार भी इसमे सहयोग करते हैं। इसलिए कहा है हमेशा विचारों पर नियंत्रण रखना चाहिए ये हमारी सफलता में सहायक होते हैं। विश्व में तीन प्रकार के मनुष्य है अधिकांश मनुष्य सामान्य है जो संसारिक जीवनयापन करने के लिए जन्म लेते है कुछ दुष्ट है जो समाज में अशांति अश्लीलता भष्ट्राचार भेदभाव हिंसा करने के लिए जन्म लेते है और कुछ सज्जन है जो समाज में शांति शालीनता शिष्टाचार भाईचारा अहिंसा फैलाने के लिए जन्म लेते है। विश्व के मनुष्य संसारिक सुख प्राप्त करने के लिए मनोरंजन करते है जिसमें यात्रा करना स्वादिष्ट भोजन करना वस्त्र आभूषण एकत्रित करना शरीर की सौन्दर्य को महत्व देना खेल व प्रेम प्रसंग सम्बन्ध में अत्याधिक रूचि लेना जब इनकी पूर्ति होती है तो सम्पत्ति व प्रसिद्ध के लिए मानसिक व शारीरिक परिश्रम करते है अधिकांश मनुष्य अपने कर्तव्य उत्तरदायित्व व उद्देश्य की पूर्ति के लिए जीवनभर परिश्रम करते है परन्तु इन सब संसारिक वस्तु व भावनाओं में किसी की पूर्ति नहीं होती है तो दुख प्राप्त करते है और जिनकी पूर्ति होती है तो सुख प्राप्त करते है। परन्तु अधिकांश मनुष्य असुरक्षित स्थानों जीव जन्तु व दुष्टों से दूरी बनाकर भी सुख से जीवनयापन कर सकते है।

## ईईएसएल मार्ट ने ऊर्जा कुशल उपकरणों के साथ आगे का मार्ग प्रशस्त किया

**शिमला।** आज के समय में, ऊर्जा-कुशल घरेलू उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग कार्बन फुटप्रिंट को कम करना और बिजली के बिलों में बचत करना चाहते हैं। ईईएसएल ने इंडक्शन चूल्हों, ट्यूब लाइट, पंखे, बल्ब से लेकर अति-दक्ष एयर कंडीशनरों को ऊर्जा दक्षता के साथ पर्यावरण अनुकूल व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये अत्याधुनिक उत्पाद पर्यावरणीय लाभों के साथ-साथ ऊर्जा बचत करते हैं जिससे वे किसी भी पर्यावरण के प्रति जागरूक घर के लिए एक स्मार्ट विकल्प बन जाते हैं।भारत में ऊर्जा-कुशल उपकरणों और समाधानों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में ईईएसएल का ई-कॉमर्स वेबसाइट ईईएसएल मार्ट.इन हाल ही में लाइव हुआ है।व्यवसायों और लोगों को अपने अत्याधुनिक समाधान प्रदान करके ईईएसएल का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना और भारत को ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान देना है।1900 रूपये का ईईएसएल का 1200 वाट इंडक्शन कुक टॉप कुशलता के साथ तेजी से खाना पकाने की सुविधा देता है।इसके साथ ही यह पारंपरिक चूल्हों या गैस बर्नर की तुलना में कम बिजली खपत करता है।

## रियलमी ने रियलमी पी 3 अल्ट्रा 5 जी और रियलमी पी 3,5 जी लॉन्च किए

**शिमला।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने खास भारत के लिए डिजाइन की गई रियलमी पी 3 सीरीज की दूसरा श्रृंखला पेश की है।इस सीरीज में रियलमी पी 3 अल्ट्रा 5 जी और रियलमी पी 3, 5जी पेश किए गए हैं, जिनसे भारतीय यूजर्स के लिए अनुकूलित अत्याधुनिक इनोवेशन की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। रियलमी ने परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और गेमिंग के बेहतरीन अनुभव पर केंद्रित रहते हुए पी3 सीरीज 5जी पेश की है, जिसने मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं, और यूजर अनुभव में सुधार लाने के लिए सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन पेश किए हैं।रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी सीमाओं को बढ़ाते ही नहीं हैं,बल्कि उन्हें खत्म कर देते हैं। मिड रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित करके ये डिवाईस अत्याधुनिक डिजाईन के साथ शानदार परफॉर्मेंस प्रदान कर रही हैं, ताकि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में भी उनका दबदबा बना रहे।रियलमी एक मेक इट रियल सिद्धांत के अनुरूप,ये दोनों स्मार्टफोन बेहतरीन कारीगरी,अत्याधुनिक इनोवेशन, और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी की मिसाल पेश करते हैं, साथ ही ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं।

## ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आरइवी एक्सपो 2025 में अत्याधुनिक सोलर एवं ईवी सॉल्यूशंस किए पेश

**चंडीगढ़।** पॉवर सॉल्यूशंस के अग्रणी प्रदाता ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने चंडीगढ़ के एग्ज़ीबिशन ग्राउंड में आयोजित रेव एक्सपो (रिन्युएबल एनर्जी एंड इलेक्ट्रिक वेहिकल) के तीसरे संस्करण में अपने अत्याधुनिक समाधान पेश किए। रेव एक्सपो सोलर एनर्जी, एनर्जी स्टोरेज, ईवी और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित इवेंट है, जिसमें उद्योग के लीडर्स, उद्यमी, और सस्टेनेबिलिटी के समर्थक क्लीन एनर्जी और सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए एक मंच पर आते हैं। यह एक्ज़ीबिशन ईस्टमैन के लिए अपने अत्याधुनिक सोलर सॉल्यूशंस पेश करने और भारत के लिए सस्टेनेबल एनर्जी की अपनी प्रतिबद्धता मजबूत करने के लिए एक अद्वितीय मंच थी। ईस्टमैन के बूथ ने इनोवेटिव सोलर एवं ईवी सॉल्यूशंस के साथ, भारत को रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक वेहिकल सॉल्यूशंस की ओर बढ़ने में मदद करने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कंपनी की पेशकशें स्वच्छ, प्रभावी और किफायती ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती मांग को संबोधित करती हैं। ईस्टमैन के स्टॉल पर आगंतुकों को दिलचस्प अनुभवों के साथ उत्पादों का इंटरैक्टिव प्रदर्शन और सस्टेनेबल सोलर सॉल्यूशंस के बारे में विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त हुआ।

## एसएस इनोवेशन्स ने दूसरे ग्लोबल एसएमआरएससी 2025 में किया भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट मंत्राएम का अनावरण

चंडीगढ़। भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट -एसएसआई मंत्राएम' का अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकिसा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एसएसआई मंत्राएम के लॉन्च पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन और सीईओ, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, एसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल युनिट से कहीं बढ़कर है।

# एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

महापुरुष-संतजन यही सन्देश, यही पैगाम दे रहे हैं कि हम इस सत्य की, इस अकाल पुरख, परमात्मा, निराकार, इस रमे हुए राम की जिसके अनंत नाम है की पहचान करें। नामों से ऊपर उठें और नामी की पहचान करें-

एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ।

कि इस एक को एक करके जान लें, इस एक को एक करके मान लें और जब एक को एक करके मान भी लेंगे तोएकता के सूत्र में बंध जायेंगे। फिर कोई पराया, कोई बेगाना नज़र नहीं आयेगा, फिर सारे अपने नज़र आयेंगे। फिर भाईचारे की भावना को मजबूती मिलेगी और इसी भाईचारे की भावना से युक्त होकर हम संसार में विचरण करेंगे। फिर वाकई ही क्रियात्मक रुप दे दिया जायेयगा इस अवस्था में आने के कारण जो ÷वसुधैव कुटुम्बकम्÷ का वाक्य धर्मग्रन्थों से हमें प्राप्त हुआ है कि सारी वसुधा के ऊपर बसने वाले लोग एक कुटुम्ब का हिस्सा हैं, एक परिवार का अंग हैं, इसी को हम भाईचारा कह रहे हैं कि ये भाईचारा स्थापित होता चला जाये और वाकई ही वसुधैव कुटुम्बकम् का स्वरुप हमें दोने को मिल जाये। अगर भाई भाई से ही टकराने लगेगा, अगर भाई भाई का ही वैरी बन जायेगा, अगर एक इन्सान दूसरे इन्सान का दमन करता चला जायेगा, एक दूसरे की जानें लेता चला जायेगा तो इस वसुधा के ऊपर बसने वाला कुटुम्ब, खुदा परवरदिगार का कुटुम्ब तो न हुआ, फिर तो ये कुछ और ही बन गया। इसीलिए इन्सान को आज पुन÷ उस अवस्था में लाने की कोशिशें की जा रही हैं। महापुरुष परोपकार कर रहे हैं ताकि इन्सान पुन÷ अपने मूल में स्थापित हो जाये। ये यअपनी असली पहचान बनाये और फिर उन्हीं भावनाओं से युक्त होकर ये संसार के सफर को तय करे जो सफर इसके लिये यऔर औरों के लिये कल्याणकारी हो ऐसा ये जीवन जिएं।

जन्म ले लेने के बाद और शरीर की मृत्यु होने के बीच का जा वक्फा है इसी की कीमत है, इसी कामोल डालें। जो भी जन्मा है उसने मरना भी है, हमेशा कोई भी नहीं रहता है और ये भी नहीं पता कि कितनी देर रहता है। गले स्वांस का भरोसा नहीं है, अगले पल का भरोसा नहीं है कि अगला स्वांस आयेगा की नहीं आयेगा। बोलते-बोलते लोग खामोश हो जाते हैं, पता ही नहीं चलता है और बोलते-बोलते, सुनते-सुनते स्वांस भी उखड़ जाता है। एक-एक स्वांस कीमती है, इसलिये एक-एक पल जो हमारा बीत रहा है इसको इस कदर सुन्दर बनायें कि ये जन्म और मरण के बीच का ये जो सफर है, ये जो वक्फा है, ये खूबसूरत बन जाये, यानि कि हमारे जीवन की चाल सुन्दर बन जाये, ऐसा हमने कर गुज़रना है। वाकई ही जो भक्तजन होते हैं उनके जीवन के भी दो तट होते हैं, एक जन्म के रुप में और दूसरा मरण के रुप में। दो तटों के बीच में गंगा की निर्मल धारा बहती है और गंदे नाले के भी दो ही तट होते हैं। यानि कि जन्म और मरण अज्ञानी के साथ भी जुड़ा है और ज्ञानी के साथ भी है। भक्त के साथ भी जुड़ा हुआ है और साकत-मनमुख के साथ भी, तो ये दोनों ही पहलू, यानि कि जन्मना और मरना- राम गइओ रावनु गइओ जा कउ बहु परवार। कहु नानक थिरु कछु नहीं सुपने जिउ संसार।

## पंचांग

शुक्रवार, 21 मार्च, 2025, सूर्योदयः 06:24 ए एम, सूर्यास्तः 06:33 पी एम, चन्द्रोदयः 01:04 ए एम, मार्च 22, चन्द्रास्तः 10:16 ए एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः फाल्गुन, पूर्णिमान्त महीनाः चैत्र, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः सप्तमी - 04:23 ए एम, मार्च 22 तक, नक्षत्रः ज्येष्ठा - 01:46 ए एम, मार्च 22 तक, योगः सिद्धि - 06:42 पी एम तक, करणः विष्टि - 03:38 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 04:23 ए एम, मार्च 22 तक, सूर्य राशिः मीन, चन्द्र राशिः वृश्चिक - 01:46 ए एम, मार्च 22 तक, राहुकालः 10:57 ए एम से 12:28 पी एम, गुलिक कालः 07:55 ए एम से 09:26 ए एम, यमगण्डः 03:31 पी एम से 05:02 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:04 पी एम से 12:53 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:50 ए एम से 09:38 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:53 पी एम से 01:41 पी एम, अमृत कालः 04:08 पी एम से 05:53 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** संतान की चिंता दूर होगी, रुके हुए काम बनेंगे शारीरिक स्वस्थता तथा मानसिक प्रफुल्लितता का अनुभव होगा।

**वृषः** कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग से नवाजा है- इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए।

**मिथुनः** आज का दिन अच्छे परिणाम देने वाला है। आज घर वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बितायेगें। परिवार का महौल खुशनुमा बना रहेगा।

**कर्कः** आज प्रॉपर्टी में निवेश का सही समय है। विरोधियों को आप उनकी ही चाल में फंसा देंगे। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे।

**सिंहः** आपकी ओर से समर्पित दिल और बहादुरी का ज?बा आपके जीवन-साथी को खुशी दे सकता है।

**कन्याः** आज कोर्ट कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। साथ ही किसी अच्छे वकील को सहयोग भी आपको मिल सकता है।

**तुलाः** आज आपका आर्थिक पक्ष उत्तम रहेगा। आप अपने काम की उन्नति को लेकर भी बहुत उत्साहित हैं। व्यर्थ के झगड़ों एवं विवादों से बचने का प्रयास करें।

**वृश्चिकः** वाहन चलाते वक्त सावधानी बरतें, खास तौर पर अगर आप रात के समय यात्रा कर रहें हों। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी।

**धनुः** आज खुद को बेहतर साबित करने के लिए कई सारे मौके मिलेंगे। इस राशि के वकीलों को आज कोई बड़ा केस मिल सकता है।

**मकरः** आज जरूरत पड़ने पर आपको मदद जरूर मिलेगी। किसी दूर के रिश्तेदार से अचानक मिली खबर आपका दिन बना सकती है।

**कुंभः** आज के दिन आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता अहि- मुमकिन है कि आप जरूरत से ज्यादा खर्च करें या आपका बटुआ खो भी सकता है।

**मीनः** आज आपको विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे किसी पर भसोरा ना करें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उपायुक्त ने जिला के 1707 लाभार्थियों को जारी की पहली किश्त**

# गरीब के पक्के मकान के सपनों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है केन्द्र व हरियाणा सरकार: डॉ. मनोज कुमार

पहली किश्त के अंतर्गत लाभार्थियों को घर बनाने की शुरूआत करने के लिए मिलेंगे 45 हजार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के 36 हजार पात्र लाभार्थियों को विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से पहली किश्त जारी करते हुए प्रदेश के सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने लाभार्थियों को संबंधित करते हुए कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाएं और उसी दायित्व को पूरा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही है।

लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बटन दबाकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला के 1707 लाभार्थियों को पहली किश्त जारी की। उन्होंने बताया कि पहली किश्त के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को घर बनाने की शुरूआत करने के लिए 45 हजार रूपये मिलेंगे। आज जिला के 1707 लाभार्थियों को कुल 07 करोड़ 68 लाख 15 हजार की राशि जारी की गई है।



उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला के 05 हजार 308 लोगों ने आवेदन किया था, जिनमें से 03 हजार 83 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के साथ-साथ 01 हजार 606 आवेदनों को अपात्र किया गया था। उन्होंने बताया कि 733 पात्र लाभार्थियों को पहले पैसा जारी कर दिया गया था और 1707 लाभार्थियों को आज पहली किश्त जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 03 हजार 83 लाभार्थियों में से 02 हजार 440 लाभार्थियों को पैसा जारी कर दिया गया है।

उन्होंने इस योजना से जुड़े सभी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने गरीब परिवार के पक्के मकान को पूरा करने के सपने को पूरा करने के लिए जो धरातल पर कार्य किया है वह अपने आप में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और हम इस जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा कर रहे हैं।

उपायुक्त ने कहा कि गरीब के पक्के मकान के सपनों को पूरा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। पिछले दिनों जिन गरीब परिवारों के पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं थी, प्रदेश सरकार ने जिला के विभिन्न गांवों के लोगों को 100-100 गज के प्लॉट वितरित किए ताकि वे वहां अपना मकान बना सके। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस पैसे का इस्तेमाल मकान बनाने के लिए ही करें ताकि भविष्य में उनको और पैसा भी मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को एक लाख 38 हजार रूपये दिए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च 2025 से शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे परिवार जिनका वर्ष 2018 में हुए सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं हुआ था और जो परिवार इस स्कीम से अपात्र या छूट गए थे वे भी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस सर्वे के लिए सभी ग्राम पंचायतों में संबंधित ग्राम सचिवों को सर्वेयर के तौर पर नियुक्त किया है। अब कोई भी जरूरतमंद परिवार फोन या सीएससी से अपने घर का सर्वे कर आवास प्लस 2.0 एप 2024 पर अपलोड कर सकता है।

## ऑक्सफोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट ने भारत में अपनी उपस्थिति को किया मजबूत, कई नए परीक्षा केंद्रों की हुई शुरुआत

**अमृतसर।** ऑक्सफोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट एक डिजिटल भाषा मूल्यांकन प्लेटफॉर्म है, जो अब भारत में अपने ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल टेस्ट सेंटर नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। नए परीक्षा केंद्रों की स्थापना मदुरै, भटिंडा, गंगानगर, आणंद और नडियाद में की गई है, जिससे अब अधिक छात्र एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में अंग्रेज़ी भाषा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परीक्षा दे सकेंगे। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल तीन घंटे की संरचित परीक्षा है, जो अधिकृत केंद्रों पर ऑनलाइन आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में स्थिर इंटरनेट कनेक्टिविटी और कम से कम व्यवधान सुनिश्चित किया जाता है, जिससे परीक्षार्थियों को सुगम अनुभव प्राप्त होता है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आदर्श है, जिन्?हें निगरानी वाली व्?यवस्?था पसंद है, जबकि जो पूरी तरह से ऑनलाइन परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल विकल्प मौजूद है। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी को विश्व स्तर पर 200 से अधिक विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिनमें यूके के प्रतिष्ठित रसेल ग्रुप के संस्थान भी शामिल हैं।

# 'ऑटोमोबाइल में एमिशन कंट्रोल' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के रॉयल एनफील्ड प्रशिक्षण केंद्र में 'ऑटोमोबाइल में एमिशन कंट्रोल' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्नातक छात्रों और शोधार्थियों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी की पहल को लेकर ज्ञानवर्धन करना था।



कार्यशाला में विश्वविद्यालय और रॉयल एनफील्ड प्रशिक्षण केन्द्र दोनों के विशेषज्ञ वक्ता शामिल रहे, जिन्होंने ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डीन (एफईटी) प्रोफेसर राज कुमार ने की तथा प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रोफेसर राज कुमार ने प्रदूषण को कम करने में ऑटोमोबाइल में एमिशन कंट्रोल की भूमिका पर चर्चा की।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद गुप्ता ने आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भविष्य को आकार देने में ऐसे कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान समन्वयक डॉ. भूपेंद्र यादव ने किया, जिसमें उन्होंने आधुनिक ऑटोमोबाइल प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी। इस सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों में ऑटोमोटिव उद्योग में उपयोग किए जाने वाली एमिशन कंट्रोल प्रणालियों को लेकर समझ उत्पन्न करना था। रॉयल एनफील्ड की ओर से श्री दीपिंदर सिंह ने कार्यशाला के उद्देश्यों का अवलोकन प्रदान किया। कार्यशाला का समापन रॉयल एनफील्ड प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक डॉ. भूपेंद्र यादव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। डॉ. यादव ने कार्यशाला को सफल बनाने वाले सभी उपस्थित वक्ताओं तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अनिल विज ने 'एसडी चटर्जी फुटबाल चौक' की स्थापना के लिए 12 लाख रुपए किए जारी

वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के समक्ष होगा बनेगा चौक

नगर परिषद ने फुटबॉल चौक का डिजाइन तय किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अम्बाला, 20 मार्च।** अम्बाला छावनी में फुटबॉल का सुनहरा दौर फिर से लौटे इसके लिए हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने फुटबॉल के दादा कहे जाने वाले ÷एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक÷ की स्थापना करवा रहे हैं और इस शुभ कार्य के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 12 लाख रुपए नगर परिषद को जारी कर दिए हैं।

श्री विज ने नगर परिषद को एसडी चटर्जी की याद में फुटबॉल चौक निर्माण करने को कहा है। इस राशि से आगामी दिनों में नगर परिषद द्वारा वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के समक्ष एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक का निर्माण कराया जाएगा।

अम्बाला छावनी में फुटबॉल के सुनहरे दिन फिर से लौटे इसके लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज पहले ही अम्बाला छावनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के फीफा एप्रूव्ड फुटबॉल का निर्माण करवा चुके हैं जो अब निर्माण के अंतिम चरणों में है।

अभी गत दिनों ही फुटबाल प्रेमियों की ओर से आयोजित एसडी चटर्जी फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान भी कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मंच से कहा था कि ÷वो कौमे फना हो जाया करती है जो अपने पूर्वजों को याद नहीं करती÷। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई थी कि चटर्जी के परिवार सदस्य भी कई सालों बाद यहां आए, है और यह चटर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है जो उन्होंने इस शहर के लिए किया और कई खिलाड़ी तैयार किए।

### नगर परिषद ने फुटबॉल चौक का डिजाइन तय किया

फुटबॉल चौक के निर्माण को लेकर नगर परिषद अधिकारियों ने इसके डिजाइन को भी अंतिम रूप दे दिया है। नगर परिषद द्वारा आगामी दिनों में फुटबॉल चौक के निर्माण कार्य को प्रारंभ किया जाएगा जोकि बेहद आकर्षक होगा।

### एसडी चटर्जी के समय कभी यौवन पर था फुटबॉल

अम्बाला छावनी में दादा के नाम से मशहूर एसडी चटर्जी के समय में अम्बाला छावनी की फुटबॉल ने बुलंदियों को छुआ था और तब अम्बाला की फुटबॉल की धाक थी जिसने मोहन बगान, मोमडन स्पोर्टिंग व अन्य नामी टीमों को धूल चटाई थी।

### कैबिनेट मंत्री अनिल विज का फुटबॉल से अपार प्रेम रहा

वहीं, फुटबाल खेल के प्रति कैबिनेट मंत्री अनिल विज का आपार प्रेम रहा है और उन्हीं की बदौलत अम्बाला छावनी में वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम को नया रूप दिया गया गया है। यहां पर करोड़ों रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम बन रहा है जोकि निर्माण के अंतिम चरणों में है। स्टेडियम के पूरी तरह बनते ही अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले यहां होंगे जिससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोग ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभः धर्मवीर सिंह

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से तीन मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल युनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही हैं। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल युनिट ने आज सुबह थानेसर हल्के के दबखेड़ी और दोपहर बाद जोगनाखेड़ा में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। इन मोबाइल मेडिकल युनिट के संचालन पर प्रकाश डालते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है।

# पीआरपीसी ने 125 दिव्यांगजनों को मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का किया वितरण

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 20 मार्च।** पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के जरूरतमंद दिव्यांगजनों की मदद करने हेतु इंडियनऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हुए समझौते के तहत आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 125 मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया।

श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने श्री ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पीआरपीसी, श्री गौरव, सचिव, जिला पानीपत रेड क्रॉस सोसायटी, श्री एस के रथ, एलिम्को, एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के 125 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निशुल्क मोटर चालित तिपहिया साइकिलें प्रदान की।

इस अवसर पर श्री एम एल डहरिया ने अपने संबोंधन में कहा कि पीआरपीसी इंडियनऑयल के मूल मूल्य ÷राष्ट- प्रथम संरक्षण एवं विश्वास÷ के तहत आज इस नेक काम को किया है। हमारा प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट इंडियनऑयल अपने अथक प्रयासों से न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा है बल्कि अपने मूल मूल्यों के तहत कई तरह के समाज कल्याण के कार्य विशेषकर दिव्यांगजनों की मदद के लिए भी आगे बढ़कर कार्य कर रहा है। उन्होने आगे कहा कि पीआरपीसी की इस निस्वार्थ सेवा के जरिए दिव्यांगजनों को आसानी से अपनी आजीविका अर्जित कर आत्मनिर्भर बनने और साथ ही देश के समावेशी विकास के लिए उन्हे अपना योगदान देने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और अपने परिवार एवं खुद के लिए कुछ कर दिखाने का होंसला बढ़ाया।

इससे पहले श्री विवेक शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक, (सीसी एवं सीएसआर) ने अपने स्वागत भाषण के अंतर्गत पीआरपीसी प्रबंधनवर्ग की ओर से पानीपत एवं करनाल जिले के आसपास के गांवों में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व तथा कॉर्पोरेट पर्यावरण दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। एलिम्को को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लगभग 63 लाख रूपये (तिरसठ लाख रूपये मात्र) प्रदान किए हैं।

# पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस का एक्शनः किसानों द्वारा लगाए गए अवरोधक हटाए जा रहे हैं, हाईवे पर यातायात सामान्य होने की उम्मीद

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 20 मार्च।** नरवाना पंजाब और हरियाणा के बीच किसान आंदोलन के कारण पिछले 13-14 महीनों से बॉर्डर बंद थे, जिससे न केवल यातायात बल्कि व्यापार पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा था। इस समय में पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों द्वारा पक्के अवरोधक डालकर रास्ते बंद किए गए थे, जिससे दोनों राज्यों के बीच यात्रा करने वाले लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। अब, पंजाब पुलिस द्वारा किसानों को हिरासत में लेने के बाद, हरियाणा पुलिस ने भी इस मामले में एक्शन लिया है और अवरोधक हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

आज सुबह से ही हरियाणा पुलिस जिला जींद में बॉर्डर पर लगाए गए अवरोधकों को हटाने के काम में जुटी हुई है। इस कार्य के लिए भारी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिनके जरिए बड़े-बड़े अवरोधकों को हटाया जा रहा है। जिला जींद पुलिस ने जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क से अवरोधकों को हटाने में तेजी दिखाई है। दोपहर तक, एक साइड के अवरोधक पूरी तरह से हटा दिए गए थे, जिससे लोगों को राहत मिली। हालांकि, पंजाब की साइड पर अवरोधक हटाने में थोड़ा समय लग सकता है, क्योंकि यहां किसानों ने पक्के अवरोधक और अपने आशियाने भी बना रखे थे, जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

वहीं पंजाब पुलिस भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाते हुए, ट्रैक्टर ट्रालियों और जेसीबी मशीनों के जरिए हाईवे को खाली करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। पंजाब पुलिस ने किसानों द्वारा बंद किए गए रास्तों को फिर से खोलने के लिए खनौरी मंडी के अनाज मंडी में ट्रैक्टर ट्रालियों और अन्य सामान को पार्क करना शुरू कर दिया है। हालांकि, पंजाब पुलिस को यहां भी बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि किसानों द्वारा लगाए गए पक्के अवरोधकों को हटाना आसान काम नहीं है।

### बड़ी सुरक्षा व्यवस्था और खतरे से निपटने के लिए पुलिस की तैयारी

हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए दाता सिंह बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था इस कदर कड़ी की गई है कि किसी भी असमाजिक तत्व द्वारा शांति भंग करने की कोशिश को नाकाम किया जा सके। बॉर्डर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की झड़प या अनहोनी से बचने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

### बॉर्डर खुलने की उम्मीद और जनता की खुशी

बॉर्डर पर हो रही इस कार्रवाई से इलाके के लोग बेहद खुश हैं। वे लंबे समय से प्रभावित हो रहे थे और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही यातायात सामान्य हो जाएगा। लोगों का कहना है कि पिछले 13-14 महीनों में बॉर्डर बंद रहने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा था। सामान का जो परिवहन रुपये 100 में होता था, वह रुपये 300 में हो रहा था। इसके अलावा, लिंक रूटों पर यात्रा करने से कई सड़क हादसे भी हो रहे थे, जिससे जानमाल की हानि भी हो रही थी। बॉर्डर खुलने से न सिर्फ लोगों को समय की बचत होगी, बल्कि सामान के परिवहन में भी आसानी होगी। व्यापारियों और आम जनता प्रशासन के साथ हैं, क्योंकि इस समय लोगों को हर ओर राहत की उम्मीद है।

# लाफ्टर योगा में छीपा है अच्छे स्वास्थ्य का खजानाः गुलजारा राम

## स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है योग एवं प्राणायाम, युवा वर्ग नशों से दूर रहे

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 20 मार्च।** योग एवं प्राणायाम से व्यक्ति जहां रोगों से दूर रहता है वहीं तनाव मुक्त रह कर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। यह कहना है गांव काठेमाजरा के योग साधक गुलजारा राम का, वे कहते है कि योग में तो सभी आसनों का स्वास्थ्य की दृष्टि से अलग-अलग महत्व है लेकिन हास्य आसन का अपना एक अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे स्वास्थ्य के लिए हसना भी बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि वे हास्य आसन करते हुए न केवल स्वयं हंसते है बल्कि अपने हंसी के ठहाकों से दूसरों को भी हंसने पर मजबूर कर देते है। उन्होंने कहा कि वे नशों से दूर है और पिछले करीब 15 सालों से योग से जुड़े हुए है। वे प्रति दिन एक घण्टें योग एवं प्राणायम करते है। उनका सदैव प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़े और स्वास्थ्य लाभ ले। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग योग से जुड़े और नशों से दूर रहे।

उन्होंने बताया कि हास्य आसन, जिसे लाफ्टर योगा भी कहते हैं, कई तरह के शारीरिक और मानसिक लाभ प्रदान करता है, जैसे तनाव कम करना, मूड बेहतर करना, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना।

हास्य आसन के लाभ - जिनमें शारीरिक लाभ, तनाव कम करना, हँसी तनाव के स्तर को कम करती है, जिससे मन शांत और तनावमुक्त होता है।

चिकित्सकों के अनुसार हास्य आसन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है-हँसी से प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है, जिससे व्यक्ति बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाता हैं।

हृदय स्वास्थ्य में सुधार-हँसी से रक्त संचार बेहतर होता है, जो रक्तचाप को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

दर्द कम करना-हँसी से शरीर में एंडोर्फिन (प्राकृतिक दर्द निवारक) का स्तर बढ़ता है, जो दर्द को कम करने में मदद करता है।

पेट की मांसपेशियों को मजबूत करना-हँसी से पेट की मांसपेशियों को व्यायाम मिलता है, जिससे वे मजबूत होती हैं। ऊर्जा बढ़ाना-हँसी से शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ता है, जिससे आप अधिक सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करते हैं। मानसिक लाभ-मूड बेहतर करना हँसी से एंडोर्फिन और डोपामाइन जैसे खुशी हार्मोन निकलते हैं, जिससे मूड बेहतर होता है।

## राजकीय आईटीआई कैथल में कैंपस प्लेसमेंट 25 को

**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** राजकीय आईटीआई कैथल में 25 मार्च को कैपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दर्जनों प्रतिष्ठित कंपनियां आईटीआई पास कर चुके विद्यार्थियों को शिक्षुता व जोब पर लेंगी। इसे लेकर संस्थान के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कैंपस प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया तथा विभिन्न अधिकारी व कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट में स्वराज इंजन लि0 मोहाली, हीरो मोटो कार्प नीमराना राजस्थान आदि के द्वारा फीटर, टर्नर, मशीनीस्ट, मैकेनिक डीजल, टूल एंड डाई, एमएमवी, वैल्डर व अन्य कोर्सों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 11000 से 17325 रूपये तक वेतन दिया जाएगा। बता दें कि आईटीआई में विद्यार्थियों को न केवल आधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है बल्कि को उनको विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट भी करवाई जा रही है। 2024 में संस्थान के करीब 370 विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट करवाई जा चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आहवान किया वे कैंपस में बढ चढकर भाग लेते हुए रोजगार की ओर बढें।

## न्यूज ब्रीफ

### अपने विवादों को स्थायी लोक अदालतों में निपटाएंः सीजेएम



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में न्यायिक परिसरों के अंदर स्थाई लोक अदालतों का गठन किया गया है। इन अदालतों का उद्देश्य आम जनता को त्वरित, सुलभ और निःशुल्क न्याय प्रदान करना है, विशेषकर उन मामलों में जो जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित हैं। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि इन अदालतों में परिवहन, टेलीफोन, डाक सेवाएं, आवास एवं संपदा, जन स्वच्छता, अस्पताल, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं, बीमा, विद्युत, जल आपूर्ति, शिक्षा जैसी सेवाओं से जुड़े विवादों का निपटारा किया जाता है। इन सेवाओं से संबंधित कोई भी विवाद बिना किसी शुल्क के निपटाया जाता है। उन्होंने बताया कि स्थाई लोक अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि एक करोड़ रुपये तक के विवादों का निपटारा किया जा सकता है। इन अदालतों में मुकदमा दर्ज किए बिना भी विवादों का समाधान संभव है। यदि किसी को अधिक जानकारी की आवश्यकता हो, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है 01732-220840 पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकता है।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** देवराज विनायक चैरिटेबल क्लीनिक आजाद नगर के सभागार में सीनियर सिटीजन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लीनिक संस्थापक देवराज विनायक ने की तथा संचालन डा. विजय दहिया ने किया। इस अवसर पर एसो. के प्रधान के. एस. खरबंदा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा सचिव हरीश कुमार व समाज सेवीका विजय बब्बर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डा. सरिता गुलाटी, डा. अनूप गुप्ता, डा. अगम दीप सिंह व डा. विजय दहिया ने शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तथा मरीजों को आवश्यकता के अनुसार दवाइयां निशुल्क दी गई व लैब टैस्ट भी निशुल्क किये गये। संस्थापक देवराज विनायक ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. अजय राणा मरीजों की जांच करेंगे, वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हर महीने की 20 तारीख को किया जाएगा और इस शिविर में भी मरीजों को दवाइयां निशुल्क दी जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि शिविर के दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को जीवन रक्षक किट भी गई व कैम्प लगभग 145 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और दवाइयां फ्री दी गई।













# हिमाचल के लोग अभी भी झेल रहे विस्थापन का दंश : सुक्खू

**बिना समय सीमा आबंटित विद्युत परियोजनाओं को वापस लेने के लिए लेंगे कानूनी राय : मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री ने की अन्तरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां अन्तरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि नदियों के जल के पर्याप्त दोहन से जल विद्युत उत्पादन की अपार क्षमताओं को देखते हुए हिमाचल प्रदेश पूरे विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा दोहन का एक केन्द्र बिन्दु बनता जा रहा है। यह सम्मेलन 22 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पास पानी ही एक मुख्य संसाधन है जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जाने चाहिए थे, लेकिन उसमें भी कहीं न कहीं हमारे साथ न्याय नहीं हुआ और हम पीछे रह गए। उन्होंने कहा कि विश्व में जल संसाधनों के दोहन का लाइसेंस सामान्यतः 35 से 40 वर्ष तक की अवधि के लिए दिया जाता है, लेकिन शुरू-शुरू में हमारे जल संसाधनों को जल विद्युत परियोजनाएं लगाने के लिए हमेशा के लिए बिना समय सीमा दे दिया गया। ऐसी बहुत सारी परियोजनाएं हैं जिन्हें हिमाचल प्रदेश को वापिस सौंपने की कोई समय सीमा तय नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी परियोजनाओं को हिमाचल को वापिस दिलाने के लिए कानूनी राय ली जा रही है।

श्री सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस विषय पर हमारी तरह संघर्ष ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ेगी तो ऐसी सभी परियोजनाएं जहां हमारे हितों का ध्यान नहीं रखा गया, राज्य सरकार उनका निर्माण स्वयं करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य ने विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए राष्ट्र हित में बहुत बड़ा योगदान दिया परन्तु इन पर बने बांधों से प्रदेश में काफी लोगों को विस्थापित भी होना पेड़ा। भाखड़ा बांध तथा पौंग बांध के कारण विस्थापित हुए लोग अभी भी समुचित हक से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इनके अधिकारों को वापस दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

श्री सुक्खू ने कहा कि यह दुख की बात है कि हिमाचल सरकार को अपने हिस्से की बिजली लेने के लिए भी सर्वोच्च न्यायालय में जाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बांधों के जलाशय में पानी के भराव से प्रदेश में जहां खुशहाली भी आती है, बरसात में बाड़ के दौरान अगर कहीं ज्यादा पानी छोड़ना पड़ गया तो बांध के नीचे की ओर रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए हमें बांधों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें भविष्य की प्राकृतिक आपदाओं के लिए पहले ही सचेत और पूर्ण रूप से तैयार रहना है क्योंकि हम वर्ष 2023 में भी हिमाचल की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा का दर्द झेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि बांध बनने के बाद हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाएं बड़ी हैं। उन्होंने बांध प्राधिकरण को निर्देश दिए कि बांध से पानी छोड़ने से पहले इसके नीचे के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया जाए।

श्री सुक्खू ने बांधों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ-साथ इनकी आयु बड़ाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव और सरंचनात्मक अखंडता की आवश्यकता पर बल दिया। जलवायु परिवर्तन और अन्य कारण हिमालय क्षेत्र में बांध सुरक्षा के लिए नई चुनौतियां पेश करते हैं तथा इस पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने अभियन्ताओं से कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी बांध सुरक्षा प्रावधानों को लागू किया गया है। राज्य में बने बांधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने बांध सुरक्षा समिति का गठन किया है जो सभी बांधो के रखरखाव व सुरक्षा का अनुश्रवण करती हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, हिमाचल प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष डी.के. शर्मा तथा डैम सेफ्टी सोसयटी के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## राज्य सरकार किसी भी सूरत में किसानों को उजड़ने नहीं देगी-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां चौड़ा मैदान में हिमाचल प्रदेश किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल से बात की। इस अवसर पर किसान सभा की ओर से पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों और बागवानों का कल्याण सुनिश्चित करना वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता है और उन्हें किसी भी सूरत में उजड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन को बचाने के लिए बजट में एग्रीकल्चर लोन इंटरेस्ट सबवेन्शन स्कीम का प्रावधान किया गया है जिसके तहत किसानों की जमीन को नीलाम होने से बचाया जाएगा। इस योजना के तहत तीन लाख रुपये कृषि लोन चुकाने के लिए बैंको के माध्यम से राज्य सरकार वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लायेगी, जिसके अन्तर्गत मूलधन पर लगने वाले ब्याज का 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार देगी और इस योजना पर 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। श्री सुक्खू ने कहा कि उन्होंने स्वयं खेतीबाड़ी का काम किया है और उनकी माता जी आज भी गांव में खेती करती हैं। वह किसानों की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं और उनका समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित थे।



# जयराम ने संजय अवस्थी को घेरा तो उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया पलटवार



**हिमाचल विधानसभा बजट सत्र**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए वीरवार को कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने जयराम सरकार के समय में एडीबी के सहयोग से बनीं परियोजनाओं को निजी हाथों में सौंपने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सदस्य जो बोल रहे हैं, वह तथ्य पर नहीं बोल रहे हैं। एडीबी से अभी तो इसमें बजट आना है। उन्हें तथ्य पर बोलना चाहिए। जयराम ने तंज किया कि वर्तमान में अवस्थी मुख्यमंत्री के बहुत दिल के करीब हैं। मेरे पड़ोसी भी हैं। हम सौहार्द से रहते हैं। आप मुख्यमंत्री को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कुल्लू, मनाली, सराज आदि में एडीबी के सहयोग से जो संपत्तियां आपने बनाई, वह निजी सेक्टर को दे दीं। इतना पैसा लगाकर अगर निजी क्षेत्र को देना है तो इस बारे में सोचना पड़ेगा। अवस्थी ने कहा कि ऐसा कौन सा मानसिक दबाव है कि नेता प्रतिपक्ष को हर बात पर बोलना ही होता है। चच्योट में भी आधारभूत ढांचा बनाया गया और उसे भी निजी हाथों में दे दिया गया है। अगर ये सच्चे हितैषी हैं तो इन्हें बजट की सराहना करनी चाहिए। अवस्थी ने कहा कि आज जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह परिवर्तन का दौर है। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान पर भी केंद्र सरकार ने कटौती की है। आज अपने प्रदेश को आगे ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी बढ़ेगी तो प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों के खिलाफ भी सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। 2032 तक प्रदेश भारत का सबसे अमीर राज्य होगा। बजट में इसकी आधारशिला रखी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा में देह व्यापार भंडाफोड़

**कांगड़ा (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पालमपुर के लोअर मैंझा क्षेत्र में एक होटल में चल रहे देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर होटल मालिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को पिछले कुछ समय से इस होटल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो महिलाओं को भी रेस्क्यू किया है। इन महिलाओं को जबरन देह व्यापार में धकेला गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध दस्तावेज और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगा रही है कि यह रैकेट किसी बड़े गिरोह से जुड़ा है या नहीं। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था। इसके पीछे एक बड़े नेटवर्क की आशंका है। पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है।

### हिमाचल बैंक कर्मचारी 2 दिन की हड़ताल करेंगे

**शिमला (अप्रस)।** देश भर के बैंक कर्मचारी संगठनों ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 24–25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इस हड़ताल में करीब 10 लाख बैंक कर्मचारी और अधिकारी शामिल होंगे। हड़ताल की मुख्य मांगों में पांच दिवसीय बैंक सप्ताह की सहमति का तत्काल क्रियान्वयन और बैंकों में रिक्त पदों की भर्ती शामिल है। हिमाचल प्रदेश में भी इस हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिलेगा। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के हिमाचल प्रदेश राज्य महासचिव प्रदीप कौंडल और अन्य बैंक यूनियन नेताओं ने बताया कि हड़ताल के दौरान सभी बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। हमीरपुर में बैंक कर्मचारी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च के अंत में होने वाली इस हड़ताल से सरकार को करोड़ों–अरबों रुपए का नुकसान हो सकता है। साथ ही आम लोगों को भी बैंकिंग सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि रिक्त पदों की भर्ती न होने से उन पर काम का अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। वे चाहते हैं कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करे और जल्द से जल्द समाधान निकाले।

### पुलिस ने नशा तस्कर की कोठी ध्वस्त की

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** नशों के खिलाफ शुरू किए गए मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज बटाला पुलिस ने नशा तस्कर जीवन कुमार पुत्र गुलशन कुमार, निवासी गांधी नगर कैंप, बटाला की कोठी को जे.सी.बी. मशीनों से ध्वस्त कर दिया।

# वन भूमि पर जीवन निर्वाह करने वालों की 50 बीघा तक जमीन होगी नियमित, मिलेगा मालिकाना हक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** वन भूमि पर जीवन निर्वाह करने वालों की 50 बीघा तक जमीन नियमित होगी। वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों में लोगों को 50 बीघा तक मालिकाना हक मिलेगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने वीरवार को विधानसभा में प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कब्जे नियमित करने के लिए लोगों को निर्धारित फार्म पर आवेदन करना होगा। इसके लिए ग्राम सभा का अनुमोदन और दो लोगों की गवाही जरूरी होगी। इसके अलावा कोई खर्चा नहीं होगा। दावेदार का कब्जा इस भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पहले तीन पुश्तों तक होना चाहिए। अधिनियम में दावा करने वालों को फार्म भरना होगा। पत्नी का नाम भी जरूरी होगा। पत्नी बराबर की हिस्सेदार होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग से हैं तो प्रमाण पत्र लगाना होगा, सामान्य वर्ग से हैं तो गांव के निवासी होने का पहचान पत्र वोटर आई कार्ड या आधार कार्ड लगाना होगा। साक्ष्य के लिए दो बुजुर्गों के बयान लगेंगे जो पुष्टि करेंगे कि दावेदार का कब्जा इस भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पहले तीन पुश्तों तक का है। जिस भूमि पर दावा जता रहे हैं उसकी लंबाई और चौड़ाई की जानकारी नक्शा नजरी बनवा कर दे सकते हैं। प्रार्थना पत्र को पंचायत की ग्राम सभा से वन अधिकार समिति (एफआरसी) के माध्यम से अनुमोदित किया जाएगा। समिति में अधिकतम 15 लोग हो सकते हैं एक तिहाई महिलाएं होनी चाहिएं, एक अध्यक्ष होगा एक सचिव होगा।

यह कमेटी मौके पर जा कर दावों को लेकर रिपोर्ट बनाएगी। कमेटी लिखित सूचना पटवारी और गार्ड को देगी, और इन्हें अनिवार्य तौर पर कमेटी के साथ मौके पर जाना होगा। बिना सूचना दिए अगर नहीं जाते तो 1000 रुपये जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। एफआरसी को अधिकार नहीं कि दावे को स्वीकृति दें, इनका काम सिर्फ मौके पर जाकर सत्यापन करने का है। कमेटी अपनी टिप्पणी में लिखेगी कि संबंधित जमीन पर पेड़ है, खेत है, मकान है या चरागाह है। हर प्रार्थना पत्र का सत्यापन करने के बाद कमेटी पंचायत सचिव के माध्यम से विशेष ग्रामसभा को भेजेगी। ग्राम सभा में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यस्क वोट कर सकेंगे, सामान्य ग्राम सभा में 18 साल से अधिक आयु का सिर्फ एक व्यक्ति ही वोटर होता है लेकिन विशेष ग्राम सभा में परिवार के सभी व्यस्क वोट दे सकेंगे। ग्राम सभा में 50 फीसदी लोग यदि प्रार्थी के दावे का अनुमोदन करते हैं तो मालिकाना हक मिलना निश्चित हो जाएगा। ग्राम सभा सभी अनुमोदित मामले सत्यापन के लिए उपमंडल स्तरीय समिति को भेजेगी। उपमंडल स्तरीय समिति सभी मामलों के सत्यापन के बाद जिला स्तरीय समिति को भेजेगी। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली समिति दावों का निपटारा और दस्तावेजीकरण कर स्वीकृति देगी जिसके बाद दावेदार को भूमि का पट्टा देकर मालिकाना हक दिया जाएगा। जगत नेगी ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए जिला और उपमंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी, इसके लिए उपायुक्तों को निर्देश भेजे जा रहे हैं।

### भाजपा की दो सरकारों ने नहीं किया कोई काम

राजस्व मंत्री ने कहा कि 2008 से लेकर 2012 तक भाजपा सरकार केंद्र सरकार से वन अधिकार अधिनियम के स्पष्टीकरण का इंतजार करती रही। 2012 से 2017 के बीच कांग्रेस सरकार ने पंचायत स्तर पर एफआरए कमेटियां गठित की। 2017 से 2022 तक भाजपा सरकार में कोई काम नहीं हुआ, हमने आंदोलन चलाया जिसके बाद किन्नौर में कुछ केस निपटाए गए। इस सरकार में अब तक 4863 मामले निपटा दिए गए हैं। सामुदायिक वन अधिकार मामले में चंबा में अब तक सबसे अधिक 22730 हेक्टेयर वन भूमि समुदाय के नाम हुई है।

### अतिक्रमण को बढ़ावा नहीं देना, जीवन निर्वाह की भूमि पर मालिकाना हक देना है

राजस्व मंत्री ने कहा कि सरकार का मकसद वन भूमि पर अतिक्रमण को बढ़ावा देना नहीं है, सरकार जीवन निर्वाह के लिए इस्तेमाल हो रही भूमि पर मालिकाना हक देना चाह रही है। नेगी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में चल रहे गोधावर्धन मामले में सरकार पार्टी बनेगी। शहरी क्षेत्रों अथवा सड़कों के किनारे ढारे बना कर जीवन निर्वाह करने वालों को भी इस एक्ट में राहत मिलेगी बशर्ते ग्राम सभा इसका अनुमोदन करे।

## विमल नेगी पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में हजारों लोग हुए शामिल

**किन्नौर (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन (एचपीपीसीएल) के मुख्य अभियंता दिवंगत विमल नेगी का निचार खंड के अंतर्गत कटगांव में गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने विमल नेगी अमर रहे के नारे भी लगाए। इस दौरान हर आंख नम थी। उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा और एसडीएम निचार नारायण चौहान प्रशासन की ओर से मृतक के घर पहुंचे और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से नेगी के परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी। जानकारी के अनुसार शिमला से उनका शव सुबह 6.00 बजे कटगांव में पहुंच चुका था। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से लोगों ने श्रद्धांजलि दी।कटगांव में 11.00 बजे के करीब अंतिम संस्कार किया गया।

# सोलन में अर्की अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अर्की।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में अर्की नागरिक चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट पिछले ढाई महीने से बंद पड़ा है। प्लांट को संचालित करने वाले कर्मचारियों का अनुबंध 10 जनवरी को समाप्त हो गया था। यह आक्सीजन प्लांट कोरोना महामारी के दौरान 16 दिसंबर 2021 को करोड़ों रुपए की लागत से स्थापित किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल और राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रत्न सिंह पाल ने इसका उद्घाटन किया था। बता दें कि, अर्की क्षेत्र में सीमेंट के दो बड़े उद्योग होने के कारण यहां धूल प्रदूषण अधिक रहता है। इस कारण सांस के मरीजों की संख्या भी ज्यादा है। प्लांट चालू रहने के दौरान सांस, चर्म रोग, दमा समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ऑक्सीजन की सुविधा मिल रही थी।

**अधिकार बोले- स्वीकृति मिलने पर दुबारा चालू होगा :** मरीजों के रिश्तेदारों का कहना है कि स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले में यदि स्वास्थ्य सुविधाओं का यह हाल है, तो अन्य जिलों की स्थिति और भी खराब होगी। उन्होंने सरकार से प्लांट को जल्द से जल्द चालू करने की मांग की है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ताराचंद नेगी ने बताया कि प्लांट बंद होने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

## कुल्लू में लारजी स्थित पिन पर्वती नदी में डूबे दो छात्र, नहाने उतरे थे दोनों

**कुल्लू (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के लारजी स्थित पिन पर्वती नदी में दो आईटीआई छात्र डूब गए हैं। वीरवार दोपहर बाद दोनों छात्र यहां नहाने के लिए उतरे थे। दोनों छात्र अभी तक लापता चल रहे हैं। सूचना के बाद सेंज पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आसपास के लोग भी यहां युवकों की तलाश कर रहे हैं। नदी के एक कोने में पानी अधिक होने से तलाश के लिए गोताखोर बुलाए गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों विद्यार्थी आईटीआई थलौट में अध्यनरत हैं और लारजी में वह बिजली की ट्रेनिंग के लिए आए थे। इस दौरान दोनों छात्र नहाने के लिए नदी में उतर गए थे। स्थानीय लारजी पंचायत के प्रधान गुड्डू राम ने कहा कि दोनों विद्यार्थियों की तलाश जारी है। डीएसपी बंजार शेर सिंह ठाकुर ने कहा कि लापता विद्यार्थियों की तलाश चल रही है।


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**E-Procurement Notice INVITATION FOR BIDS (IFB)**

**The Executive Engineer, Bhoranj Division HPPWD, Bhoranj** on behalf of Governor of H.P invites the Item rate/ Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the work as per detail given below:-

| Sr. No. | Name of Work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Tender | Starting date for downloading Bid | Deadline for submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Path from main road Naltu Manoh Chowk to Transformer HPSEBL Village Naltu GP Dhamrol ( SH:- P/L GSB, Cement Conc. Pavement at RD 0/00 to 0/085) ( VKV/2024256) | 241740/- | 5000/- | 350/- | 21-03-2025 | 25-03-2025 |

The bidders are advised to note all details of tenders, changes, if any i.e. date, amount etc. from the department website www.hptenders.gov.in.
1. If opening day is a holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time.
2. The officer inviting tender shall not be held liable for any delay due to system failure beyond its control. It is the bidder's responsibility to verify the website for the latest information related to the tender. HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK
For details log on to website https://hptenders.gov.in.

Executive Engineer, Bhoranj Division,
HPPWD Bhoranj, Pin Code 176045, Tel. No. 01972-266099 e-mail : eepwd-bhoranj-hp@gov.in
For and on behalf of Governor of HP.
RO 6002_2024-2025
HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK

AP10596

Online

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer HP PWD Division Dalhousie HP on behalf of Governor of HP invites the % rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HP PWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (Rs. | Earnest Money | Cost of Tender form (Rs.) | Time Limit | Eligible Class |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Retrofitting work of PRIORITY LIST I.C.I CHC Bathri Chamba (HP) (SH:- Provision wire mesh in lintel and sill belts in Horizontal and vertical Jambs at Corner and along with Doors and windows and reparing of Slab. | 616889.00 | 12500.00 | 350/- | Three Months | D & C |

2. KEY DATES
1. Starting date for downloading bid 25.03.2025 at 5:00 PM
2. Deadline for submission of Bid 03.04.2025 at 11:00 AM
3.DateofTechnical Bid Opening 03.04.2025 at 11 :30 A.M.

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons thereof. The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

RO 5969_2024-2025 Executive Engineer, Dalhousie Division, HP.PWD, Dalhousie

AP10597


# जल्द घोषित होंगी जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां : प्रतिभा सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मंडी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें किसी भी प्रकार से हताश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मंडी जिले में पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा जो बहुत ही दुखदाई है, पर उन्हें इससे सबक लेते हुए अब आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अब ग्राम पंचायतों व नगर निकायों के चुनाव होने हैं। इसके लिए अभी से सभी को तैयार होना होगा। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि इन चुनावों में ऐसे कर्मठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाए जिन्हें पार्टी में अभी तक कोई भी मौका या पद नहीं मिला है। इसके लिए तेरा मेरा न होकर जीत की क्षमता रखने वालों को आगे लाना होगा। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि जल्द ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहित जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां घोषित होंगी। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी में कर्मठ व जो पार्टी को समय दे पाए उन्हें पूरी तवज्जो दी जाएगी। वीरवार को मंडी में मंडी सदर, बल्ह, सराज द्रंग व जोगिंदर नगर ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मलेन की अध्यक्षता करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि अगर संगठन मजबूत होगा तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बेहतर कार्य कर रही है और उन्हें यह कार्य व सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच ले जानी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को पूरी प्रमुखता दी रही है। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने विकास के नाम पर केवल राजनीति की जबकि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान लोगों की हरसंभव मदद की।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि आपदा की बजह से प्रदेश को जो नुकसान हुआ। उसकी भरपाई करने की वजह से सरकार अपने कुछ कार्यों को समय पर शुरू नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने सभी वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार प्रदेश की कोई भी आर्थिक मदद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय जिस प्रकार से पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आपदा प्रभावित लोगों की मदद की वह बहुत ही सराहीनय है।

उन्होंने कहा कि संगठन में वरिष्ठ नेताओं सहित पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। प्रतिभा सिंह ने बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं के विचारों का समर्थन करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि जो अपेक्षाए उन्हें उन से हैं उन पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह विकास कार्य आज भी लोग याद करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों का जो प्यार व विश्वास उनके प्रति है इसे वह कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि आज की यब बैठक शुरुआत है और वह जल्द ही वह प्रदेश के सभी जिलों के सभी ब्लॉकों में पार्टी के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगी।

# घग्गर नदी के 6 किलोमीटर में बनेगा पर्यटन स्थल

पीएमडीए ने माजरी चौक से सेक्टर 28 तक नदी के तट को विकसित करने की योजना बनाई

फैंसी कैफे, फूड कोर्ट, किराना स्टोर और बैठने की जगह का होगा बंदोबस्त



अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** सूखना लेक की तर्ज पर अब पंचकूला में बहने वाली घग्गर नदी को भी सुंदर, व्यवस्थित और जीवंत पर्यटन स्थल में तब्दील करने की तैयारी है। माजरी चौक से सेक्टर 28 तक नदी के इस 6 किलोमीटर लंबे हिस्से को पर्यटन स्थल के रूप में फैंसी कैफे, फूड कोर्ट, किराना स्टोर और बैठने की जगह के साथ एक खूबसूरत जगह को विकसित किया जाएगा। महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) को इस परियोजना को पूरा करने का जिम्मा सौंपा गया है।

विकास योजना में क्षेत्र के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए रोशनी बढ़ाने और अन्य सजावट शामिल हैं। इस परियोजना को पहले हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा शुरू किया जाना था। हालांकि, अब पंचकूला इस बड़ी परियोजना के लिए सलाहकार नियुक्त करने की प्रक्रिया जारी है। वहीं नियम और शर्तों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भी आकर्षित करेगा।

**हटाया जाएगा कचरा या अपशिष्ट, बड़ी चुनौती :** क्षेत्र के विकास से पहले नदी के किनारे से कचरा या अपशिष्ट हटाया जाएगा, और क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने के लिए एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। रुके हुए पानी को भी साफ किया जाएगा, और यहां की धारा को नियंत्रित किया जाएगा। नदी के किनारे से धारा को नियंत्रित करना या कचरे को साफ करना इस परियोजना को शुरू करने के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है।

### घग्गर में पानी की मात्रा कम कैसे पूरा करेंगे

सेव घग्गर के सह-संस्थापक मोहित गुप्ता का कहना है कि ऋजहां भी रिवरफ्रंट विकसित किया गया है, यहां बहता पानी है। घग्गर में पानी की मात्रा कम है, वे इसे कैसे पूरा करेंगे। इस परियोजना को यहां चलाना बुद्धिमानी नहीं होगी और यह पैसे की बर्बादी होगी। बेहतर होगा कि इस भूमि को किसी अन्य उद्देश्य जैसे कि बगीचे के लिए परिवर्तित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि घग्गर नाले का एक हिस्सा पहले ही परिवर्तित हो चुका है। सेक्टर 26 में हर्बल गार्डन बाढ़ नाले पर है। पिछली बार गोल्फ कोर्स की झोपड़ी बाढ़ के दौरान बह गई थी। अधिकारियों को बाढ़ नाले के क्षेत्र का सीमांकन करने की जरूरत है।

# नशे के विरुद्ध पंजाब की तर्ज पर हरियाणा भी कारवाई करें : सुरेंद्र राठी

युवाओं को बर्बादी से बचाने की लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने चाहिए लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही



अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा अंबाला अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने कहा है कि पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी सरकार नशे के खिलाफ कार्रवाई करें एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटानसेज एक्ट) को शक्ति से लागू करें। हरियाणा में युवा नशे की गर्त में जा रहे हैं। नशे के कारण कई घर उजड़ रहे हैं। सुरेंद्र राठी ने कहा कि सरकारी संरक्षण के बिना नशे का कारोबार फल फूल नहीं सकता सोची समझी रणनीति के तहत युवा पीढ़ी को नशे की लत में धकेला जा रहा है ताकि वह रोजगार न मांग सके। सरकार को नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

छात्रों, युवा संगठनों और पंचायतो के साथ बैठक करके नशे की रोकथाम के लिए उपयुक्त कदम उठाने चाहिए। नशे के खिलाफ सरकार को जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी भी निभानी चाहिए। युवा नशे की चपेट में आकर अपराधों की तरफ आकर्षित को रही है। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में अपहरण और डकैती के मामले बढ़े हैं। सुरेंद्र राठी ने कहा कि युवाओं को बर्बादी से बचाने की लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने चाहिए लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही। हरियाणा में जनता नशे की वजह से बहुत परेशान है और परिवार के परिवार नशे की वजह से बर्बाद हो रहे है। पता नहीं सरकार नशे पर क्यूं नकेल नही डाल रही है, क्यूंकि अवैध नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है। स्मेक ऐसे बिक रही है जैसे दूध व नमक की थैलियां बिकती है।

# डिटेक्टिव स्टाफ ने धरा शातिर बाइक चोर, 7 बाइक व एक स्कूटी बरामद



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में पिछले कुछ समय से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। जिसको लेकर पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने सभी क्राइम ब्रांच इन्चार्ज, थाना चौकी प्रभारियों को शहर में अपने अधीन क्षेत्र में गश्त बढ़ाने व ईआरवी व राइडर पर तैनात पुलिसकर्मियों को हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के सख्त आदेश दिए थे। जिसके तहत डिटेक्टिव स्टाफ के जांच अधिकारी मुख्य सिपाही कंवरपाल ने गुप्त सूचना के आधार पर शातिर बाइक चोर के सकेतडी पार्क से काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान कृष्णा निवासी गांव भैसा टिब्बा के रुप में हुई है।

**यह है मामला :** मनसा देवी थाना में दी शिकायत में प्रदीप कुमार ने बताया कि वह सेक्टर-20 पंचकूला में परिवार के साथ रहता है और ठेकेदारी का काम करता है और कामकाज के लिए बाइक मजदूरों को दे रखी थी। इसी दौरान 19 फरवरी को सेक्टर-6 पंचकूला में बाइक को सेक्टर-6 स्थित निर्माणादीन स्कूल के बाहर खडा किया था। जो कि बाद में गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात बाइक के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया व आरोपी की तलाश में जुट गई।

**अलग अलग 9 मामले दर्ज :** अब पुलिस की जांच में आया है कि आरोपी के खिलाफ पंचकूला के अलग-अलग थानो में बाइक चोरी के 9 मुकदमें दर्ज है और अन्य मुकदमें चण्डीगढ़ व डेराबस्सी में भी है। पुलिस ने आरोपी से 8 बाइक रिकवर की है। इससे पहले भी कुछ बाइक रिकवर हुई है। सभी बाइक डम्पिंग ग्राउंड के पीछे जंगल से रिकवर हुई है। आरोपी नशे का आदि थी व नकली चाबी लगाकर बाइक चोरी कर लेता था। आरोपी को गुरुवार को न्यायलय में पेश किया। पूछताछ में आरोपी से बाइक रिकवर हो गई। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल की छात्राएं हुई चयनित



**कालका (जग्गी)।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल की तीन छात्राएँ 22 मार्च 2025 को 'अनमैथ स्कूल' की प्रतिष्ठित 'ग्लोबल मैथ डिबेट लीग' के अंतर्राष्ट्रीय चरण में नेपाल, ओमान, यूएई और श्रीलंका के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस प्रकार की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर छात्राओ ने विद्यालय के मुकुट मे अमूल्य रत्न जड़ दिया है। लावण्या चौहान, मान्या अग्रहरी और आराध्या ने स्क्रीनिंग, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय चरण में असाधारण प्रदर्शन के साथ एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। उन्होंने 7 देशों के 5000 से अधिक स्कूलों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा की। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सबसे प्रतिभाशाली युवा दिमागों को एक साथ लाती है,जो वैश्विक मंच पर गणितीय वार्ताऋ, आलोचनात्मक सोच और सहयोगी समस्या-समाधान को बढ़ावा देती है। प्राचार्य डॉ. पीयूष पुंज ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि यह एक असाधारण उपलब्धि है जो उनके दृढ़ अभ्यास , विश्लेषणात्मक कौशल और गणित के प्रति जुनून को दर्शाती है। उनकी सफलता स्कूल में हमारे द्वारा दिए जाने वाले शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। विद्यालय सदा ही छात्रों को नए कौशलों को नए कौशल सिखाने के लिए प्रयासरत है7 हम उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

### 'जल शक्ति अभियान कैच द रैन' का आयोजन

**पंचकूला (अप्रस)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा अनुराग अग्रवाल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इमारत के कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 'जल शक्ति अभियान कैच द रैन 2025' के छटे संस्करण का राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 'जल शक्ति अभियान कैच द रैन 2025' के छटे संस्करण का राष्ट्र स्तरीय शुभारम्भ हरियाणा के पंचकुला से किये जाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा हरियाणा सरकार के सहयोग से 22 मार्च, 2025 को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। इस राष्ट्र व्यापी अभियान का शुभारम्भ केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल एवं श्री नायब सिंह सैनी, मुख्य मंत्री, हरियाणा द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती श्रुति चैधरी, सिंचाई मंत्री हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जल शक्ति अभियान की शुरुआत 2019 में हुई थी। प्रधानमंत्री ने कहा है कि जल जीवन का आधार है और हमारी प्राथमिकता जाम संरक्षण होनी चाहिए। जल शक्ति अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य वर्षा जल संचयन, तालाबों और जल निकायों का पुनर्जीवन मॉनसून के जल का पुनः उपयोग, तोक पिट का निर्माण, और विलुप्त नदी मागों का पुनर्जीवन जैसे महत्वपूर्ण प्रयासों पर केंद्रित है।

# हरियाणा बीज विकास निगम के वरिष्ठ विपणन अधिकारी एसपी कटारिया निलंबित : देव कुमार

बीज विकास निगम में अनियमितताओं व सरकारी फंड के दुरुपयोग के आरोपों के चलते किया निलंबित

बीज विकास निगम में लापरवाही,अनियमितताएं व आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं होगी - चेयरमैन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा बीज विकास निगम में पंचकूला स्थित मुख्यालय में कार्यरत वरिष्ठ विपणन अधिकारी एसपी कटारिया को निगम कार्या में अनियमितताओं के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा ने बताया कि उपरोक्त अधिकारी द्वारा निगम में भारी अनियमितताएं बरतते हुए सरकारी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा था। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी अधिकारी के कार्यों में सुधार नहीं हुआ और निरंतर आदेशों की भी अवहेलना की जाती रही। इसलिए उसे निलंबित किया गया है । चेयरमैन देव कुमार शर्मा के मुताबिक यह पाया गया कि निगम में कार्यालय नवीनीकरण व मरम्मत कार्य के टेंडर, एयर कंडीशनर खरीद तथा कुछ अन्य कार्यों में बीज विकास निगम का भारी नुकसान हुआ है। इसलिए उन्होंने मामले की जांच करवाने और मामले की जांच पूरी होने तक अनियमिताओं बारे गंभीर आरोपों बारे संज्ञान लेकर वरिष्ठ विपणन अधिकारी एसपी कटारिया को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय भिवानी तय किया गया है। इससे पहले भी अनियमिताओं व आदेशों की अवहेलना करने के एक मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक हिसार जयवीर सिंह को निलंबित किया गया था। देव कुमार शर्मा ने कहा कि हरियाणा बीज विकास निगम प्रदेश के किसानों के हित में बेहतरीन कार्य करने में जुटा हुआ है। निगम के कार्यों में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी.

# सभी लोगों को होना चाहिए प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान : संजीव धीमान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के लक्ष्मी भवन धर्मशाला के प्रांगण में भारतीय रेडक्रॉस समिति एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस (भारत) हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रशिक्षण शिविर के आयोजन पर तीसरे दिन शिविर निदेशक संजीव धीमान ने बताया कॉलेज के विद्यार्थी के साथ- साथ आमजन को भी प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या का ज्ञान होना चाहिए। शिविर की शुरुआत पतंजलि योगपीठ से योगाचार्य उमेश मित्तल ने योगा सत्र के साथ की।

मास्टर ट्रेनर रविंद्र कुमार ने विभिन्न प्रकार के जहर, कुत्ते के काटने पर, सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार तथा डॉ. सुनीता ढुल ने जलने पर प्राथमिक उपचार की जानकारी दी, इसी के साथ में पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी व राज्य मास्टर ट्रेनर एम. सी धीमान और चंद्रपाल ने मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता, हड्डी के टूटने पर प्राथमिक सहायता आपदा के समय बचाव पट्टी का प्रयोग, आपदा या अन्य दुर्घटना के समय मरीज को किस प्रकार उठाकर अस्पताल में सुरक्षित पहुंचाया जाता है, इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

अलका शर्मा, फैकेल्टी पब्लिक हेल्थ डिपार्मेंट, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ व सहयोगी अंजली कुमारी, रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षण कर्ताओं को यूरिनरी सिस्टम इमरजेंसी चाइल्ड बर्थ, डायरिया फूड प्वाइजनिंग डायबिटिक मरीजों की देखभाल किस तरह की जाती है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# नगर निगम ऑफिस बिल्डिंग का निर्माण पूरा करने को खोला टेंडर, 4 कंपनियों ने किया आवेदन

महापौर ने लंबित पड़े विकास कार्यों को तुरंत प्रभाव से पूरा करने के दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** सेक्टर 3 में चल रहे नगर निगम के भवन का निर्माण शीघ्र पूरा होने की उम्मीद है। भवन का निर्माण पूरा करने के लिए खोले गए टेंडर के लिए 4 कमानियों ने आवेदन किया है, जिसकी स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। वीरवार को नगर निगम की विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर कुलभूषण ने यह जानकारी दी। महापौर ने लंबित पड़े विकास कार्यों को तुरंत प्रभाव से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम ऑफिस बिल्डिंग का निर्माण पूरा करवाने के लिए लगाए गए टेंडर के अंतर्गत चार कंपनियों ने आवेदन किया है, जिसका प्रोसेस पूरा करके 31 मार्च तक सरकार के पास अप्रूवल के लिए भेज दिया जाएगा।

**शहर की रोड गलियों को साफ करने के लिए 50 प्रतिशत टेंडर लगाए :** अधिकारियों ने बताया कि बरसात से पहले शहर की रोड गलियों को साफ करने के लिए 50 प्रतिशत टेंडर लगाए जा चुके हैं और बाकी टेंडर भी आगामी एक महीने में लगा दिए जाएंगे और बरसातों से पहले शहर की रोड गली साफ करवा दी जाएगी। महापौर ने वर्किंग वीमेन हास्टल के संबंध में अधिकारियों से जवाब मांगा, तो उन्होंने बताया कि 1 मार्च से वर्किंग वीमेन हॉस्टल का संचालन शुरू हो गया है। एजेंसी द्वारा वार्डन एवं कर्मचारी रख लिए गए हैं।

**गर्मियों से पहले 150 वाटर कूलर खरीदे जाएंगे :** अधिकारियों ने बताया कि वाटर एटीएम लगाने के लिए जो स्थान चयनित किए गए थे, वह सही नहीं थे, इसलिए यह कार्य शुरू नहीं हो पाया। महापौर ने निर्देश दिए कि एक महीने में संबंधित कंपनी को नोटिस देकर इस कार्य को बंद कर दिया जाए। साथ ही उन्होंने गर्मियों से पहले 150 वाटर कूलर खरीद कर शहर के मार्केट, सार्वजनिक शौचालय एवं सामुदायिक केंद्रों के पास रखवाने के निर्देश दिए। महापौर ने ईपीडीएम ट्रैक के साथ-साथ पिकल बाल और क्रिकेट के स्टेडियम भी नए पार्क में बनाने के लिए निर्देश दिए। शहर से निकलने वाले सीएंडडी वेस्ट का टेंडर भी अधिकारियों ने बताया कि अगले एक सप्ताह में लगा दिया जाएगा।

### कम्पनियों पर लगाई 10 प्रतिशत पेनल्टी

इस बैठक में अधिकारियों ने बताया कि चार कंपनियों द्वारा अपना कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा, जिस पर महापौर ने दिशिका कार्पोरेट, नरवाना लक्ष्मी, बिंद्रा कंस्ट्रक्शन, महाशिव प्रमोटर एजेंसी पर 10 प्रतिशत पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए और कहा कि यदि समय पर काम शुरू करके खत्म नहीं किया गया, तो इन्हें ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए। सेक्टर 20 की स?कों का काम तीन दिन में शुरु कर देंगे। स?कों से संबंधित एनटीटीआर से रिपोर्ट करवाने का काम पूरा हो चुका है।

# सीडब्ल्यूए ने 42 मीटर से अधिक ऊंचा फायर-हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला की आबादी 3.5 लाख को पार कर चुकी है और यहां कई मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग/शॉपिंग मॉल, सोसाइटीज़ मौजूद हैं और कई निर्माणाधीन भी हैं। जबकि कुछ को निकट भविष्य में आईटी पार्क और अन्य सेक्टरों में आवंटित करने की योजना भी है।

सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ऐसके नैय्यर ने कहा कि पंचकूला में 250 से अधिक मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग; करीब 180 ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज, जिनमें करीब 20 मंजिलें शामिल हैं, मौजूद हैं, लेकिन शहर में 42 मीटर या उससे अधिक ऊंचा कोई फायर-हाइड्रोलिक-प्लेटफॉर्म नहीं है, जो आग लगने की घटनाओं/किसी भी तरह की घटना को नियंत्रित करने में सक्षम हो। हालांकि, 42 मीटर का एक प्लेटफॉर्म था, जिसे करीब 10 साल पहले फरीदाबाद से ट्रांसफर किया गया था, लेकिन वह पहले ही अपनी मियाद पूरी कर चुका है और राजधानी चंडीगढ़ के सैटेलाइट शहर में किसी भी तरह की घटना से निपटने के लिए नया प्लेटफॉर्म खरीदे बिना काम नहीं चलेगा। जबकि पूराना सैक्टर 5 के अग्निशमन केंद्र में ढेर हुआ पड़ा है।? सीडब्ल्यूए अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सरकार को पंचकूला के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कम-से-कम 42 मीटर या इससे अधिक ऊंचाई का एक हाइड्रोलिक प्लेटफार्म तुरन्त खरीदना चाहिए तथा शेष प्लेटफार्म मानदंडों के अनुसार खरीदा जा सकता है, ताकि सार्वजनिक संपत्ति/सार्वजनिक धन की हानि आदि को बचाया जा सके।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता संपन्न, टॉप 10 परफार्मर्स हुए पुरस्कृत

विजेता अब राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में करेंगे चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज की ओर से भारत सरकार के युवा मामले विभाग के सहयोग से एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता वीरवार को संपन्न हो गई। पहले दिन 30 छात्रों की भागीदारी के बाद, दूसरे दिन 55 से अधिक छात्रों ने मंच संभाला। प्रतियोगिता ने युवाओं को शासन और विधायी प्रक्रियाओं के बारे में अपनी समझ दिखाने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। वीरवार को कार्यक्रम का समापन दोनों दिनों के टॉप 10 परफार्मर्स को सम्मानित करने वाले पुरस्कार समारोह के साथ हुआ। विजेताओं में हिमांशी, कृति, कृतिका, तमन्ना, नवीन, गुरलीन, प्रशम, नकुल, प्रशांत और गुरवीर शामिल थे। विजेता अब राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए युवा मामले और खेल मंत्रालय की जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने बताया कि यह कार्यक्रम देश भर के 301 नोडल जिलों में तीन स्तरों अर्थात जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। युवा मामले विभाग वर्ष 2019 से हर वर्ष इस फेस्टिवल का आयोजन करता है और इस वर्ष, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव को विकसित भारत युवा संसद के रूप में पुनः परिकल्पित किया गया है, जो विकसित भारतञ्च2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा व्यक्त किए गए दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है।

दूसरे दिन के सत्र में पीसीएस अधिकारी और खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, पनग्रेन के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक डॉ राकेश कुमार पोपली चंडीगढ़ प्रशासन के सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी नीतीश सिंगला ने भाग लिया। उन्होंने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में समापन टिप्पणी के अलावा राष्ट्र निर्माण और शासन में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक प्रेरक भाषण भी दिया। उन्होंने प्रतिभागियों की गहन शोध और प्रस्तुति कौशल की सराहना की तथा इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आयोजन छात्रों में नेतृत्व गुणों का विकास करते हैं।

# सीजेएम को आशियाना के कंप्लेंट बॉक्स से मिलीं 3 शिकायतें, हुई कार्रवाई

अपर्णा भारद्वाज ने औचक निरीक्षण में आशियाना में सुरक्षा और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का दिया आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), एडीआर सेंटर की सचिव



अपर्णा भारद्वाज ने गुरुवार को आशियाना, सेक्टर-16, पंचकूला, एक बाल देखभाल संस्थान (सीसीआई) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह की अधीक्षक सुश्री ब्लेसी और काउंसलर सोनिया भी मौजूद थीं। अपर्णा भारद्वाज के निर्देशों के अनुसार, परिसर में शिकायत बॉक्स को उप-अधीक्षक ने उनकी उपस्थिति में खोला। अंदर तीन शिकायतें मिलीं, जो सभी आश्रय गृह के भीतर सफाई के मुद्दों से संबंधित थीं। इन शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की गई।

भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए पंचकूला संस्थागत देखभाल में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये संस्थान आवश्यक मानकों का पालन करें तथा बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करें, नियमित निरीक्षण और आकस्मिक दौरे जारी रहेंगे।

युवतियों से पूछा कोई कठिनाई तो नहीं..

सीजेएम ने घर में रहने वाली सभी युवतियों से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनसे किसी भी कठिनाई के बारे में पूछा। हालांकि, उनमें से किसी ने भी कोई शिकायत या शिकायत नहीं की। निरीक्षण के बाद भारद्वाज ने औपचारिक रूप से बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), पंचकूला को अपने निष्कर्षों से अवगत कराया, जिसमें पहचाने गए मुद्दों और किए जाने वाले आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर प्रकाश डाला गया।

### परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश

आश्रय गृह में कुल 14 संवासिनी पाई गईं और निरीक्षण के समय सभी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान, यह पाया गया कि परिसर में 16 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे और वे काम कर रहे थे, जबकि इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर कोई कैमरा नहीं लगाया गया था। पूछताछ करने पर, अधिकारियों ने बताया कि ऐसा वहां रहने वाली लड़कियों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। हालांकि, सुश्री भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गोपनीयता से समझौता किए बिना सुरक्षा बढ़ाने के लिए इन मंजिलों के सामान्य क्षेत्रों और सीढ़ियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवहार्यता का पता लगाएं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने साधा कांग्रेस पर निशाना

# कांग्रेस गुटबाजी में उलझी, विकास नहीं आता नजर: बड़ौली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। नायब सरकार के बजट पर विधानसभा में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला लगातार जारी है। बजट पर विपक्ष द्वारा लगातार उठाए जा रहे सवालों पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस मोतियाबिंद से ग्रस्त है, कांग्रेस को प्रदेश में विकास के काम नजर नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आपसी गुटबाजी में इतनी व्यस्त है कि उन्हें हरियाणा में पिछले दस सालों में हुए विकास कार्य दिखाई ही नहीं दे रहे हैं। सोनीपत में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में पहली बार 2 लाख हजार करोड़ से अधिक रूपए का एतिहासिक बजट पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि यह ऐसा पहला बजट है जिसमें प्रदेश भर से आए लगभग 11 हजार सुझावों को शामिल करके बेहतरीन बजट हरियाणा की जनता को दिया गया है। बजट को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर जवाब देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ की राजनीति करती है और लोगों को बरगलाने में विश्वास करती है, जबकि भाजपा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की विचारधारा में यकीन करती है। श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार ने सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए नायाब बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है, जो भी संकल्प पत्र में भाजपा ने वादे किए हैं उनको पूरा करने के लिए नायब सरकार संकल्पबद्ध है और उसकी झलक इस बजट में दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी और युवाओं को रोजगार देने के वादे पर सरकार खरा उतर रही है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार में लगातार प्रदेश हित में काम हो रहा है, जबकि कांग्रेस अपने घरेलू झगड़ों में और आपसी टांग खिंचाई में व्यस्त है। भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि सिर्फ मीडिया में बयानबाजी करने के बजाय कांग्रेस को ग्राउंड पर जाना चाहिए और सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को देखना चाहिए।

## जिम संचालक युवक की हत्या का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत (अप्रस)। जिले के क्राइम यूनिट सेक्टर 3 सोनीपत की पुलिस टीम ने जिम संचालक युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल पुत्र मुकेश उर्फ लाला निवासी मल्हा माजरा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि दिनाँक 04 जून 2024 को रवि पुत्र अजित निवासी मल्हा माजरा जिला सोनीपत नें थाना कुण्डली में शिकायत दी कि हम दो भाई है मेरे छोटा भाई राहूल ने गाँव में ही जिम कर रखा है ।

**ब अदालत सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी,जुलाना जिला जींद**

1. पवन 2. मोनू 3. सोनू पुत्रान हरकेश पुत्र श्री भिच्छा वासी गांव करेला तहसील जुलाना जिला जीन्द

वादी बनाम

के लिए हर व्यक्ति को उनके हृदय में जो शक्ति केंद्र है उससे ऊर्जावांत बनना होगा। सुदृढ़ विचारों की मजबूती इसमें आवश्यक है। सर्वधर्म दिवाकर पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने सीमित विचारों में स्वयं को स्वतंत्र रखने की सीख देते हुए कहा कि लिमिट में अपने आप को कभी नहीं बांधे, क्योंकि पॉसिबिलिटीज को व्यक्ति की इच्छा शक्ति पर यूनिवर्स खोलता है। साधना के शिखर पुरुष जगद्गुरुदेव ने कहा कि किसी को कितना भी दुख, रोग, पीड़ा परेशानी हो मगर सर्वोत्तम आत्मज्ञान से दुनिया में असीमित संभावनाएं भी मौजूद है। अज्ञानता एवं अविवेक को नष्ट करने के लिए अर्थात जीवन को सर्वोत्तम बनाने हेतु जीवित गुरु का हाथ व साथ दोनों जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घर पत्थरों से नहीं, बल्कि संस्कार व सदाचारों से बनता है। वह बोले कि इंसान की योग्यता नहीं है कि वह भगवान को पा सके अथवा परमात्मा से मिल सके इसके लिए एक सच्चे गुरु का मिलना आवश्यक है। श्रद्धा भक्ति से विश्वास करें तो गुरु में ही 33 कोटि देवों के दर्शन संभव है, क्योंकि शास्त्रोक्त, वेदोक्त भी गुरु भगवान का ही रूप माना गया है। लोहित चंदूलाल गांधी ने बताया कि जीतो के पूर्व चेयरमैन जाने-माने समाजसेवी, भामाशाह तेजराज गोलेछा, श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, डायमंड उद्यमी देवेंद्र दोषी, राजस्थान संघ कर्नाटक के अमित रमेश मेहता, दीपक सेठिया, श्री सच्चीयाय माता जैन संघ के सज्जन राज बाफना, अनिल गादिया, अरुण भंसाली, अश्विन सेमलानी, महेंद्र धारीवाल, प्रकाश लोढा, भीम राजपुरोहित, गौतमचंद वाणीगोता, श्रीमती बबीता देवी, लीलाबाई सेठिया, जयश्री जैन, पिस्ता के. ओस्तवाल, निमा देवी, अनीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धावान भक्तों ने जगद्गुरुदेव के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद प्रसाद प्राप्त किया।

# कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित



**सीनियर डिप्टी मेयर मुख्यअतिथि के रूप में हुए शामिल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्राचार्य प्रो. बिनु डोगरा के सक्षम मार्गदर्शन में, स्वास्थ्य समिति, एनएसएस विंग, एनसीसी विंग, अर्थशास्त्र विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा, श्री शिव कंवर महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट और सरकारी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, सेक्टर-16, चंडीगढ़ के सहयोग से, आज कॉलेज परिसर में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर श्री जसबीर सिंह बंटी मुख्य अतिथि रहे। श्रीमती मोहिंदर कौर, मनोनीत पार्षद, नगर निगम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रो. बिनु डोगरा, स्वास्थ्य समिति की संयोजक डॉ. प्रीतकमल कौर और एनएसएस प्रभारी श्री मेहर चंद ने श्री बंटी और श्रीमती मोहिंदर कौर का हरित स्वागत किया।

सीनियर डिप्टी मेयर ने इस आयोजन के लिए शिक्षक एवं छात्र स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया और इसके जीवन बचाने की क्षमता, स्वास्थ्य लाभ और भावनात्मक संतुष्टि जैसे फायदों को उजागर किया।

सरकारी अस्पताल, सेक्टर-16 की डॉक्टरों और नर्सों की विशेष टीम ने पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। कॉलेज की तरफ से कुल 45 युनिट दान की गई । शिविर को सफल बनाने में कॉलेज की प्रधानाचार्या ने सभी अध्यापकों और एन एस एस स्वयं सेवकों की कैंप को सफल बनाने के लिए सराहना की।

# सिग्निया ने चंडीगढ़ में हियरिंग हब का इंटरएक्टिव कॉन्सेप्ट स्टोर लॉन्च



अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। डब्ल्यू एस ऑडियोलॉजी समूह के प्रमुख ब्रांड सिग्निया ने वीरवार को चंडीगढ़ में सुनने के समाधानों के लिए सहायता तकनीक के नवीन कॉन्सेप्ट स्टोर का श्रीगणेश किया। अत्याधुनिक सिग्निया स्टोर सुनने में कठिनाई आने वाले लोगों के लिए व्यापक और उच्च गुणवत्ता वाले समाधानों लेकर आया है। अब एक ही छत के नीचे इंटरएक्टिव अनुभव, नवाचार उत्पाद और विशेषज्ञ श्रवण सलाह के जरिए सुनने की देखभाल सेवाओं के लिए एक नया मानक स्थापित होगा। ज्ञात रहे कि वैश्विक स्तर पर सुनने की हानि से लगभग 1.6 अरब लोग प्रभावित है जबकि करीब 430 मिलियन लोग गंभीर सुनने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 2050 तक इनकी तादाद 2.5 अरब तक पहुँच जाएगी। समाधान उपलब्ध होने के बावजूद भी प्रभावित लोगों में से केवल 20 प्रतिशत तक ही आवश्यक सुनने की सहायता उपकरणों का लाभ उठा पा रहे हैं।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए अविनाश पवार, सीईओ और प्रबंध निदेशक, डब्ल्यू एस ऑडियोलॉजी इंडिया ने बताया कि असंबंधित सुनने की हानि के सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक परिणाम देखे जा सकते हैं। चंडीगढ़ में सिग्निया स्टोर को हियरिंग हब द्वारा संचालित किया जाएगा, जो सुनने के क्लीनिकों में एक विश्वसनीय नाम है। हियरिंग हब के डॉ. दीप्ति गुप्ता और अजय गुप्ता ने बताया कि चंडीगढ़ में सिग्निया स्टोर न केवल सुनने की सहायता उपकरणों अपितु जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा और चंडीगढ़ और सैटेलाइट सिटी के लोगों के लिए व्यापक और व्यक्तिगत सुनने की देखभाल के समाधान भी प्रदान करेगा।



मेनोपॉज़ से जूझ रही महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए मिरर कंपनी के फाउंडर और सीईओ संजीथ शेट्टी इस मुद्दे पर जागरूकता से आगे बढ़कर ठोस सपोर्ट सिस्टम बनाने की अथक प्रयास कर रहे हैं। जागरूकता और शिक्षा की जरूरत मेनोपॉज़ से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या यही है कि इसकी जानकारी बहुत सीमित है। मिरर भारतीय मेनोपॉज़ सोसाइटी के साथ मिलकर वर्कप्लेस में जागरूकता बढ़ा रहा है, कम्युनिटी से जुड़ाव मजबूत कर रहा है, और अपने बेहतरीन प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस को ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है, ताकि सपोर्टिव माहौल बनाया जा सके।

**रिपोर्ट-सुशील सहगल**

# चंडीगढ़ नगर निगम ने रोज फेस्टिवल के आयोजन के लिए 100 प्रतिशत प्रायोजन जुटाने के अलावा कुल व्यय से 11.57 लाख रुपये की बचत की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम ने केवल 100 प्रतिशत प्रायोजन बढ़ाकर मेगा थ्री डे रोज फेस्टिवल का आयोजन किया। इस जानकारी को साझा करते समय एमिट कुमार, आईएएस, कमिश्नर, एमसी चंडीगढ़ ने आज यहां कहा कि एमसीसी ने शून्य बजट के साथ मेगा रोज फेस्टिवल के 53 वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया है कुल व्यय से 11.57 लाख। उन्होंने कहा कि एमसी ने रोज गार्डन में विज्ञापन स्थान के बदले में प्रायोजन से खर्च देखा है और त्योहार के दौरान बागवानी के अंदर अंतरिक्ष की नीलामी। आयुक्त ने कहा कि त्योहार के इतिहास में पहली बार, 21 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित की गई पूरी घटना को पूरी तरह से निजी तौर पर प्रायोजकों और अंतरिक्ष की नीलामी के माध्यम से रुपये से वित्त पोषित किया गया था। 10,000 से रु 10 लाख रुपये की राशि। 60.55 लाख जबकि कुल व्यय ने रु 48.98 लाख रुपये की बचत 11.57 लाख की।

उन्होंने कहा कि नगर निगम ने अपने कॉफर्स डुओ से वित्तीय कठिनाइयों के लिए एक भी रुपये खर्च किए बिना इस मेगा महोत्सव को व्यवस्थित करने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रमुख फर्मों और स्थानीय व्यापार संघों, पीएसयू और बैंक सहित लगभग 21 प्रायोजक रोज गार्डन में विज्ञापन स्थान के बदले त्योहार का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं।

आयुक्त ने आगे कहा कि सभी सांस्कृतिक शामें उत्तर क्षेत्र संस्कृति केंद्र और चंडीगढ़ संगीत नटक अकादमी के समर्थन से आयोजित की गई, इसके अलावा हस्या कावी समेलन ऑफ सिटी आधारित कवियों के संघ द्वारा इबारत। उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन पिछले वर्षों में किया गया था, इसके अलावा सुंदर फूलों की व्यवस्था और बोन्साई प्रदर्शनों को प्रदर्शित करने के अलावा। इससे पहले, एमसीसी ने दिसंबर, 2024 के दौरान सीढ़ीदार बगीचे, सेक्टर 33 में फूड कोर्ट स्पेस की नीलामी करके एक बजट के बिना गुलदाउदी शो को सफलतापूर्वक आयोजित किया है।

# सिटी ब्यूटीफुल मे फ़ेंज़ा एग्जिबिशन का एशिया लेबेक्स 2025 मेगा लेबोरेटरी शो

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। तीन दिवसीय एशिया लेबेक्स, प्रयोगशाला, विश्लेषणात्मक, माइक्रोबायोलॉजी, अनुसंधान और जैव प्रौद्योगिकी उपकरण, रसायन और उपभोग्य सामग्रियों पर सबसे बड़ी और समर्पित प्रदर्शनी का वीरवार को सिटी ब्यूटीफुल के सेक्टर-17 परेड ग्राउंड में आगाज़ हुआ। मुख्य अतिथि संदीप जैन, एमडी, अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल लिमिटेड और अशोक विंडलास, अध्यक्ष और सह-संस्थापक, विंडलास बायोटेक ने प्रदर्शनी का श्री गणेश किया। डॉ. डी. बिरदी, (निदेशक, प्री मीडियम फार्मास्युटिकल), डॉ. योगेंद्र सिंह (महाप्रबंधक, एक्यूइम्स ड्रग एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड), अमित चड्डा (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेक्टर लाइफ साइंसेज लिमिटेड), संजीव महाजन (अध्यक्ष गुणवत्ता, इनोवा कैपटैब लिमिटेड), डॉ. नरेंद्र



सिंह राव (मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी, सिंथिमेड लैब्स लिमिटेड), जावेद इमाम (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एरिस्टो फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड) जैसी हस्तियों ने शिरकत की।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए एशिया लेबेक्स के निदेशक जसपाल सिंह ने बताया कि सेमिनार विज्ञान उद्योग अनुसंधान और अनुप्रयोग क्षेत्र में नए, उत्साहजनक और भविष्य के विकास को प्रदर्शित करेगा, जो अकादमिक, फार्मास्युटिकल उद्योग, अनुसंधान संस्थानों सीआरओ के बहु-विषयक शोधकर्ताओं के लिए एक अद्भुत अवसर प्रदान करेगा।

ज्ञात रहे कि शो में मुख्य रूप से विश्लेषणात्मक उपकरण, क्रोमैटोग्राफी और स्पेक्ट्रोस्कोपी, जैव प्रौद्योगिकी, प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, प्रयोगशाला उपभोग्य वस्तुएं और रसायन, आणविक और नैदानिक निदान, नैनो प्रौद्योगिकी, परीक्षण और माप, निस्पंदन और शैक्षिक प्रयोगशाला उपकरण आदि शामिल हैं। सेमिनार लैबोटिका प्रेरणादायक वक्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों के बीच तालमेल के लिए सबसे अच्छा मंच रहेगा।

# विख्यात रोबोटिक सर्जन डॉ. पीटर सी लिम ने प्रमुख गायनी रोबोटिक सर्जन डॉ. स्वप्ना मिसरा को किया सम्मानित

**डॉ. पीटर लिम ने दुनिया में सबसे अधिक 4000 से अधिक रोबोट-एडेड सर्जरी करने का कीर्तिमान स्थापित किया है**

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

**चंडीगढ़।** वीरवार को विश्वविख्यात रोबोटिक सर्जन, डॉ. पीटर सी. लिम ने डॉ. स्वप्ना मिसरा, डायरेक्टर, प्रसूति और स्त्री रोग, फोर्टिस को रोबोट-एडेड सर्जरी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया।

डॉ. स्वप्ना मिसरा, जो एक रोबोटिक लैप्रोस्कोपिक और कैंसर सर्जन भी हैं, ने दुनिया के सबसे आधुनिक फोर्थ जनरेशन के रोबोट 'दा विची एक्सआई' के माध्यम से कई जटिल स्त्री रोगों से पीड़ित महिलाओं का सफलतापूर्वक उपचार किया है। डॉ. मिसरा ने अमेरिका के सैन डिएगो में डॉ. पीटर लिम के अधीन सबसे उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अमेरिका में हाईएस्ट टीआर 500 प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है और वह देश की एकमात्र टीआर 500 प्रशिक्षित रोबोटिक सर्जन हैं।





डॉ. पीटर ने फोर्टिस प्रबंधन और रोबोटिक सर्जनों, विशेष रूप से डॉ. स्वप्ना मिश्रा को बधाई दी। उन्होने कहा कि डॉ. मिसरा अनूठे रोबोटिक प्रोग्राम का देश में सफल नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए डॉ. स्वप्ना मिश्रा ने कहा कि डॉ. पीटर लिम के मार्गदर्शन में रोबोट-एडेड सर्जरी के बारीक पहलुओं को सीखा, जिससे उनकी कुशलता में निखार आया।

बता दें कि रोबोटिक सर्जरी मिनिमल इनवेसिव सर्जरी का नवीनतम रूप है, जिसमें एक विशेष कैमरे के माध्यम से शरीर के ऑपरेटिव क्षेत्र का त्रि-आयामी (3डी) दृश्य प्राप्त किया जाता है। शरीर के वे हिस्से, जहां मानव हाथ की पहुंच कठिन है, वहां रोबोटिक आर्म्स की सहायता से सटीकता से पहुंचा जा सकता है, जो 360 डिग्री तक घूम सकते हैं। डॉ. मिसरा ने कई मरीजों का सफलतापूर्वक 'डेकेयर गायनी रोबोटिक सर्जरी' के माध्यम से इलाज किया है, जिससे सर्जरी और मरीज की डिस्चार्ज प्रक्रिया एक ही दिन में पूरी हो जाती है। रोबोट-एडेड सर्जरी लगभग सभी स्त्री रोग सर्जरी के लिए एक स्वर्ण-मानक प्रक्रिया बन गई है। फाइब्रॉइड्स, एंडोमेट्रियोसिस, वेसिको-वेजाइनल फिस्टुला, ओवेरियन सिस्ट, साल्पिंगो- ऊफरेक्टॉमी, मायोमेक्टॉमी, हिस्टेरेक्टॉमी और यूटेरस, ओवरी व सर्विक्स के सभी कैंसर शामिल हैं।

### 'आप' सांसद मलविंदर कंग ने किसानों के मुद्दों पर दोहरे मानदंड के लिए कांग्रेस की आलोचना की, कहा–

# कांग्रेस की अवसरवादिता उजागर, सत्ता में वे किसानों को भूल जाते हैं, विपक्ष में वे बन जाते हैं नकली किसान हितैषी

कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह चाहती है कि पंजाब की सीमाएं अवरुद्ध रहें? क्या कांग्रेस पंजाब के औद्योगिक विकास के खिलाफ है?

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 20 मार्च।** आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने किसानों के मुद्दों, औद्योगिक विकास और पंजाब के विकास पर दोहरे रवैये के लिए कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। कंग ने कांग्रेस के इरादों और ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाया और उसपर पंजाब में अपने पांच साल के शासन के दौरान किसानों को ऋण माफी के खोखले वादों के से गुमराह करने का आरोप लगाया।

कंग ने कहा, 'संसद में 99 सांसदों वाली कांग्रेस लोकसभा में कितनी बार किसानों के लिए खड़ी हुई है? जब वह पंजाब में सत्ता में थी, तो उसने किसानों के ऋण माफ करने का वादा किया था, लेकिन कुछ भी नहीं दिया। इसके बजाय, कांग्रेस शासन में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए और ग्रामीण विकास निधि का दुरुपयोग हुआ।

कंग ने पंजाब में पार्टी के कार्यकाल के दौरान कांग्रेस सांसदों की चुप्पी की आलोचना करते हुए कहा, 'कांग्रेस सांसदों ने इन घोटालों के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई? उनका दोहरापन स्पष्ट है - सत्ता में वे किसानों को भूल जाते हैं और विपक्ष में वे उनके मुद्दे का समर्थन करने का दिखावा करते हैं।

#### किसान और पंजाब की प्रगति के प्रति आप सरकार प्रतिबद्ध

कंग ने कहा कि सीएम भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने, युवाओं को रोजगार प्रदान करने और पंजाब में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। कांग्रेस हताश और भ्रमित है क्योंकि आप सरकार पंजाब के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रही है। इन प्रयासों का समर्थन करने के बजाय कांग्रेस पंजाब की प्रगति को बाधित कर रही है।'

भगवंत मान सरकार की पहलों के कांग्रेस के विरोध पर निशाना साधते हुए कंग ने कहा, 'पंजाब की आर्थिक सुधार औद्योगिक विकास पर निर्भर करती है। सड़कों और सीमाओं को अवरुद्ध करने वाले विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित करके कांग्रेस राज्य के उद्योग और व्यापार को नुकसान पहुंचा रही है। क्या कांग्रेस पंजाब के उद्योग के खिलाफ है?

#### आप मंत्री लालचंद कटारूचक ने कांग्रेस को बताया पाखंडी, उसके पंजाब विरोधी रुख पर उठाए सवाल



पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारूचक ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर किसानों, औद्योगिक विकास और पंजाब के विकास के मुद्दों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। मंत्री ने किसानों का समर्थन न करने और पंजाब की प्रगति को पटरी से उतारने की राजनीति के लिए कांग्रेस की आलोचना की। मंत्री कटारूचक ने किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस के खोखले रुख की ओर इशारा करते हुए कहा, '99 सांसदों वाली कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि उसके सांसद कृषि आंदोलन के दौरान संसद में किसानों की चिंताओं को उठाने में विफल क्यों रहे? उन्होंने कहा कि जब किसान सड़कों पर बैठे थे तो वे लोकसभा में चुप रहे। आज कांग्रेस संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही है, लेकिन पंजाब के लोग पूछ रहे हैं कि जब किसानों को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी तो वह कहां थी?' उन्होंने आगे कांग्रेस के वादों पर सवाल उठाते हुए कहा, 'पंजाब में अपने कार्यकाल के दौरान, कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था, कहां गया वादा? कांग्रेस दिखाए कि उन्होंने कितने किसानों का कर्ज माफ किया। इसके बजाय, उनकी सरकार ने सड़कों के निर्माण के लिए ग्रामीण विकास निधि के दुरुपयोग सहित घोटालों में लिप्त रही। इस दुरुपयोग का असर आज पंजाब की आर्थिक वृद्धि पर पड़ा है। कांग्रेस के उद्योग विरोधी रुख पर प्रकाश डालते हुए कटारूचक ने कहा, 'पंजाब की अर्थव्यवस्था व्यापार और उद्योग पर निर्भर करती है।

## पंजाब की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता महत्वपूर्ण है; केंद्र की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट हों: ईटीओ

सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने हमेशा किसानों और उनके मुद्दों की अनदेखी की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने किसानों को अपना पूरा समर्थन दिया है और उनसे केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया है। एक सार्वजनिक बयान में, ईटीओ ने किसानों के मुद्दों का राजनीतिकरण करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और अपने कार्यकाल के दौरान इस पर कार्रवाई न करने पर सवाल उठाया।

ईटीओ ने कहा, 'कांग्रेस के पास लोकसभा में 99 सांसद हैं, फिर भी वे किसानों के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठाने में विफल रहे। पंजाब में अपने शासन के दौरान, वे कितनी बार किसानों के साथ खड़े हुए? जब आरडीएफ फंड रोक दिया गया, जिससे मंडी बोर्ड की सड़कों का निर्माण प्रभावित हुआ, तो उन्होंने क्या प्रयास किए? निरर्थक प्रयासों में लिप्त होने के बजाय, उन्हें किसानों के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए।'

उन्होंने किसानों का समर्थन करने के लिए आप की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया, इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान मुद्दे मुख्य रूप से केंद्र सरकार के साथ हैं। ÷आप हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। आज भी, हम उनके मुद्दे के साथ खड़े हैं। यह लड़ाई केंद्र सरकार के खिलाफ है, और इसे सही मंच पर लड़ा जाना चाहिए।

## कांग्रेस ने दशकों तक किसानों और पंजाब को धोखा दिया: राज कुमार चब्बेवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राज कुमार चब्बेवाल ने किसानों के प्रति कथित पाखंड के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने लोकसभा में उनके हालिया विरोध प्रदर्शन को महज 'मगरमच्छ के आंसू' करार दिया। चब्बेवाल ने कांग्रेस पर दशकों तक सत्ता में रहने के दौरान किसानों की अनदेखी करने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने या न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस की विफलताओं ने किसानों को लंबे समय तक संघर्ष करने के लिए मजबूर किया है, जिसके कारण किसान आंदोलन के दौरान 800 से अधिक मौतें हुई हैं।' उन्होंने कांग्रेस पर पिछले आठ महीनों में किसानों के मुद्दों को सार्थक तरीके से संबोधित नहीं करने के लिए भी निशाना साधा, जबकि उसके पास संसद में पर्याप्त ताकत है। चब्बेवाल ने कहा, 'संसद में कांग्रेस का नाटक प्रचार के लिए एक स्टंट से ज्यादा कुछ नहीं है।' चब्बेवाल ने पंजाब को वित्तीय संकट में छोड़ने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

## पंजाब सरकार ने अनाथ व बेसहारा बच्चों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया: डॉ. बलजीत कौर



**चंडीगढ़, 20 मार्च (अप्रस)।** समाज के समस्त वर्गों के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में अनाथ और बेसहारा बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने इस पहल की घोषणा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को इन बच्चों को रोजगार योग्य कौशल से सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे 18 वर्ष की आयु तक वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि इस पहल के तहत विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे 187 बच्चों को सौंदर्य देखभाल, हेयर ड्रेसिंग, मल्टी-टेक्नीशियन स्किल और मोबाइल फोन रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम उन्हें इन व्यवसायों में व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनने में सहायता प्रदान करेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता और उद्यमिता कौशल में वृद्धि होगी।

## डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने पंजाब भर में जनकल्याण योजनाओं को पूरी तरह लागू करने के दिए निर्देश

डिप्टी स्पीकर ने पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक लाभ हेतु फंडों के उचित उपयोग पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** पंजाब विधान सभा के डिप्टी स्पीकर, सरदार जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने अनुमान कमेटी के अध्यक्ष के रूप में पंजाब सरकार के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान, डिप्टी स्पीकर ने सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक अधिकारियों को इन योजनाओं को सभी क्षेत्रों में पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन-जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को इन लोकहितकारी पहलों का समय पर लाभ मिल सके। सार्वजनिक निधियों के उचित उपयोग को सुनिश्चित करते हुए, डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इन कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग केवल जनहित में ही किया जाना चाहिए। उन्होंने विभागों से इन योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने की भी अपील की। बैठक में विभिन्न प्रमुख विभागों के प्रशासनिक सचिव उपस्थित थे, जिनमें कृषि विभाग, किसान कल्याण विभाग, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, जल संसाधन विभाग, श्रम विभाग, स्थानीय सरकार विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण विभाग, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों का विभाग, सतर्कता विभाग, वन विभाग, प्रशासनिक सुधार विभाग, आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण एवं अल्पसंख्यक विभाग शामिल थे।

डिप्टी स्पीकर रौड़ी के अलावा, बैठक में डॉ. नछत्तर पाल (विधायक, सदस्य), सरदार रुपिंदर सिंह (विधायक, सदस्य), सरदार जीवन सिंह संघोवाल (विधायक, सदस्य), श्री राम लोक सचिव, पंजाब विधान सभा, श्री गुरकीरत सिंह कमेटी अधिकारीऔर तरसेम कमेटी अधीक्षक भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान, जय कृष्ण सिंह रौड़ी डिप्टी स्पीकर विधान सभा ने जनकल्याण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया गया ताकि जनता को इनका अधिकतम लाभ मिल सके।

## विजीलेंस ब्यूरो ने पीएसपीसीएल के जेई को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों किया काबू



**चंडीगढ़, 20 मार्च (अप्रस)।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत फरीदकोट जिले के कोटकपूरा में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपी सीएल) के सब-डिवीजन कार्यालय में तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) जरनैल सिंह को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यहां यह खुलासा करते हुए विजीलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला फरीदकोट के कोठे चहल सिंह के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उपरोक्त जेई ने उसके ट्यूबवेल कनेक्शन को बदलने और उसके परिचित के घर में घरेलू बिजली मीटर लगाने के बदले 20,000 रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुरोध पर उक्त जेई ने दो किश्तों में रिश्वत की रकम लेने पर सहमति जताई थी। प्रवक्ता ने आगे कहा कि इस शिकायत की पुष्टि के बाद, फिरोजपुर रेंज की एक विजीलेंस टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में विजीलेंस ब्यूरो के थाना फिरोजपुर रेंज में उक्त जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मंत्री धालीवाल ने एनआरआई पंजाबियों की शिकायतों के समाधान के लिए चौथी मासिक ऑनलाइन मिलनी आयोजित की

### पिछली तीन ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनियों के दौरान 393 शिकायतें प्राप्त हुईं, 343 शिकायतों का निपटारा किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** एन.आर.आई. मामलों के मंत्री स कुलदीप सिंह धालीवाल द्वारा आज पंजाब सिविल सचिवालय-1 में प्रवासी पंजाबियों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए चौथी ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनी आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से प्रवासी पंजाबियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के गतिशील नेतृत्व में एन.आर.आई. पंजाबियों की शिकायतों के समाधान के लिए यह अनूठी पहल शुरू की गई है। पंजाब देश का एकमात्र राज्य है जिसने प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं के समाधान हेतु एन.आर.आई. मिलनी जैसा कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि चौथी मासिक ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनी के दौरान 123 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 98 शिकायतें ईमेल के माध्यम से और शेष 25 शिकायतें व्हाट्सएप नंबर पर प्राप्त हुईं। उन्होंने आगे बताया कि पिछली तीन ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनियों के दौरान 393 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 343 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

## वन मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने मत्तेवाड़ा जंगल डिपो की अचानक जांच की

**चंडीगढ़, 20 मार्च (अप्रस)।** वन एवं वन्य जीव संरक्षण मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक्क ने लुधियाना के मत्तेवाड़ा जंगल डिपो का अचानक दौरा किया। उन्होंने वहां संग्रहीत की गई सभी लकड़ियों की पूरी जांच की। लुधियाना-राहों रोड पर खड़े हरे पेड़ों की कटाई के बाद इन कटी हुई लकड़ियों को डिपो में संग्रहीत किया गया था। इन पेड़ों की कटाई का आदेश भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम.ओ.ई.एफ. एंड सी.सी.) से विधिवत स्वीकृति मिलने के बाद ही दिया गया था। वन मंत्री के निर्देशानुसार, पंजाब राज्य वन विकास निगम (पी.एस.एफ.डी.सी.) ने इस संबंध में कार्यवाही को तेज किया है।

फिल्लौर डिवीजन के सभी डिपो में रखी गई कटी हुई लकड़ियों के स्टॉक की व्यापक भौतिक जांच के लिए मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ आई.एफ.एस. अधिकारी की अध्यक्षता में एक तथ्यान्वेषण कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें वन विभाग और पी.एस.एफ.डी.सी. के सदस्य शामिल हैं।

## बटाला पुलिस ने नशा तस्कर की कोठी ध्वस्त की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बटाला, 20 मार्च।** मुख्यमंत्री पंजाब, स भगवंत सिंह मान द्वारा नशों के खिलाफ शुरू किए गए मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज बटाला पुलिस ने नशा तस्कर जीवन कुमार पुत्र गुलशन कुमार, निवासी गांधी नगर कैंप, बटाला की कोठी को जे.सी.बी. मशीनों से ध्वस्त कर दिया। मुख्यमंत्री पंजाब के निर्देशानुसार, जो भी व्यक्ति किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक नशा कारोबार करने वाले लोग मुख्यधारा में नहीं आ जाते या फिर पंजाब छोड़कर बाहर नहीं चले जाते। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए बटाला के एस.एस.पी. सुहैल कासिम मीर ने बताया कि इस नशा तस्कर के खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि जीवन कुमार के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ दर्ज धाराओं और केस हिस्ट्री से स्पष्ट है कि यह लंबे समय से नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त था। एस.एस.पी. ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और डी.जी.पी. श्री गौरव यादव द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जो भी व्यक्ति नशा तस्करी के धंधे में शामिल है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारी युवा पीढ़ी को बचाना बेहद ज़रूरी है, क्योंकि ये तस्कर अपने घिनौने कामों से हमारे बच्चों और युवाओं को नशे की दलदल में धकेल रहे हैं।

## हिमाचल के उद्योगों के कारण प्रदूषित हो रहे पंजाब के जल स्रोत; हरजोत बैंस ने सुखविंदर सुक्खू को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की

**चंडीगढ़, 20 मार्च (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी और कचरे के कारण पंजाब के जल स्रोतों के प्रदूषित होने की गंभीर समस्या को उठाते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री और आनंदपुर साहिब से विधायक स. हरजोत सिंह बैंस ने इस गंभीर संकट के तत्काल समाधान और सख्त कार्रवाई के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पत्र लिखा है। स. बैंस ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के चेयरपर्सन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सदस्य सचिव को भी पत्र लिखकर इस गंभीर मामले को जल्द से जल्द हल करने का आग्रह किया है, ताकि पंजाब, विशेष रूप से उनके विधानसभा क्षेत्र आनंदपुर साहिब में, जन स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके। अपने पत्र में, उन्होंने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) द्वारा किए गए परीक्षणों के नतीजों का हवाला दिया, जिनसे स्पष्ट हुआ कि हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाला जहरीला कचरा स्वां नदी और बरमला खड्डु में बहकर अंततः सतलुज नदी में मिल रहा है। उन्होंने इस समस्या की गंभीरता को उजागर करते हुए बरमला खड्डु की उस घटना का भी जिक्र किया, जहां दूषित पानी के कारण कई जंगली सूअर मर गए। उन्होंने कहा कि यह प्रदूषण न केवल सतलुज नदी को दूषित कर रहा है, बल्कि स्थानीय आबादी के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन गया है।

## 'युद्ध नशयां विरूद्ध' : अब तक 114 किलो हेरोइन, 62 किलो अफीम और 68 लाख नकद बरामद

### 1895 एफआईआर दर्ज, 3217 ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, 7.5 लाख नशीली गोलियां व 1213 किलो भुक्की, 28 किलो गांजा और 4.5 किलो चरस भी जब्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 20 मार्च।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के नेता और कैबिनेट मंत्री तरूणप्रीत सिंह सोंध ने पंजाब सरकार के नशा के खिलाफ अभियान 'युद्ध नशयां विरूद्ध' की सफलता को बताया और 19 मार्च तक हुई पुलिस कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा की।

वीरवार को मंत्री तरूणप्रीत सोंध ने इस मुहिम से संबंधित चंडीगढ़ पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। मंत्री ने बताया कि 'युद्ध नशयां विरूद्ध' अभियान के नतीजे बेहद उत्साहजनक है और पूरे पंजाब में इसके अच्छे नतीजे देखने को मिल रहे हैं। लोग भी इस मुहिम के लिए पंजाब सरकार की तारीफ कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा यह अभियान बेहद सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। अब तक 114 किलो हेरोइन, 62 किलो से ज्यादा अफीम और 68 लाख रुपए से ज्यादा नगद बरामद किए गए हैं। वहीं नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांसेज एक्ट (एनडीपीएस) के तहत 1895 एफआईआर दर्ज हुए हैं और 3217 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा करीब 7.5 लाख के आसपास नशीली दवाओं की गोलियां और 1213 किलो भुक्की, 28 किलो गांजा 4.5 किलो चरस और 1.25 किलो आइस, करीब 500 नकली शराब की बोतलें, 7 किलो नशीली पाउडर और 301 इंजेक्शन भी पुलिस ने बरामद किए हैं। वहीं नशा तस्करी से जुड़े 38 लोगों के इमारतों को ध्वस्त किया गया है। वहीं नशा तस्करी से जुड़ी 22 मोटरसाइकिल, 8 मोबाईल, 4 कार और 12 पिस्तौल जब्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान 4 किलो से ज्यादा सोना, जिसमें एक हार और दो चेन शामिल है एवं 1.25 किलो चांदी भी बरामद किया गया।

#### 20वें दिन प्रदेशभर में 440 छापों के बाद 97 नशा तस्कर गिरफ्तार

पंजाब सरकार के नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को भारी समर्थन देते हुए, प्रदेशभर की 3000 से अधिक पंचायतों ने नशों के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर, राज्य से नशे की समाप्ति के लिए पंजाब पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचा दिया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को 97 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, 1.5 किलो हेरोइन, 100 ग्राम अफीम, 2 किलो गांजा और 1.86 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। पिछले 20 दिनों के दौरान कुल गिरफ्तारियों की संख्या 2463 तक पहुंच गई है, जो ड्रग नेटवर्क पर शिकंजा कसने की दिशा में की जा रही कार्रवाई को दर्शाती है।

## मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम से पंचायतों को जोड़ने की शुरुआत डेरा बस्सी से की

**डेरा बस्सी, 20 मार्च (अप्रस)।** पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम को आज उस समय बड़ा समर्थन मिला जब डेरा बस्सी क्षेत्र के सरपंचों और पंचायतों ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की पहल पर ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद की उपस्थिति में इस मुहिम को हर प्रकार से सहयोग देने की घोषणा की। इस अवसर पर अपने संबोधन में ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए अब कड़े कदम उठाने का समय आ गया है। उन्होंने नशा बेचने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वे यह काम छोड़ दें या फिर पंजाब छोड़ दें। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलाकर, उनका इलाज कराकर और उन्हें पुनर्वासित कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के अवैध कब्जे वाली संपत्तियों को पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद गिराया जा रहा है ताकि ऐसे समाज विरोधी तत्वों को सख्त संदेश मिल सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में उद्योगों को बढ़ावा देकर बेरोजगारी को समाप्त किया जाएगा ताकि युवा रोजगार में लगें और नशों की ओर ध्यान न दें।

## हलका खन्ना शहरी ओर ग्रामीण ढांचे के विस्तार के लिए पांच पांच सदस्यी कमेटी गठित

### कैबिनेट मंत्री तरूणप्रीत सिंह सौंद ओर जिलाध्यक्ष एडवोकेट गुरदर्शन सिंह ने सौंपा नियुक्ति पत्र

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 20 मार्च।** कैबिनेट मंत्री हलका खन्ना विधायक एंव आम आदमी पार्टी के प्रदेश उप प्रधान तरूनप्रीत सिंह सौंद की ओर से हलका खन्ना शहरी और ग्रामीण ढाँचे के विस्तार को लेकर पाँच- पाँच सदस्यी कमेटी का गठन किया। जिसके तहत शहरी ढांचे के विस्तार के लिए हरीश गुप्ता, राजिंदर सिंह जीत, पार्षद जतिंदर पाठक, पार्षद परम प्रीत सिंह पोम्पी ओर अवतार सिंह मान को जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के ढांचे के विस्तार के लिए मार्किट कमेटी खन्ना के चेयरमैन जगतार सिंह गिल, मास्टर अवतार सिंह दहेडू, मनसा सिंह मलकपुर, जतिंदर जोत सिंह ज्योति ओर मलकीत सिंह मीता को शामिल किया गया है। इस मौके जिला प्रधान देहाती लुधियाना एडवोकेट गुरदर्शन सिंह कुल्ही भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री तरूनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि दोनों गठित कमेटियां शहरी ओर ग्रामीण ढांचे के विस्तार के साथ साथ शहरी ओर ग्रामीण इलाकावासियों को दरपेश आ रही समस्याओं के लिए अहम भूमिका निभायेंगे। मंत्री सौंद ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेशवासियों को बेहतर शासन देने के लिए वचनबद्द है जिसे लेकर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में दिन रात प्रदेश की उन्नति के लिए लगातार कडे फैसले लिये जा रहे हैं जो भविष्य में इसी प्रकार जारी रहेंगे।

## पंजाब पुलिस ने तेल और गैस क्षेत्र में राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**चंडीगढ़, 20 मार्च (अप्रस)।** पंजाब राज्य के लिए 5वीं ऑनशोर सुरक्षा समन्वय समिति (ओ एस एस सी) की बैठक गुरुवार को चंडीगढ़ के होटल हयात रीजेंसी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ए.डी.जी.पी.) सुरक्षा, एस.एस. श्रीवास्तव ने की, जो डी.जी.पी. पंजाब गौरव यादव की ओर से इसमें शामिल हुए। इस बैठक में पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा ए.डी.जी.पी. (आंतरिक सुरक्षा) शिवे कुमार वर्मा और ए.डी.जी.पी. (साइबर क्राइम) वी. नीरजा, गेल के ई.डी. (ओ एंड एम) आर.के. सिंह (जो ओ.एस.सी.सी. के चेयरमैन भी हैं), सुरक्षा सलाहकार (गेल) सौरभ तोर्लबिया, विभिन्न तेल और गैस कंपनियों, इंटेलिजेंस ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में हुई चर्चाओ के दौरान विभिन्न तेल और गैस कंपनियों जैसे गेल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आई ओ सी एल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एच पी सी एल), भारत पेट्रोलियम (बी पी सी एल), एचएमईएल, थिंक गैस, टोरंट गैस आदि के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

## हरजोत सिंह बैंस ने सरकारी स्कूलों में दाखिले बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय अभियान की शुरुआत की; 10 प्रतिशत दाखिला बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित



**चंडीगढ़, 20 मार्च (अप्रस)।** राज्य में दाखिला अभियान को और तेज करने के उद्देश्य से पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने आज सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, फेज-2, एसएएस नगर में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के दाखिले बढ़ाने संबंधी राज्य स्तरीय अभियान की शुरुआत की। बैनरों और लाउडस्पीकरों से सुसज्जित वैन को हरी झंडी दिखाने के बाद स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 23 वैनें पंजाब के सभी 228 शैक्षिक ब्लॉकों में भेजी जाएंगी। इससे सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के दाखिले बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने विभाग के प्री-प्राइमरी स्कूलों में 10 प्रतिशत दाखिला बढ़ाने के लक्ष्य पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष, राज्य के 13,100 प्री-प्राइमरी स्कूलों में 3.51 लाख से अधिक विद्यार्थी दाखिल हुए थे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह दाखिला अभियान स्कूल न जाने वाले बच्चों की पहचान करने, सरकारी स्कूलों में दाखिले को प्रोत्साहित करने और सभी के लिए शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# लंबित मामलों को बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र कार्यवाही करने के दिए निर्देश : उपायुक्त

**जिला सोलन के लिए 9109.28 करोड़ रुपए की वाषिक ऋण योजना का शुभारम्भ**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उपायुक्त सोलन आज यहां 177वीं जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने बैठक के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभावित लिंक्ड योजना पर आधारित जिला सोलन के लिए 9109.28 करोड़ रुपए की वार्षिक ऋण योजना 2025-26 का शुभारंभ किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों से सरकार की आमजन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने बैंकर्स का आह्वान किया कि वित्तीय जागरूकता शिविरों में विद्यार्थी ऋण योजनाओं विशेषकर यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें, ताकि गरीब वर्ग के बच्चों की इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने वित्तीय जागरूकता शिविरों में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति निगम के पास लंबित मामलों को बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि बैंकों के लिए जो भी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उन्हें आपसी समन्वय से प्राप्त करें। सभी अधिकारी व बैंकर्स मिलकर इसके लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ने की दिशा में कार्य करने को भी कहा। उन्होंने बैंकर्स से प्राथा क्षेत्र में बैंक खोलने का आग्रह भी किया ताकि नारायणी प्राथा क्षेत्र वासियों को घर द्वार पर बैंक की सुविधा प्राप्त हो सके।

बैठक में जिला के अग्रणी बैंक यूको बैंक की प्रबंधक तमन्ना मोदगिल ने अवगत करवाया कि जिला में 31 दिसम्बर, 2024 तक प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 02 लाख 22 हजार 149 खाते खोले गए हैं। इस अवधि तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 02 लाख 66 हजार 140 लाभार्थियों को जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 99 हजार 841 तथा अटल पेंशन योजना से 73 हजार 903 लाभार्थी जोड़े जा चुके हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सोलन जिला में 31 दिसंबर, 2024 तक शिशु श्रेणी के तहत 630 लाभार्थियों को लगभग 03 करोड़ 97 लाख रुपए, किशोर श्रेणी में 2797 लाभार्थियों को लगभग 47 करोड़ 84 लाख रुपये तथा तरूण श्रेणी के तहत 1106 लाभार्थियों को लगभग 74 करोड़ 32 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी राहुल जोशी ने रिजर्व बैंक की गाइडलाइन बारे बैंकर्स को अवगत करवाया तथा उनका आह्वान किया कि लोगों को डिजिटल फ्रॉड बारे जागरूक करें तथा लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने बैंकर्स को सरकारी योजनाओं से संबंधित सभी समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश शर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अशोक चौहान, यूको आरसेटी की निदेशक मीनू बारियां, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित बैंकों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## ऊना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**ऊना (अप्रस)।** ऊना जिला में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शहरी स्थानीय निकायों के लिए नगर निगम के आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला के सभी नगर परिषद व नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगर निगम के सफाई कर्मियों ने भाग लिया। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रय आयोजित करने का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों, अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के कानूनी प्रावधानों, पर्यावरणीय प्रभावों और व्यवहार परिवर्तन के महत्व पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मुहिम के तहत डोर-टू-डोर जाकर लोगों को सूखे और गीले कचरे के बेहतर निस्तारण को लेकर लगातार जागरूकत किया जा रहा है ।

## विमल नेगी की मौत पर सरकार का चर्चा से भागना हैरानी भरा: जयराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** विधानसभा में प्रश्न काल के पहले नियम 67 के तहत स्थगन प्रस्ताव लाकर विमल नेगी की मौत पर चर्चा मांगी गई। जिसे अस्वीकार करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन से वाकआउट किया। इस दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत पर सरकार चर्चा से भाग रही है। इसके साथ ही सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए निष्पक्ष जांच से भी भाग रही है। मुख्यमंत्री इशारे से कहते हैं उन्हें इस विषय पर कुछ नहीं कहना है। सरकार के मंत्री परिजनों पर दबाव डालकर प्रदर्शन खत्म करवाते हैं। देश की सबसे प्रतिष्ठित जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई के बारे में सत्ता पक्ष के मंत्री कह रहे हैं कि उससे जांच क्यों करवानी? इसके साथ ही सीबीआई की निष्ठा और प्रतिष्ठा पर सवाल उठा रहे हैं। विमल नेगी के परिजन और सहकर्मी इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। पॉवर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। और सरकार बड़े संवेदनहीन तरीके से कह रही है कि सीबीआई जांच क्यों करवानी है? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि परिजनों द्वारा शव को पावर कारपोरेशन के कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन किया गया। विधानसभा सत्र के बाद हम भी परिजनों से मिलने गए। परिजनों ने कई अधिकारियों पर नाम ले लेकर विमल नेगी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। गलत काम करवाने के लिए दबाव देने का आरोप लगाया। विमल नेगी के सहयोगी उन अधिकारियों पर सवाल उठा रहे हैं। परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई, पुलिस द्वारा जो एफआईआर दर्ज की गई उसमें बड़ी मुश्किल से एक अधिकारी का नाम डाला गया लेकिन दूसरे अधिकारी का नाम नहीं डाला गया। सरकार उस अधिकारी को बचा रही है। आखिर सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है जो एक अधिकारी को बचा रही है? इन सवालों के जवाब प्रदेश के लोगों को जानना चाहिए। विमल नेगी की मौत का क्या कारण है, उनकी मौत के जिम्मेदार कौन लोग हैं। यह तथ्य सामने आना जरूरी है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पहले दिन से ही परिवार की मांग का समर्थन करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्षता से जांच के लिए सीबीआई जांच की मांग कर रही थी।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विमल नेगी की मौत के मामले में चर्चा मांगे जाने के बाद भी चर्चा का अवसर नहीं मिला। सरकार ने भी इस चर्चा का विरोध करते हुए इसे आवश्यक नहीं बताया। आखिर सरकार क्या छुपाना चाह रही है जो इस चर्चा से भाग रही है? यह प्रदेश के एक कर्मठ अधिकारी की मौत का मामला है, जिसका सच बाहर आना चाहिए। इसके साथ ही साथ इस बात से भी पर्दा उठाना चाहिए कि जिन अधिकारियों का विभाग के छोटे से बड़ा हर कर्मचारी और अधिकारी विरोध कर रहा है उन अधिकारियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई करने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित क्यों कर रही है। ऐसे अधिकारियों को पांच पांच सीनियर को सुपरसीड करके प्रमोशन क्यों दिया जाता है? सरकार की इस कृपा के पीछे आखिर क्या कारण हैं। यह भी प्रदेश के लोगों को जानना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विमल नेगी के मामले में सरकार का रवैया उनके गायब होने वाले दिन से ही बहुत निराशाजनक रहा है। परिजनों के अनुसार विमल को खोजने के लिए पुलिस ने उतने गंभीर प्रयास नहीं किया जितने करने चाहिए। परिजनों को दो-दो बार मुख्यमंत्री के सामने जाकर मदद मांगनी पड़ी। पहले सरकार ने विमल नेगी की तलाश में कोताही बरती और अब उनके परिजनों की मांग को दरकिनार करके उनके साथ नाइंसाफी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और सदन से सड़क तक इस मुद्दे को उठाएगी।

## आई.आर.डी.ए. मोबाइल ऐप के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आज एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस (आई.आर.डी.ए.) मोबाइल ऐप के संदर्भ में परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य व सड़क विभाग के जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन सुरेन्द्र ठाकुर ने की। सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि आई.आर.ए.डी. मोबाइल ऐप का उद्देश्य जिला के प्रत्येक भाग से दुर्घटना डाटाबेस को एकत्रित कर लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इससे जहां लोगों को सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलेगी वहीं सड़क सुरक्षा पर बेहतर नीति निर्माण में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग सड़क दुर्घटना से सम्बन्धित जानकारी आई.आर.ए.डी. पर भरना सुनिश्चित करें ताकि सड़क सुरक्षा में सुधार किया जा सके। उन्होंने आपसी समन्वय से पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी एकत्रित करने का आग्रह किया। सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस परियोजना का लक्ष्य जिला में होने वाली दुर्घटनाओं का समुचित डाटाबेस एकत्रित कर सड़क सुरक्षा व अन्य साधनों में बेहतर सुधार लाना है।

## सड़क निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की राशि का प्रावधान जल्द : विवेक कुमार

अर्थ प्रकाश / अजय मल्होत्रा



शाहतलाई। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़ोली कलां के गांव बागडू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने विवेक कुमार के समक्ष मुख्य समस्या सड़क को पक्का करने की रखी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से उनकी सड़क कच्ची है। जिस कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि 15 लाख रुपए की राशि का प्रावधान सड़क को लेकर जल्द किया जाएगा। इसके लिए टेंडर भी अवॉर्ड कर दिए गए हैं। जल्द ही इस गांव की सड़क कच्ची से पक्की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शेष जो कार्य सड़क का बच जाएगा उसे भी जल्द ही करवा दिया जाएगा।

इसके अलावा ग्रामीणों ने बागडू गांव में चार फुट ब्रिज डालने के लिए भी विवेक कुमार का आभार जताया। इसके अलावा लोगों ने अन्य समस्याएं भी कांग्रेस नेता के समक्ष रखी। कांग्रेस नेता ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही लोगों की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। विवेक कुमार ने कहा कि नया बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए है। जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों होगा। उन्होंने कहा कि चाहे वो प्राकृतिक खेती करने पर 40 रुपए मक्की और 60 रुपए गेहूं खरीदने की बात हो या फिर 51 रुपए गाय का दूध और 61 रुपए भैंस के दूध खरीदने पर हो। इसका लाभ संबधित वर्ग को मिलेगा। उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट भी सराहनीय रहा है। इस मौके पर लोगों को सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान अधिशाषी अभियंता केके चौहान, शीनू देवी, अनु देवी, इन्दर सिंह, दिलीय राम, कृष्ण चंद, रणजीत, काका राम, विजय कुमार, श्याम लाल, विजय कुमार, कमल देव, श्याम कुमार, विक्की राम, लेख राम, अजय कुमार, सत्य देवी, अजु, जावेद, निखिल, राजकुमार, वीर दीन, गफूर मोहम्मद सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्त समाज के लिए व्यक्तिगत जागरूकता जरूरी: डी.एस. पी

**नेरचौक (गोविन्द ठाकुर)।** नाचन के ग्राम पंचायत सलवाहन में डीएसपी भारत भूषण की अध्यक्षता में ड्रग्स माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी सुंदर नगर द्वारा ग्रामीण महिलाओं और समाजिक संगठनों से चिट्टा इस्तेमाल करने वालों व इसमें संलिप्त को पकड़वाने के लिए आवाहन किया गया ।उन्होंने बताया कि चिट्टा एक भयंकर सामाजिक अभिशाप है जिस कारण हमारे कई घरों के चिराग बुझ गए है। पंचायत प्रधान पंकज चौधरी ने बैठक में सम्बोधित करते हुए नशा मुक्त अभियान में ग्रामीणों की सामाजिक भूमिका की बात कही। एस. एच. ओ धनोटू ने भी चिट्टा के दुष्प्रभावों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया । इस मौके पर पंचायत प्रधान पंकज चौधरी,प्रिंसिपल रमेश कुमार, महिला मंडल प्रधान ममता देवी, वेटरनरी डॉ0राकेश शर्मा, आईसीडीएस पर्यवेक्षक संदीप चौहान,पंचायत सचिव व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर सोलन में हुई संगोष्ठी



**सोलन (अप्रस)।** एक देश एक चुनाव ''वन नेशन वन इलैक्शन'' पर एक संगोष्ठी सोलन में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के नाते बोलते हुए डॉ. राजीव बिन्दल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि वन नेशन वन इलैक्शन आज देश की आवश्यकता बन गया है। आये दिन देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव होता रहता है और राज्यों में भी स्वायत संस्थाओं के चुनाव होते रहते हैं जिसके कारण देश की ताकत, ऊर्जा, समय और धन का भारी अपव्यय होता है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि भारत ने जब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को स्वीकार किया, अंगीकार किया, लागू किया उस समय पूरे देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। तीन चुनावों तक यही सिलसिला चलता रहा और लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। यहां तक कि पंचायतीराज व नगर निकायों के चुनाव भी इसके साथ ही होते थे। संगोष्ठी में बोलते हुए डॉ. बिन्दल ने कुछ मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया कि संविधान की शक्तियों का दुरूपयोग करने पर ही चुनावो के समय में परिवर्तन आया। कांग्रेस की केन्द्र सरकारों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हित साधन के लिए प्रदेश की सरकारों को उनकी निर्धारित समयावधि से पूर्व तोड़ दिया गया और राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इतना ही नहीं जब केन्द्र की कांग्रेस सरकार को यह लगा कि अब समय चुनावों के लिए उपयुक्त है, तो चुनाव करवा दिया गया और सत्ता में स्थापित हो गए। उन्होनें कहा कि धारा 356 का सर्वाधिक दुरूपयोग स्व0 प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री राजीव गांधी व कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने किया। परिणामस्वरूप पूरे देश का चुनावी ढांचा बदल गया और अब चुनाव अलग-अलग समय पर अलग-अलग स्थानों पर होते रहते हैं जो देश के लिए बहुत हानिकारक है। इस मौके पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने देश में लगाए गए आपातकाल की ओर प्रबुद्धजनों का ध्यान आकर्षित किया और प्रदेशवासियों को याद दिलाया कि 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लगाकर पूरे देश की शक्तियां श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने हाथ में लेकर देश में तानाशाही लागू कर दी, लोकतंत्र की हत्या कर दी, संविधान में बहुत बड़े-बड़े मौलिक परिवर्तन कर दिए। 5 साल में होने वाला लोकसभा चुनाव उसकी अवधि को 6 साल कर दिया।

## विश्व मौखिक दिवस आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से एम.आर.ए.डी.ए.वी. स्कूल सोलन में विश्व मौखिक दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी पुरी ने की। डॉ. शालिनी पुरी ने कहा कि हमे अपने शरीर के विभिन्न अंगों को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने मुंह यानी दांतों व मसू?ा का भी अच्छे से ध्यान रखना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को रात को सोने से पहले व सुबह खाने के बाद सीधे, नरम व छोटे ब्रिस्ल वाले टूथब्रश का प्रयोग करके दांत साफ करने चाहिए। उन्होंने कहा कि रंगीन टूथपेस्ट की अपेक्षा सफेद टूथपेस्ट का इस्तेमाल नित्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ब्रश करते समय एक व्यस्क को टूथपेस्ट की मात्रा मटर के दाने के बराबर लेनी चाहिए व छोटे बच्चे के लिए ब्रश करते समय एक चावल के दाने के बराबर पेस्ट का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने मुंह के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए धूम्रपान, गुटखा, तंबाकू, चॉकलेट, चिप्स एवं अन्य चिपचिपे खाद्य पदार्थों का उपयोग कम से कम करें तथा खाने के बाद कुर्ला जरूर करें। डॉ. शालिनी पुरी ने कहा कि स्नेक्स में फल, मेवा, काजू व बादाम इत्यादि का प्रयोग करें और जूस की जगह फल को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर एम.आर.ए.डी.ए.वी. स्कूल सोलन की प्रधानाचार्य मासूमा सिंघा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बीसीजी समन्वयक राधा चौहान उपस्थित थे।

## आपदा से बचाव के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि अचानक आई आपदा के नुकसान को न्यून से न्यून करने में प्रशिक्षित व्यक्तियों का अहम योगदान होता है। राहुल जैन आज यहां ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन द्वारा आयोजित पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स गठन सम्बन्धी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

राहुल जैन ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला सोलन में आपदा से होने वाले नुकसान को न्यून से न्यून करने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान बचाव के लिए शीघ्र सावधानियां बरतनी आवश्यक हैं। इसमें देरी जानो-माल के नुकसान को और बड़ा सकती है, इसलिए आपदा के समय बचाव की जानकारी रखना और त्वरित प्रतिक्रिया करना नितांत आवश्क है।

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्वयं सेवकों से आग्रह किया कि कार्यशाला में दी गई जानकारी को आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि आपदा के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाना आवश्यक है कि सभी ग्राम पंचायतों में आपातकालीन नम्बरों का प्रचार-प्रसार हो ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावितों तक समुचित सहायता पहुंचाई जा सके।

उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सात पंचायतों के लगभग 50 लोगों को प्रामण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

## पंजाब आम आदमी पार्टी ने भाजपा के दबाव में किसानों के की विरुद्ध कार्यवाई : कांग्रेस

**लक्की के नेतृत्व में चण्डीगढ़ कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है**

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ कांग्रेस ने कल चंडीगढ़ में किसान नेताओं से बातचीत करने की आड़ में उन्हें गिरफ्तार करने और शंभू और खनौरी बॉर्डर पर उनके शांतिपूर्ण धरने को जबरन उठाने की कड़ी आलोचना की है।

चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि पंजाब पुलिस की कल की निंदनीय कार्रवाई का मतलब है कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी किसानों के वैध और शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलने की कोशिश में भाजपा के साथ मिल गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को धरना स्थलों से जबरन हटाने से साफ पता चलता है कि केजरीवाल और भगवंत मान दोनों ने केंद्र सरकार के इस तर्क का समर्थन कर दिया है कि किसानों को अपनी जायज़ मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जाने का कोई अधिकार नहीं है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार खाद्यान्नों के आयात पर शुल्क कम करने के लिए अमरीकी सरकार के भारी दबाव में है। अब, उन्होंने देश में किसान विरोधी नीतियों को बढ़ावा देने के लिए भगवंत मान को भी अपने साथ मिला लिया है। मान सरकार द्वारा किसानों के आंदोलन को कुचलने का अचानक किया गया यह प्रयास आयात शुल्क में कमी लाने और दूसरे किसान विरोधी कानून बनाने का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से ही किया गया लगता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हो गया तो भारत का कृषि क्षेत्र नष्ट हो जाएगा और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा शुरू की गई हरित क्रांति के फलस्वरूप आई खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता गंभीर खतरे में पड़ जाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने घोषणा की कि अपने अध्यक्ष एच.एस. लक्की के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी किसानों की मांगों के साथ खड़ी है और वह किसान समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले मोदी सरकार के किसी भी कदम का विरोध करना जारी रखेगी।

## 21 मार्च को यूटी कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में होने वाले कर्मचारी सम्मेलन में की तैयारियां हुई पूरी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आज ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले अलग अलग विभागों में गेट मीटिंग्स की गई। जिस में मेंटिनेंस बूथ सैक्टर 35 लायब्रेरी सैक्टर 17 बागवानी स्टोर सैक्टर 52 में हुई। गेट मीटिंग को सबोधन करते हुए नेताओ ने कर्मचारियों को बताया के प्रशासन कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रहा है इस कारण कर्मचारियों में बहुत रोष है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक अश्वनी कुमार यूनियन के महा सचिव कमल कुमार प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह , अशोक कुमार ने वर्कर्स को अपील की सभी वर्कर्स 21 मार्च 2025 को सरकारी नर्सरी सैक्टर 23 के बाहर कर्मचारी सम्मेलन मे शामिल हो उस में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने की रूप रेखा तह की जाएगी। मांगे प्रशासन ओर एमसी के विभागों में सैकड़ों आऊट सोर्स वर्कर्स काम कर रहे हैं उनका शोषण रोकने के लिए सुरक्षित पॉलिसी बनाई जाए और उनको समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए, 15 फीसदी डीसी रेट बढ़ाया जाए, वेतन का भुगतान समय पर किया जाए,डेली वेज कर्मचारियों को छठे और सातवें वेतन आयोग का लाभ जल्द दिया जाए, खली पदों को जल्द भरा जाए, दिसंबर 1996 के बाद भर्ती हुए डेली वेज कर्मचारियों को प्रशासन द्वारा बनाई पॉलिसी में कवर कर रेगुलर किया जाए, पांच फीसदी सीलिंग खात्म कर मृतक के परिजनों को नौकरी दी जाए, सेवामुक्त कर्मचारियों को पैंशन और पैंशन लाभ जल्द दिए जाएं। अश्वनी कुमार ने बताया के कर्मचारी सम्मेलन में बी जी पी चंडीगढ़ के सीनियर नेता अरुण सूद जी कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करने के लिए शामिल होगे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की चंडीगढ़ कांग्रेस प्रभारी व राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल से शिष्टाचार की भेंट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आज चंडीगढ़ शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली में आज चंडीगढ़ कांग्रेस प्रभारी , अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव , राज्यसभा सांसद श्रीमती रजनी पाटिल जी से शिष्टाचार की भेंट करी और शहर में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा हुई। और बूथ लेवल पर काम करने के लिए मंथन किया गया ।आने वाले दिनों में चंडीगढ़ शहर के दौरे के बारे में भी बातचीत हुई।
इस अवसर पर पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा दुबे , चंडीगढ़ के पूर्व मेयर हर फूल सिंह कल्याण , महासचिव विनोद शर्मा, इंटक के अध्यक्ष नसीब जाखड़, जिला अध्यक्ष रवि ठाकुर, सचिव केशव राम पारचा और इंटक के प्रवक्ता और सह सचिव साहिल दुबे इस मुलाकात में मौजूद रहे ।

# मेहनत और सामर्थ्य के दम पर पंकज रामपाल बने जिला अध्यक्ष : कृष्णपाल गुर्जर

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए पंकज रामपाल का जिला अध्यक्ष निर्वाचित होना बड़े सम्मान एवं सौभाग्य की बात हैं। पंकज रामपाल ने हमेशा से एक कार्यकर्त्ता के रूप में पार्टी को आगे बड़ाने में अहम भूमिका अदा की है। इससे ज्यादा अच्छी बात कोई हो नहीं सकती कि पार्टी संगठन ने एक समर्पित कार्यकर्ता को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य पूंजी हैं और पार्टी के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्त्ता को पूरा मान सम्मान मिलता हैं और एक बूथ का कार्यकर्ता भी पार्टी संगठन में शीर्ष दायित्व पर जा सकता है । पंकज रामपाल पार्टी संगठन के एक कर्मठ और निष्ठवान कार्यकर्ता हैं और अपनी मेहनत और सामर्थ्य के दम पर भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष बने हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है पंकज रामपाल जिला अध्यक्ष के रूप में सबको साथ लेकर चलेंगे और अपनी सहजता और निष्ठ व सरलता से पार्टी संगठन को और मज़बूत करेंगे। पार्टी पंकज रामपाल के नेतृत्व में और अधिक बुलंदियों पर पहुंचेगी।

श्री गुर्जर ने कहा कि मुझ समेत पार्टी के सभी कार्यकर्त्ता पंकज रामपाल के नेतृत्व में पूर्ण निष्ठ और ईमानदारी के साथ संगठन के कार्यों का निर्वहन करेंगे और पार्टी संगठन को आगे बड़ाएंगे। उन्होंने पंकज रामपाल का मुंह मीठा कराकर नव दायित्व की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की । फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचकर उनके मुलाकात की और अपनी नियुक्ति पर उनका मुंह मीठा कराते हुए आभार जताया और आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा, दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार, मनीष गोसाई, प्रहलाद शर्मा उपस्थित रहे ।

जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर जताया है, मैं जिला अध्यक्ष के इस दायित्व को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाऊंगा। फरीदाबाद जिले में भाजपा की विचारधारा और संगठन को मजबूत करना मेरा पहला संकल्प है । भाजपा सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र निर्माण और विकास के लिए समर्पित है। श्री रामपाल ने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक ले जाने का काम तेजी से किया जाएगा और पार्टी संगठन को मजबूत करके मेहनती व कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे।

# जिले में नशा मुक्ति अभियान में पुलिस को मिले 1124 नशा पीड़ित, 991 को मिला इलाज

पुलिस कमिश्नर ने अभियान को सफल बनाने के लिए टीम को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** पंचकूला जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर पंचकूला राकेश कुमार आर्य द्वारा आरंभ किए गए नशा एवं हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत अब तक 1124 नशा पीड़ितों की पहचान करते हुए 991 को चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई जा रही है। पुलिस कमिश्नर पंचकूला राकेश कुमार आर्य ने मनसा देवी स्थित कार्यालय में इस अभियान को प्रभावी बनाने में तीन विशेष टीमों का नेतृत्व करने वाली महिला निरीक्षक राजेश कुमारी, सब-इंस्पेक्टर सतीश और एएसआई शिवानी को टीम के सदियों सहित प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया है। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने अभियान से जुड़ी चुनौतियों और आगे की रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में सम्मानित पुलिस टीम के साथ-साथ सिविल अस्पताल के डॉ. मनोज कुमार (एचओडी), डॉ. लीजा (मनोचिकित्सक), डॉ. प्रवीण कुमार (ड्रग इंस्पेक्टर) और काउंसलर अजीत कुमार सहित अन्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने पुलिस और चिकित्सकों के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया ताकि यह अभियान और अधिक प्रभावी हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी। पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की और कहा कि नशा मुक्त अभियान ही सशक्त समाज के निर्माण की नींव है। आइए, हम सब मिलकर इसे सफल बनाएं और एक उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। इस मुहिम के तहत गठित टीमों ने अब तक कुल 234 वार्ड, कॉलोनी, मोहल्लों और गांवों का दौरा किया, जिसमें पुलिस ने 7020 लोगों से मुलाकात कर नशे की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान 1124 नशा पीड़ितों की पहचान की गई, जिनमें से 991 लोगों को काउंसलिंग के बाद चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाई गई, जबकि 29 गंभीर रूप से प्रभावित नशा पीड़ितों को सेक्टर-6 स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया गया।

अभियान में शामिल महिला निरीक्षक राजेश कुमारी ने बताया कि तीनों टीमों ने पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार उन क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जहां नशे की समस्या अधिक थी। संबंधित थाना प्रभारियों और चिकित्सकों की मदद से साप्ताहिक और मासिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मौके पर ही नशा पीड़ितों की पहचान कर उन्हें सरकारी वाहनों से प्राथमिक उपचार केंद्र तक पहुंचाया जाता था और बाद में उनका फीडबैक भी लिया जाता था।

## ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर जारी

पंचकूला पुलिस की ओर से पीड़ितों या तस्करों से संबंधित कोई भी जानकारी या शिकायत देने के संबंध में ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर 7087081100 और 7087981048 जारी किया गया है, जिस पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा, नशा मुक्ति अभियान के समन्वय अधिकारी एएसआई रोशन के मोबाइल नंबर 9417740094 पर भी सूचना दी जा सकती है। पुलिस प्रशासन आश्वस्त करता है कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

# निकाय चुनाव मे जीत सीएम व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ली की नीतियों पर जनता की मोहर है : संदीप हुड्डा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोहतक।** किसान नेता संदीप हुड्डा ने कहा नगर निगम चुनाव में हरियाणा की जनता ने भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है नगर निगम चुनाव में मिली जीत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहनलाल बडौली के सुशासन और विकास की नीतियों पर जनता की मुहर है न आज भाजपा सरकार में हर वर्ग खुशहाल है। हरियाणा की 90 विधानसभा में एक समान रोजगार विकास के काम से प्रदेश की 36 बिरादरी खुश है। संदीप हुड्डा ने कहा हरियाणा प्रदेश की जनता विकास चाहती है और इन चुनावों से यह साबित हो गया है आगे भी विकास के नाम पर ही जनता वोट करेगी जो लोग जातिवाद का जहर घोलकर वोट माँग रहे थे उनको भी सबक सिखाने का काम किया है ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से तीन गुना गति से विकास कार्य होंगे तो सरकार की किसी भी योजना में कोई रुकावट आने वाली नहीं है। संदीप हुड्डा ने कहा हरियाणा भाजपा का संगठन मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में बहुत मजबूत है और सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का काम कर रहा है ताकि पर देश की जनता को इसका अब ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके है। संदीप हुड्डा ने कहा कि प्रदेश को एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिला है उसका सबसे ज्यादा फायदा देश और प्रदेश के युवा छोटे किसान मजदूर को मिल रहा है।

# विधायक निखिल मदान के विधानसभा में प्रश्न उठाने के एक सप्ताह के अंदर पूर्ण रूप से खुला दिल्ली कुंडली बॉर्डर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने वीरवार को प्रश्न काल में सोनीपत के सामान्य अस्पताल में चिकित्सको की कमी का मुद्दा उठाया और सरकार से सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पड़े सभी पद भरने की मांग रखी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत जिले के 10 लाख से भी अधिक लोग अपने इलाज के लिए सामान्य अस्पताल सोनीपत पर आश्रित है। लेकिन सोनीपत के सामान्य अस्पताल में जरुरी सुविधाओं की भारी कमी है। निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में पिछले 3 साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, जिसके कारण अस्पताल में रखी अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले 3 साल से बंद पड़ी है। इसके कारण गर्भवती महिलाओं और गरीब लोगों को तीन गुणा पैसे देकर प्राइवेट क्लिनिक से अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है ।

इसके साथ ही सिविल अस्पताल में जनरल सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट सहित डॉक्टर्स के विभिन्न पद खाली पड़े हैं। सोनीपत के सामान्य अस्पताल में जनरल सर्जन न होने के कारण छोटी से छोटी चोट लगने पर भी मरीज को सिविल अस्पताल सोनीपत से खानपुर पीजीआई रेफर किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि उनका सरकार से यही अनुरोध है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में खाली पड़े चिकित्सकों के सभी पदों को जल्द से जल्द भरा जाये, ताकि सोनीपत के लोगों को बेहतर इलाज समय पर मिल सके।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि सामान्य अस्पताल में कैथ लैब खोलने की मांग भी वर्षो पुरानी है, उनकी सरकार से यही मांग है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा दी जाए ताकि लोगों को सस्ते दरों पर सभी प्रकार के हृदय रोग संबंधी और अन्य मेडिकल टेस्ट करवाने की सुविधा प्राप्त हो सके।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत सिविल अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी की संख्या 2000 तक हो जाती हैं, इसके लिए ईएनटी सर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन हड्डियों के डॉक्टर की संख्या भी बढ़ने की ज़रूरत है ।

इसके साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में काम आने वाले जरूरी उपकरण, स्क्र मशीन न होने के कारण दिव्यागजनों को लंबी लंबी लाइन में लगना पड़ता है और जाँच के लिए पानीपत,रोहतक और खानपुर जाना पड़ता है । उनका माननीय मंत्री से अनुरोध है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में एएसएसआर मशीन उपलब्ध करवाई जाए।

# जिला में अवैध खनन रोकने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहा जिला प्रशासन : डीसी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद।** जिला में हरियाणा खनन विभाग के महानिदेशक श्री केएम. पांडुरंग के निर्देशानुसार अवैध खनन रोकने के लिए विशेष चैकिंग अभियान लगातार जारी है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रहे हैं। अवैध खनन को रोकने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है तथा किसी को अवैध खनन नहीं करने दिया जाएगा। प्रशासन जिला में अवैध खनन रोकने के लिए पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि आज एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद के साथ चांदपुर गांव, छांयसा और पाली क्रेशर जोन सहित यमुना नदी के आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। जांच अधिकारियों ने बताया कि जिला में किसी प्रकार का अवैध खनन नहीं हो रहा। उन्होंने बताया कि अवैध खनन रोकने सहित बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर सरकार की पैनी नजर है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### युवा चेतना क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**समालखा(मनदीप कुमार)।** शहर में नेशनल हाइवे स्थित गुरु रविदास सभा मे 23 मार्च शहीदी दिवस के उपलक्ष में शहीदों की याद में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन युवा चेतना क्लब समालखा के सौजन्य से किया गया। इस मौक पर मुख्य अतिथि डीएसपी नरेंद्र कादियान भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर गणमान्य मुख्यातिथि डीएसपी नरेंद्र कादियान सहित क्लब के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरू आदि शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। इसके उपरांत क्लब सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्म शाल से स्वागत किया। मुख्यातिथि कादियान ने रक्तदाताओं को ब्रॉन्ज लगाकर सम्मन पत्र से हौसला अफजाई करते हुए कहा कि 23 मार्च का दिन हिन्दुस्तान के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन है। क्योकि इसी दिन देश के तीन युवा सपूत शहीद भगत सिंह,राजगुरू और सुखदेव ने देश की खातिर हंसते फांसी के फन्दे पर झूल गए थे। उन्होनें कहा कि आज ही के दिन इस देश में आजादी के आंदोलन का सबसे बड़ा बलिदान हुआ था। उन्होनें कहा कि हमें शहीदों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों को पूरा करने के लिए अपना योगदान देना चाहिए। कैंप शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए लगाया गया था। जिसमे करीब 89 यूनिट रक्त एकत्रित किया

# ए फॉर एप्पल नहीं एडमिशन बोलिए : कालड़ा

**कहा- शिक्षित बच्चों के साथ ही विकसित भारत का सपना साकार होगा**

अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड



**बराडा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बराड़ा में चल रहे दो दिवसीय मेंटर क्षमता वर्धन कार्यक्रम में जिले के सभी 82 मेंटर्स को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने आज जिले के सभी सरकारी स्कूलों में नामांकन अभियान का श्रीगणेश किया। उन्होंने कहा कि अब ए फॉर एप्पल नहीं एडमिशन बोलना है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मद्देनजर रखते हुए अंग्रेजी वर्णमाला को एक नया रूप दिया। उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव के दौरान हमें अभिभावकों को समझाना है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के लिए सभी जरूरी मूल तत्व जैसे कि ए से एडमिशन, बी से बुक्स और बैग, सी से कॉपी और क्लासरूम, डी से ड्रेस, ई से एलिमेंट्री एजुकेशन, एफ से फूड ( मिड डे मील ) बिल्कुल निःशुल्क मिलते हैं। यही नहीं सरकारी स्कूलों में अब सुशिक्षित एवं प्रशिक्षित अध्यापक सुसज्जित कक्षा कक्षों और विभिन्न विभिन्न तरह की प्रयोगशालाओं में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड्स पर उच्च क्वॉलिटी की शिक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा से शिक्षित बच्चों के साथ ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों में ही दाखिल करवाएं। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय इस कार्यशाला में जिला अंबाला के सभी 82 मेंटर को विभिन्न दक्षताओं से परिचित करवाया जाएगा इसके साथ ही उनमें पहले से उपलब्ध क्षमताओं का विकास भी किया जाएगा ताकि वे अभिभावकों, अध्यापकों और विद्यालय प्रबंधन समितियों के सदस्यों को नामांकन अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकें। प्रशिक्षुओं को इस कार्यशाला में प्रस्तुतीकरण और समन्वय की समझ से भी अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह कार्यक्रम मेंटर्स में एक नया उत्साह, उमंग और जिज्ञासा उत्पन्न करेगा । कार्यक्रम के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी एबीआरसी और बीआरपी को अपनी आर्मी संबोधित करते हुए कहा कि अंबाला के सभी राजकीय विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा इसे बल देने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में सभी प्राइमरी स्कूलों में संपन्न की गई मेगा मॉनिटरिंग का परिणाम भी समस्त एबीआरसी और बीआरपी के साथ सांझा किया और सभी मेंटर्स और अध्यापकों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि जिला अंबाला के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में पठन पाठन की प्रक्रिया में बेहतरीन सुधार देखने को मिला है। आगे चलकर इन्हीं आंकड़ों के तहत अम्बाला को निपुण बनाने हेतु रणनीतियां तैयार की जाएगी और 31मार्च 2026 तक अंबाला को निपुण बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

### हरियाणा साहित्य अकादमी एवं संस्कृति अकादमी हरियाणा सरकार पंचकूला द्वारा युगों-युगों शीर्षक से हरियाणा

**कलायत(कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत के श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण में छात्राओं के साथ इतिहास विभाग की प्राध्यापिका शीला देवी, रीनू रानी व नवीन कुमार मौजूद रहे। शीला देवी ने बताया कि विश्वविद्यालय में हरियाणा साहित्य अकादमी एवं संस्कृति अकादमी हरियाणा सरकार पंचकूला द्वारा युगों-युगों शीर्षक से हरियाणा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 18 से 20 मार्च तक प्रदर्शनी में इतिहास विषय की बीए तृतीय वर्ष की 40 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में हड़प्पा सभ्यता से संबंधित हरियाणा में खुदाई में मिले प्रमुख स्थानों की जानकारी दी गई। इसमें कालक्रम से राजवंशों के बारे में विस्तार से दर्शाया गया था। प्रदर्शनी में हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका, नदियों, यातायात के साधनों, कृषि, बावड़ियों, सराय, मक़बरों व हरियाणा के प्रमुख पर्यटन स्थलों का चित्रण किया गया है। प्राध्यापकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन अतीत को वर्तमान से जोडने का सशक्त जरिया हैं। क्योंकि वर्तमान कभी अतीत से अलग होकर आगे नहीं बढ़ सकता।

# रोहतक में जोड़ी ने इतिहास रच दिया : कृष्ण बेदी



अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** प्रदेश के लोकप्रिय सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी ने चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका वह जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार का अभिनंदन किया और दोनों की खूब प्रशंसा की । उन्होंने अपने व्यक्तव्य में कहां की जिला अध्यक्ष व प्रभारी की जोड़ी ने रोहतक के इतिहास रचा है, रोहतक की जनता ने दलित मेयर बनाकर एक नई इबारत लिखी है । कांग्रेस के अधोपतन के पश्चात भाजपा ने एक सबसे निकले तबके का मेयर बना करके सामाजिक समरसता के व सबका साथ-सबका विश्वास के मूल मंत्र को प्रतिरूप किया है । रणवीर ढाका पिछली योजना में भी जिलाध्यक्ष रहें है,इनका स्वभाव है सबको साथ लेकर चलने का । मंत्री जी नद एक संस्मरण को शेयर करते हुए अपनी बात कही कि पिछली योजना में जिलाध्यक्ष थे तब इन्होंने मेरे समाज के व्यक्ति को महामंत्री चुना,जो कि समाज के सबसे निचले वर्ग से आता था । इस समाज को ऊपर उठाने में उनसे काम लेने में इनकी महती भूमिका रही है । मैं व्यक्तिगत रूप से भी इनका आभारी हूं । कि इन्होंने मेरे समाज का मान रखा है रणवीर ढाका स्नेही जिला अध्यक्ष हैं । साथ ही जिला प्रभारी सत्येंद्र परमार जी के रोहतक में ऐसे शुभ पैर पड़े है कि रोहतक की फिजा ही बदल गयी है । इन दोनों ने अपनी नीतियों में बड़ा व कड़ा फेरबदल कर रोहतक में कमल खिलाने का काम किया है । पिछले लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी को रोहतक में सफलता नहीं मिल पा रही थी लेकिन इस जोड़ी ने अपनी हिम्मत नहीं हारी और ने सिरे से लोगों को संगठन के साथ खड़ा किया और एक नया इतिहास रचने में कामयाब हुए ।

# रजिस्टरी होने के तुरंत करें इंतकाल, ताकि लोगों को न हो परेशानी : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोनीपत।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि रजिस्ट्री होने के तुरंत बाद इंतकाल करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके पास बार-बार इंतकाल को लेकर शिकायतें आती है इसलिए इंतकाल से संबंधित जो भी पेंडेंसी है उसे तुरंत दूर करें।बैठक में उन्होंने ऑनलाईन जमाबंदी को लेकर निर्देश दिए कि इसको लेकर एक शेड्यूल तैयार करें कि किस तिथि को जमाबंदी का पहला प्रिंट निकलेगा और किस दिन दूसरा व किस दिन फाईनल प्रिंट निकलेगा। इसके अलावा जो भी शेड्यूल बनाया जाए निर्धारित समय के अंदर वह कार्य पूरा होना चाहिए।

उन्होंने सोनीपत शहर के पटवारियों की कार्यशैली पर नाराजगी दिखाते हुए उन्हें सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी कार्यशैली में सुधार करें और उनके कार्यालय से कोई भी व्यक्ति निराश न लौटे। लोगों के कार्य प्राथमिकता व समयबद्धता के साथ पूरे किये जायें। किसी भी व्यक्ति को बार-बार कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

तकसीम से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आपकी कोर्ट में जो पूराने तकसीम से संबंधित केस चले हुए है उनका तुरंत निपटारा करें ताकि लोगों के जमीन से संबंधित बटवारे में हो रही परेशानी दूर हो सके। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार ऑनलाईन सूची तैयार करें कि उन्होंने प्रतिदिन तकसीम से संबंधित कितने केसों का निपटारा किया। इसके अलावा उन्होंने नक्शा-ख को लेकर सभी कानूगो को निर्देश दिए कि वे सभी पेंडिंग नक्शों को तुरंत तैयार करें ताकि लोगों के तकसीम से संबंधित केसों का निपटारा हो सके।

उपायुक्त ने 47-ए से संबंधित की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफसीआर के सख्त निर्देश है कि 47-ए के तहत जुर्माना राशि की वसूली समय सीमा में करें। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी से संबंधित जुर्माना राशि की वसूली करें। इसके पश्चात उन्होंने सरफ़ेसी एक्ट से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि किसी आम नागरिक के साथ गलत न हो और ना ही बैंक का पैसा मरे। इसके अलावा उन्होंने बैठक में पैरोल रिकवरी, रेवेन्यू कोर्ट के मामलों, स्टांप ड्यूटी कलैक्शन और रिकवरी की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सीडीओई ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर क्षेत्रीय विभाजनों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) ने वीरवार को क्षेत्रीय वास्तविकताएं एवं राष्ट्रीय आकांक्षाएं- विकास लक्ष्य, चुनौतियां एवं अवसर विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसका विशेष ध्यान उत्तर-पश्चिमी भारत पर था। इस दौरान प्रो. आर.एस. घुमन ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्रीय विभाजनों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देने और विषम समाज पर क्षेत्रवाद के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में संतुलित क्षेत्रीय विकास के महत्व पर जोर दिया।

वहीं यूनिवर्सिटी की अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. योजना रावत ने राष्ट्रीय विकास में एकता एवं अखंडता की भूमिका को रेखांकित किया, जबकि सुश्री भावना गुप्ता, आईएएस ने राष्ट्रवाद एवं क्षेत्रवाद के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रो. कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक पूर्ण सत्र आयोजित किया गया। डॉ. मनमोहन सिंह और प्रो. हरि नायडू ने पंजाब की राजनीतिक संरचना, विचारधारा की भूमिका और विविधतापूर्ण समाज में सद्भाव को बढ़ावा देने में पहचान पर अपने विचार साझा किए। दो ऑनलाइन और तीन ऑफलाइन 80 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सेमिनार में पांच तकनीकी सत्र आयोजित किए गए- दो ऑनलाइन और तीन ऑफलाइन-जहां लगभग 80 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। चर्चाओं में विकास लक्ष्यों, एनईपी 2020, महिलाओं के हाशिए पर होने और अनुच्छेद 370 सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। समारोह के समापन सत्र के दौरान, प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने मातृभाषाओं के महत्व और गोत्रों की अंतर्संबंध पर विचार-विमर्श किया। प्रो. संजय कौशिक और प्रो. डी.के. मदान ने भी विषय पर अपने विचार साझा किए। प्रो. हर्ष गंधार ने सभी प्रतिभागियों और प्रस्तुतकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। डॉ. रविंदर कौर ने सेमिनार की संयोजक के रूप में कार्य किया। प्रोफेसर इमैनुएल नाहर, प्रोफेसर मधुरिमा वर्मा, प्रोफेसर शीना पाल और डॉ. कमला सेमिनार की सह-संयोजक थीं। प्रो. हर्ष गांधार इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक थे।




### भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आंकड़ों के साथ बीजेपी को दिखाया आईना, कहा-

# इस सरकार ने प्रदेश पर चढ़ाया 5,16,007 करोड़ का कर्जा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 20 मार्च।** विकास पर फुल स्टॉप और कर्जा, क्राइम, करप्शन नॉन स्टॉप। यही बीजेपी सरकार की पहचान बन गई है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीजेपी ने प्रदेश पर 5,16,007 करोड़ का कर्जा चढ़ा दिया है। 1966 से लेकर 2014-15 तक प्रदेश पर मात्र 70,000 करोड रुपए का आंतरिक कर्ज था, जो आज 3,52,819 आंतरिक कर्ज, 48,000 स्माल सेविंग, 68,995 करोड़ पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज और 46193 करोड़ की अन्य लायबिलिटी, पेंडिंग बिल इत्यादि मिलाकर 5,16,007 करोड़ रुपए हो चुका है।

हुड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा बजट में 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी का दावा किया गया है, जोकि पूरी तरह गलत है। क्योंकि इस बार सरकार ने 2,05,017 करोड रुपए का बजट पेश किया गया है और पिछली बार 1,89,876 करोड रुपए का पेश किया। जबकि प्रदेश में महंगाई दर 4.8 प्रतिशत है। यानी बजट में कुल बढ़ोतरी मात्रा 3.5त्न हुई है नाकि 7.9 प्रतिशत।

सरकार द्वारा दावा किया गया है कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 3,53,182 हो गई है। जबकि परिवार पहचान पत्र के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में 70% से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। यानी पारिवारिक आय 1,80,000 रुपए से कम है।

बीजेपी ने प्रदेश की आर्थिक हालत इस कद्र खस्ताहाल कर दी है कि सरकार के पास पूंजीगत व्यय के लिए बजट ही नहीं है। क्योंकि सरकार ने कुल आया 1,27,817 करोड रुपए दिखाई है। इसमें से 1,09,700 करोड रुपए सैलरी, पेंशन और कर्ज व उसके ब्याज के भुगतान में चली जाती है। यानी 85.8 प्रतिशत राशि इसी में खर्च हो जाती है। सरकार ने राजस्व व्यय 1,48,416 करोड़ दिखाया है। यानी प्रदेश के पास इतनी आय नहीं है कि वह अपने खर्च भी वहन कर सके। किसी भी खर्च के लिए सरकार कर्ज के ऊपर आश्रित है। इसलिए सरकार आंतरिक श्रृण में 71,350 करोड रुपए की और बढ़ोतरी करने जा रही है। यानी जितना कर्ज 1966 से लेकर 2014 तक तमाम सरकारों ने मिलकर लिया था, उतना कर्ज बीजेपी मात्र एक साल के भीतर लेने जा रही है।

लेकिन इससे भी चिंताजनक तथ्य ये है कि पहले के लोन की अदायगी (मूलधन- रुपये 35,788 करोड़ व ब्याज- 26,531 करोड़) पर ही कुल 61,230 करोड रुपए खर्च हो रहे हैं। यानी कर्ज लेने के बाद भी सरकार के हाथ में मुश्किल से 10,212 करोड रुपए ही बचेंगे।बजट अनुसार कुल बजट का 8त्न ही कैपिटल एक्सपेंडिचर है। इतनी राशि से सरकार की एक भी बड़ी योजना सिरे नहीं चढ़ सकती।

उदाहरण के लिए बीजेपी ने प्रत्येक महिला को रुपये 2100 महीना देने का वादा किया है। आज प्रदेश में लगभग एक करोड़ महिला वोटर हैं। उनको हर महीने रुपये 2100 देने के लिए सरकार को लगभग 2100 करोड़ के बजट की आवश्यकता है और पूरे साल के लिए लगभग 25000 करोड़ के बजट की जरूरत पड़ेगी। लेकिन सरकार ने इस बजट में मात्र 5000 करोड़ इस योजना के लिए प्रस्तावित किए हैं। यह समझ से परे है कि सरकार मात्र 5000 करोड़ के बजट में 1 साल तक 1 करोड़ महिलाओं को हर महीने रुपये 2100 कैसे देगी?

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी अर्थव्यवस्था के किसी भी मानक पर कांग्रेस के मुकाबले कहीं भी नहीं ठहरती। क्योंकि 2005-06 से लेकर 2014-15 तक हरियाणा की सकल घरेलू उत्पाद में 17.6% सालाना की बढ़ोतरी हुई। जबकि 2014-15 से लेकर 2024-25 के बीच में मात्र 10.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अगर कर्ज की बात की जाए तो 2005-06 से 2014-15 के बीच में 13.01त्न सालाना की बढ़ोतरी हुई। जबकि 2014-15 से 2024-25 के बीच में 18.01% की बढ़ोतरी हुई। जीएसपी और कर्ज के अनुपात को देखा जाए तो 200506 में यह 24.1त्न था, जिसे कांग्रेस सरकार ने घटकर 2014-15 तक 14.6% किया। लेकिन इसे भाजपा ने वापस 2025-26 तक बढ़कर 26.3 प्रतिशत कर दिया।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा 24 फसलों पर एमएसपी देने के दावे की पोल एक बार फिर खुल गई है। क्योंकि सरकार किसानों को सरसों का एमएसपी नहीं दे रही है। हमारे पास एक किसान की सरसों खरीद की रसीद है। सरसों की एमएसपी 5960 है, लेकिन मंडी में खरीद 5400 में की जा रही है यानी किसानों को ?500 प्रति क्विंटल का घाटा हो रहा है। पिछली बार धान की खरीद भी एमएसपी से कम रेट पर की गई और इस बार सरसों की खरीद में भी किसानों को लूटने का खेल शुरू हो गया है।

बीजेपी ने चुनाव से पहले किसानों को धान और गेहूं जैसी फसलों पर एमएसपी से भी ज्यादा रेट देने का वादा किया था। धान की फसल पर बीजेपी ने रुपये 3100 रेट का वादा किया था। ना बीजेपी ने सरकार बनने के बाद यह वादा निभाया और ना ही इस बार के बजट में ऐसा कोई प्रावधान रखा। खुद सरकार द्वारा पेश किए आर्थिक सर्वेक्षण में दिए गए आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार ने किसी भी फसल की खरीद एमएसपी पर नहीं की है। सरकार ने मात्र 61% सरसों, 55% गेहूं, 25% मूंग, 18% जो, 9% कपास, सिर्फ 29 और 23% बाजरा व मक्की की एमएसपी पर खरीद की है।

### एसडीएम ने जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की बैठक

# प्रशासन ने नशे को लेकर पुलिस विभाग से हर हफ्ते मांगी रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 20 मार्च।** जिले में नशे को लेकर प्रशासन की ओर से पुलिस विभाग से हर हफ्ते की रिपोर्ट देने को कहा है। ताकि नशीले पदार्थों के प्रति गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जा सके और युवाओं के साथ साथ स्कूली बच्चों को नशे से बचाने के लिए कारगर कदम उठाए जा सकें। वीरवार को एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने लघु सचिवालय के सभागार में नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिये जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। एसडीएम ने नशे के विरूद्ध शैक्षणिक संस्थानों, खेल विभाग को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा सके। उपायुक्त ने पुलिस को ड्रग्स बेचने वालों पर ज्यादा से ज्यादा छापेमारी कर शिंकजा कसने के निर्देश दिए। एसडीएम ने जिले में ड्रग्स का सेवन रोकने के सुझाव मांगे और एंटी ड्रग्स कमेटी प्रत्येक शिक्षण संस्थान में बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों के मुखिया से ड्रग्स बेचने व लेने की कोई भी शिकायत सीधे तौर पर मुझे दें या फिर पुलिस उपायुक्त को मिलकर दे ताकि ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई अमल में लाई जा सके। उन्होने सभी को अपने अपने शिक्षण संस्थानों में ड्रग्स के दुष्प्रभाव में बारे में जागरूकता शिविर व नुक्कड नाटक या सेमिनार के माध्यम से और हेल्प लाईन नंबर को स्कूल व कालेज में चस्पा करने व विद्यार्थियों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस विभाग द्वारा शुरू किए गए टोलफ्री नंबर 7087081100 पर मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और मादक पदार्थों को जब्त करने के साथ-साथ इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगों को पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इसकी रिपोर्ट हर सप्ताह प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस द्वारा जिला में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री की संभावना है।

एसडीएम ने एसीपी पंचकूला अजीत सिंह को स्कूल व कॉलेज के

अतिक्रमण



***चंडीगढ़।*** *नगर निगम ने अवैध कब्जे हटाने के लिए चलाई मुहिम के तहत सेक्टर-20 मठ मंदिर के नजदीक से अवैध रेहड़ी फड़ी हटवाई।* *फोटो: अजय चौधरी*

# कृष्ण मित्तल तीसरी बार बने नई अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 20 मार्च।** नई अनाज मंडी एसोसिएशन के चुनाव में कृष्ण मित्तल तीसरी बार जीत दर्ज कर एसोसिएशन के प्रधान बने। मित्तल ने अपने प्रतिद्वंद्वी कृष्ण गोयल को 199 वोटों से हराया। इस चुनाव में प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला था। मंडी में कुल 525 मत हैं, इसमें से 523 वोट पोल हुए। 523 वोट में से कृष्ण मित्तल को 361 व कृष्ण गोयल को 162 मत मिले। इस प्रकार कृष्ण मित्तल ने 199 वोट के भारी अंतर से जीत दर्ज की। मतदान प्रक्रिया सुबह नौ बजे शुरू हुई जो दोपहर दो बजे तक रहा जारी रही। इसके बाद तुरंत परिणाम आया। नई अनाज मंडी में बने मार्केट कमेटी कार्यालय में वोट डाले गए। कृष्ण मित्तल चार बार नई मंडी एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें से वे तीन बार प्रधान बने हैं। इससे पहले कृष्ण मित्तल वर्ष 2019 से 2020, 2020 से 2021 में प्रधान बन चुके हैं जबकि 2021-2022 के कार्यकाल का चुनाव हार गए थे। जीत के बाद नव निर्वाचित प्रधान कृष्ण मित्तल का कहना है कि अब वे मंडी के आढ़तियों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। इस समय अनाज मंडी में आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू करवाने, मंडी में बिजली पानी और सफाई और सीवरेज व्यवस्था बदहाली की समस्याएं हैं। इन सभी समस्याओं प्रमुखता से दूर करवाया जाएगा। चुनाव अधिकारी राजेंद्र खुराना ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है।

### चेयरपर्सन हेमलता का सैनी समाज ने किया भव्य स्वागत, चेयरपर्सन बोलीं-

# समाज की पगड़ी को हमेशा रखूगी ऊंचा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 20 मार्च।** नगर पालिका सीवन की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन हेमलता सैनी का चंदाना गेट स्थित सामुदायिक केन्द्र में सैनी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, वरिष्ठ नागरिक, युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं। समारोह में हेमलता सैनी के नेतृत्व और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई। समारोह की शुरुआत समाज के बुजुर्गों द्वारा हेमलता सैनी को पगड़ी पहनाकर और फूल-मालाओं से स्वागत करने के साथ हुई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने हेमलता को समाज की बेटी बताते हुए कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है, जिसने नगर पालिका सीवन का नेतृत्व संभालकर समाज का मान बढ़ाया है। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन हेमलता सैनी ने कहा कि मैं समाज की पगड़ी को ऊंचा करने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करूंगी। मेरा उद्देश्य सभी वर्गों के विकास के साथ-साथ समाज की प्रतिष्ठा को और आगे ले जाना है। मुझे आप सभी का जो प्यार और आशीर्वाद मिला है, वह मेरे लिए प्रेरणा का काम करेगा। चेयरपर्सन हेमलता ने कहा कि नगर पालिका के विकास कार्यों में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और हर व्यक्ति की आवाज को सुना जाएगा। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, शिक्षा और स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। हेमलता का सम्मान करने वाली महिलाओं में अनिता सैनी, कांता सैनी, शीला सैनी, रजनी सैनी, दर्शना, किरण सैनी ने कहा कि यह समाज के लिए फर्क की बात है कि उन्होंने चुनाव जीतकर समाज का मान बढ़ाया है। इस मौके पर राजेश सैनी, सुरेन्द्र सैनी, अजय सैनी, डा. मोहित सैनी, डा. रोबिन, सोनू, रामपाल, गौरव सैनी, जंगशेर सैनी आदि भी उपस्थित थे।




### शंभू बैरियर को खोलने के दृष्टिगत उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

# बैरीगेट हटवाने के तहत की कार्यवाही, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला, 20 मार्च।** अमृतसर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग अम्बाला स्थित शंभू बैरियर को खोलने के दृष्टिगत वीरवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने संबधित अधिकारियों के साथ शुंभू बैरियर का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने यहां पर एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग द्वारा बैरीगेट हटवाने के तहत जो कार्यवाही की जा रही थी उसका भी जायजा लिया और इस कार्य के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शंभू बैरियर का जायजा लेते हुए लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई विभाग से संबधित मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली कि यहां पर कंकरीट/बैरीगेट हटाने के लिए कितनी मशीनरी उपलब्ध है तथा यह कार्य कब पूर्ण किया जा सकता है उसकी जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि कंकरीट/बैरीगेट हटाते हुए इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि ब्रिज को कोई हानि ना हो। उन्होंने मौके पर उपस्थित ब्रिज कांन्सेनटल व सेफ्टी के तहत उपस्थित अधिकारियों से भी बातचीत करते हुए ब्रिज पर बैरीगेट हटाने को लेकर जो कार्रवाही की जा रही उसकी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस पूरे कार्य के तहत लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण व एनएचएआई के अधिकारियों को मौके पर रहते हुए इन कार्यों को करवाने के निर्देश दिए।

एनएचएआई से आए अधिकारी पुलकित कटारिया ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के संयुक्त प्रयासों से यहां पर कंकरीट/बैरीगेट को हटाने का कार्य कल रात से किया जा रहा हैं। यहां पर इस कार्य को जेसीबी, हाईड्रा, ब्रेकर, पोकलेंन, ट्रक-टिप्पर इत्यादि मशीनों से किया जा रहा है तथा इस कार्य को तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में तेजी से किया जा रहा है। कंकरीट/बैरीगेट हटाने के तहत ब्रिज पर ब्रिज कास्टेंल व सेफ्टी का भी ध्यान भी रखा जा रहा है, ताकि किसी प्रकार से ब्रिज को कोई क्षति न पहुंचे। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य के तहत जो भी लेन खोली जाएगी, यानि सड़क पर पार्टिशन करते हुए सैफ्टी कोन भी लगाए जाए, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सकें।

उपायुक्त ने इस मौके पर यह भी बताया कि सम्बधिंत टीमें बेहतर तरीके से कंकरीट बैरीगेट को हटाने का कार्य कर रही है। सम्बधिंत टीमों ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द ही एक लेन को यातायात के लिए सुचारू रूप से खोल दिया जाएगा और दूसरी लेन को जल्द ही खोल दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने भी बताया कि यातायात सुचारू रूप से चले इसके लिए यहां पर पुलिस की मौजूदगी में बैरीगेट हटाने का कार्य किया जा रहा हैं। जल्द ही बैरीगेट को हटाते हुए यातायात को सुचारू कर कर दिया जाएगा।

यहां बता दें कि पंजाब सरकार एवं प्रशासन की तरफ से रास्ता खुलवाने के बाद अब शम्भू बैरियर पर भी रास्ता खोलने को लेकर कार्रवाई की जा रही हैं।

तुम जियो हजारों साल



संजीव चड्ढा को उनके जन्मदिन पर अजय चौधरी परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)